फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 175 प्रभात जयपुर, सोमवार 24 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



ARBiT TODAY


Dai Ma Delivers

We waited with bated breaths till the cry of the newborn was heard and Dai Ma announced the happy outcome.

Appearance, Aroma and Mouthfeel



Trendy Shrug Styling



*ब्रिटिश कोलम्बिया में चल रही शीतलहर से एना'ज़ हमिंग बर्ड (हमिंग बर्ड की एक प्रजाति) प्रभावित हुई है। वाइल्डलाइफ रैस्क्यु एसोसिएशन नाम के एक संगठन को बर्नबरी में एक ही दिन में 15 ऐसे पक्षी मिले जो या तो ज़ख्मी थे या जम गए थे। एना'ज़ हमिंग बर्ड ब्रिटिश कोलम्बिया (बी.सी.) में मिलने वाली 5 हमिंग बर्ड प्रजातियों में एक है, और एक मात्र ऐसी प्रजाति है जो सर्दी में माइग्रेट नहीं करती। एसोसिएशन की जैकी मैक्विलन ने बताया कि उनके संस्थान में बार-बार फोन आ रहे हैं, लोग पूछ रहे हैं कि ठंड से आहत हमिंग बर्ड्स को बचाने के लिए वो क्या करें। जैकी ने बताया कि ''जबसे तापमान कम हुआ है तब से इन नन्हीं चिड़ियों में कई प्रकार के ज़ख्म नज़र आ रहे हैं, जैसे कोई पक्षी पूरा जम गया है, किसी की जीभ बर्ड फीडर में जम गई तो किसी के पैर या पंख। इनका रक्त शर्करा स्तर बहुत कम हो गया है और ये बहुत अधिक कमज़ोर हो गए हैं। मैक्विलन ने कहा कि, जिन पक्षियों की चोटें गंभीर नहीं हैं उनका पुनर्वास किया जा सकता है। लेकिन कुछ पक्षी, जो मरणासन्न लग रहे थे वे असल में ठीक हैं, क्योंकि वो प्राकृतिक तंद्रा (टॉर्पर) की अवस्था में चले गए थे इससे उन्हें फ्रीज़िंग तापमान में सरवाइव करने में मदद मिलती है। मैक्विलन ने कहा, ''यह एक प्रकार की सैमी हाइबरनेशन (आंशिक शीत निष्क्रियता) की स्थिति है, जिसमें ये पक्षी ऊर्जा की बचत करने के लिए अपने उपापचय (मैटाबॉलिज़्म) को बहुत धीमा कर लेते हैं। इसलिए कई बार ये ठंड में एकदम सुप्त अवस्था में मिलते हैं।'' हमिंग बर्ड विशेषज्ञ, एलिसन मोरान ने सलाह दी है कि, ''अगर किसी को निर्जीव अवस्था में हमिंग बर्ड मिले तो उसे मृत नहीं मान लेना चाहिए। उसे एक ढके हुए बॉक्स में रखकर गर्माहट देनी चाहिए। एना'ज़ हमिंग बर्ड का प्रजनन काल भी जनवरी में शुरु होता है इसलिए ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है।''*

# प्र.मंत्री मोदी ने इण्डिया गेट पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया

## प्रधानमंत्री ने कहा, महान हस्तियों को नजरअंदाज करने व इतिहास सीमित करने की गलतियां सुधार रहा है देश

नई दिल्ली, 23 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रविवार को कहा कि हर भारतीय को देश के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर गर्व है। मोदी ने लोगों को पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। सरकार ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। हर भारतीय को देश के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने शाम को इंडिया गेट पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण भी किया। यह 28 फीट ऊंची और छह फीट चौड़ी है। बाद में इसके स्थान पर ग्रेनाइट की बनी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, देश महान हस्तियों को नजरअंदाज करने व इतिहास सीमित करने की गलतियां सुधार रहा है। एक अलंकरण समारोह में प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019,

- प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की।
- यह प्रतिमा 28 फीट ऊंची और छह फीट चौड़ी है। बाद में इसके स्थान पर ग्रेनाइट की बनी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

2020, 2021 और 2022 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार भी प्रदान किए। वर्ष 2022 के लिए यह पुरस्कार संस्थागत श्रेणी में गुजरात आपदा प्रबंधन संस्थान (जी.आई.डी.एम.) को और व्यक्तिगत श्रेणी में सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा को प्रदान किया गया है। केंद्र सरकार ने देश में व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने और निःस्वार्थ सेवा करने वालों को सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत की थी। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इसके तहत संस्था को 51 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र, जबकि चयनित व्यक्ति को पांच लाख रुपये और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष के पुरस्कार के लिए एक जुलाई, 2021 से नामांकन मांगे गए थे और संस्थानों व व्यक्तियों से कुल 243 वैध नामांकन प्राप्त हुए थे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि नेताजी की 125वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा लगाने का निर्णय मोदी ने लिया है। ये प्रतिमा देश की आने वाली पीढ़ियों को पराक्रम, देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देगी।

# 'उत्तराखण्ड में चार महिलाओं को भी टिकट देने की हिम्मत नहीं जुटा पाई कांग्रेस'

## भाजपा ने कहा कि, ''लड़की हूं, लड़ सकती हूं'', कांग्रेस का दावा उत्तराखण्ड पहुंचते ही हवा हवाई हो गया है

देहरादून, 23 जनवरी (वार्ता)। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जारी प्रत्याशियों की सूची पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए कहा कि 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने का फर्जी दावा करने वाली कांग्रेस, राज्य में चार महिला उम्मीदवार को टिकट देने की हिम्मत नहीं जुटा पायी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने रविवार को पार्टी की ओर से आधिकारिक बयान जारी करते हुए आरोप लगाया कि कॉंग्रेस का

- उत्तराखण्ड के भाजपा नेता सुरेश जोशी ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि, कल तक कांग्रेस महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का दावा कर, प्रदेश की जनता को बरगला रही थी।
- उन्होंने कहा कि, लेकिन उनकी हकीकत अब सामने आ गयी है जब 53 उम्मीदवारों की सूची में मात्र तीन महिलाओं को टिकट मिला है।

'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' का दावा उत्तराखंड पहुंचते ही हवा हवाई हो गया है। अब तो लगता है, उन्हे हारने का अंदेशा भी हो गया है तभी उनके वरिष्ठ नेता हरीश रावत तो पार्टी की देश में खराब फार्म होने का दावा कर अभी से चुनाव हारने के कारण तलाशने लगे हैं।

जोशी ने कॉंग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कल तक कॉंग्रेस महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का दावा कर, प्रदेश की जनता को बरगला रही थी, लेकिन उनकी हकीकत तब सामने आ गयी जब 53 उम्मीदवारों की सूची में मात्र तीन महिलाओं को स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस की प्राथमिकता में कभी भी प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार देना नहीं रहा।

वहीं अब तो कल तक 'उत्तराखंड हरदा संग' का दावा करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को भी कांग्रेस की हार का अंदाज़ा हो गया है, तभी वह अभी से हार के कारण तलाशने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम उनका देश में कांग्रेस पार्टी के फार्म में नहीं होने की स्वीकारोक्ति तो यही बयां करती है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को पूर्ण भरोसा है कि हरदा के यही मन की बात, उत्तराखंड के जन-जन की बात होगी और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार की वापिस आने वाली है।

गौरतलब है कि, कांग्रेस महासचिव प्रियका गांधी कई बार इस यह नजरिया दर्शाकर कांग्रेस को दूसरी पार्टियों से अलग खड़ा करने का प्रयास कर चुकी हैं कि कांग्रेस में महिलाओं को टिकट के मामले में भी बराबरी का स्थान दिया जाता है। उन्होंने यू.पी में 40 प्रतिशत महिलाओं उम्मीदवारों को टिकट देने की घोषणा की थी। लेकिन मणिपुर और उत्तराखण्ड में कांग्रेस ने बहुत कम या यूं कहे कि नाम मात्र के टिकट महिलाओं को दिये हैं। गौरतलब है कि, गत शनिवार को मणिपुर में कांग्रेस ने 40 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये हैं लेकिन सिर्फ एक महिला को टिकट दिया है।

# 'चुनाव के बाद पार्टी नहीं छोड़ने की शपथ'

पणजी, 23 जनवरी (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी की गोवा ईकाई ने कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवारों को विधायक निर्वाचित होने के बाद पार्टी नहीं छोड़ने को लेकर ईश्वर की शपथ दिलाने के लिए उस पर निशाना साधा है।

- गोवा में चुनाव बाद विधायकों द्वारा पार्टी छोड़ने से आशंकित कांग्रेस ने अपने विधायकों को शपथ दिलाई।

गोवा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सदानंद शेत तनवड़े ने कहा, यह गलत है। यह साबित करता है कि कांग्रेस को अपने उम्मीदवारों पर भरोसा नहीं है। इससे यह भी साबित होता है कि भाजपा राज्य में सत्ता में फिर आयेगी।

कांग्रेस नेताओं को पता है कि वे हारेंगे इसलिए उन्होंने ऐसा किया है। उन्होंने सवाल किया कि लोग उन उम्मीदवारों पर कैसे भरोसा करेंगे जिन पर कांग्रेस का ही भरोसा नहीं है।

तनवड़े ने दावा किया कि उन्हें पार्टी द्वारा घोषित 34 उम्मीदवारों पर पूरा भरोसा है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी के 36 उम्मीदवारों ने शनिवार को राज्य के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर शपथ लेते हुए कहा कि वे दलबदल नहीं करेंगे और गोवा के हित में एकजुट होकर काम करेंगे।

# प्रदेश में रविवार को भी नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और कमी आई

## राज्य में रविवार को 14,112 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 14,829 मरीज पाए गए थे

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 23 जनवरी। प्रदेश में रविवार को भी करोना संक्रमण के मामलों थोड़ी और कमी आई है। इस दौरान राज्य में 14 हजार 112 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 9884 लोग रिकवर हुए हैं। हालाकि इस बीच करोना से 19 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में रविवार को 717 और मामले कम आने के साथ ही 14 हजार 112 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 14 हजार 829 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में कुछ और कमी आई है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 3666 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 1177, अलवर में 820, भरतपुर में 741, चित्तौड़गढ़ में 669, कोटा में 520, पाली में 486, सीकर में 484, अजमेर में 481, उदयपुर में 453, भीलवाड़ा में 425, डूंगरपुर में 378, हनुमानगढ़ में 367, गंगानगर में 297, बाड़मेर में 283, प्रतापगढ़ में 279, बीकानेर में 262, राजसमंद में 235, सवाई माधोपुर में 215, नागौर में 212, झालावाड़ में 194, बांसवाड़ा में 185, टोंक में 179, झुंझुनूं में 171, चूरू में 158, बारां में 126, जैसलमेर में 115, दौसा में 113, सिरोही में 111, धौलपुर व करौली में 108-108, बूंदी में 64 और जालौर में 30 नए संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में अब तक 11 लाख 29 हजार 902 संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 10 लाख 27 हजार 365 लोग रिकवर हो चुके हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 9884 मरीज

- पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में भी थोड़ी कमी के बाद 3666 नए संक्रमित पाए गए हैं।
- जोधपुर में 1177, अलवर में 820, भरतपुर में 741, चित्तौड़गढ़ में 669 और कोटा में 520 नए रोगी मिले हैं।
- प्रदेश में रविवार को करोना से 19 और लोगों की मौत हो गई है।

ठीक हुए हैं। हालाकि इससे पहले गत तीन-चार दिन से 10 से हजार से अधिक मरीज ठीक हो रहे थे। उधर राज्य में एक्टिव केस बढ़कर 93 हजार 442 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 24340 मरीज जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा अलवर में 7600, जोधपुर में 7409, उदयपुर में 4570, भरतपुर में 4217, कोटा में 3700, पाली में 3536, अजमेर में 3503, चित्तौड़गढ़ में 2758, भीलवाड़ा में 2556, सीकर 2444, बाड़मेर में 2366 और बीकानेर में 2304 तथा शेष जिलों में इससे कम मरीज हैं।

वहीं दूसरी ओर राज्य में करोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को इस बीमारी से 13 जिलों में 19 लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर, जोधपुर, झुंझुनूं, झालावाड़, बीकानेर और दौसा में 2-2 जबकि अजमेर, बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, कोटा, टोंक तथा उदयपुर में 1-1 मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक करोना से 9095 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा 2003 लोगों की मौतें जयपुर में हुई है।

# 'नेताजी के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश'

कोलकाता, 23 जनवरी (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया है और कहा है कि नेताजी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। उन्होंने एक बार फिर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग दोहरायी है।

ममता बनर्जी ने ट्वीट कर कहा,वह (नेताजी सुभाष चंद्र बोस) देशभक्ति, साहस, नेतृत्व, एकता और भाईचारे के प्रतीक हैं। नेताजी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा,एक राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतीक, बंगाल से नेताजी का उदय भारतीय इतिहास में बेजोड़ उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस साल गणतंत्र दिवस परेड में 'नेताजी' पर एक झांकी प्रदर्शित की जाएगी और हमारे देश की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य

- ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार से अपनी यह पुरानी मांग एक बार फिर दोहराई।

में बंगाल के अन्य प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने नेताजी के जन्मदिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की केंद्र सरकार से अपनी अपील को दोहराया ताकि पूरे देश में राष्ट्रीय नेता को श्रद्धांजलि दी जा सके और 'देशनायक दिवस' को सबसे उपयुक्त तरीके से मनाया जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट में हिन्दुओं के खिलाफ हेट स्पीच की जांच की मांग वाली याचिकाएं दाखिल हुईं

## इन याचिकाओं में हिन्दुवादी संगठनों ने ओवैसी, अमानतुल्ला खान सहित कई मुस्लिम नेताओं की गिरफ्तारी की मांग की है

नई दिल्ली, 23 जनवरी। हरिद्वार और दिल्ली के धार्मिक कार्यक्रमों में हेट स्पीच के मामले में काउंटर-अपील दाखिल की गई हैं। दो दक्षिणपंथी संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि उन्हें इस मामले में पार्टी बनाया जाए। अपनी याचिका में हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने मांग की है कि मुस्लिम नेताओं को हेट स्पीच के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। ए.आई.एम.आई.एम.नेता अकबरुद्दीन ओवैसी, आप नेता अमानतुल्ला खान और वारिस पठान जैसों पर हेट स्पीच का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग रखी गई है। एक और संगठन, हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने हस्तक्षेप याचिका में कहा कि जब शीर्ष अदालत मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे भाषणों की जांच पर सहमत है तो उसे हिंदुओं के खिलाफ नफरत भरे बयानों की भी जांच करनी चाहिए।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने अपने अध्यक्ष और अन्य के माध्यम से याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है, आवेदक वर्तमान आवेदन के माध्यम से इस अदालत से प्रार्थना कर रहे हैं कि हिंदू समुदाय के सदस्यों, उनके देवी-देवताओं के खिलाफ दिए गए नफरत भरे भाषणों की जांच के लिए एक एस.आई.टी. को निर्देश दिया जाए। संगठन ने अदालत से

- याचिका में कहा गया है कि, मुस्लिम समुदाय के कुछ नेता और उपदेशक हिंदू धर्म के खिलाफ और भारत की संप्रभुता और अखण्डता के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं।

संवैधानिक भावना के साथ-साथ भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ दिए गए अभद्र भाषा की घटना की जांच का निर्देश देने का आग्रह किया।

याचिका में कहा गया है कि मुस्लिम समुदाय के कुछ नेता और उपदेशक हिंदू धर्म के खिलाफ और भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, मुस्लिम नेताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ भाषणों ने हिंदू समुदाय में भय और अशांति का माहौल पैदा कर दिया है। इस तरह के बयान हमें मुस्लिम लीग के कामकाज की याद दिलाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप देश का विभाजन हुआ। जनहित याचिका का विरोध करने के लिए हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक और हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को पत्रकार कुर्बान अली और पटना उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया था। याचिका में हरिद्वार में धर्म संसद में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। हरिद्वार और दिल्ली में किए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित करने का निर्देश देने के लिए सेना के तीन दिग्गजों ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उत्तराखंड पुलिस ने शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र नारायण त्यागी को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने हाल ही में हिंदू धर्म अपना लिया था।

# गोवा में भाजपा को झटका

पणजी, 23 जनवरी (वार्ता)। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। टिकट नहीं मिलने से नाखुश पारसेकर ने शनिवार को भाजपा छोड़ दी थी। भाजपा ने उनके स्थान पर दयानंद सोपटे को मंड्रेम निर्वाचन क्षेत्र से

- भाजपा नेता एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है।

उम्मीदवार बनाया है। सोपटे ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में 2017 के विधानसभा चुनावों में पारसेकर को हराया था।

भाजपा की गोवा इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तनवड़े ने रविवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर का पार्टी से इस्तीफा देना दुर्भाग्यपूर्ण है। तनवड़े ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है वह शक्तिमान होकर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है। –राम प्रताप त्रिपाठी**

# मीडिया: उदास रात और टूटे हुए दीये

हम कुछ आदर्शों को पढ़ते-सुनते हुए बड़े हुए हैं, जैसे शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, डॉक्टर भगवान के बराबर होता है, पंच (न्याय करने वाला) परमेश्वर होता है और मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। इस क्रम में और भी बातें याद आ सकती हैं। लेकिन इन सब आदर्शों के साथ हुआ यह है कि स्थितियां बदलती गई हैं और आदर्श कहने भर को रह गए हैं, यथार्थ उनसे बहुत दूर चला गया है। अब संकट यह होता है कि ख़ास तौर पर पुरानी पीढ़ी के वे लोग जो इन आदर्शों की छांव में पले-बढ़े हैं वे जब समकालीन यथार्थ को देखते हैं तो बहुत व्यथित होते हैं। उन्हें बरबस कवि प्रदीप का लिखा यह गाना याद आ जाता है: *"देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान!"*

हम लोगों ने पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में देखा है और यह बात अभी बहुत पुरानी नहीं हुई है कि हमारी आज़ादी की लड़ाई के बहुत सारे पुरोधाओं ने अपने आदर्शों के प्रचार-प्रसार के लिए ही पत्रकारिता की थी। यह स्थिति आज़ादी के बाद के कुछ वर्षों तक भी रही और लम्बे समय तक लोगों के मन में यह भाव रहा करता था कि अगर अखबार में छपा है तो सही ही होगा। जो लोग अखबार निकालते थे, भले ही उनके व्यावसायिक उपक्रम भी रहे थे, उन्होंने मोटे तौर पर अपने व्यवसाय और अखबार में घालमेल नहीं किया। तब संपादक की एक सत्ता होती थी और मालिक लोग प्राय: उस सत्ता का सम्मान करते और उसे पूरी आज़ादी देते थे। आहिस्ता-आहिस्ता स्थितियां बदलीं और आज हम जहां पहुंच गए हैं वहां लगता है कि अखबार -अब उसका रूप व्यापक होकर वह मीडिया बन चुका है- और व्यवसाय दोनों एक-दूसरे में घुल मिल गए हैं। पूंजीवाद की गोद में पल कर बड़ी हुई नई पीढ़ी को यह बात अजीब भी नहीं लगती है।

आज का मीडिया देखें तो लगता है कि वहां अहर्निश, 247 राग दरबारी गाया बजाया जा रहा है। ज़्यादातर अख़बार, ज़्यादातर समाचार चैनल एक-सी चीज़ें परोस रहे हैं। सब जगह शक्तिमान का गौरव गान है। लगता है जैसे कवि इंदीवर ने यह गाना इन्हीं को ध्यान में रखकर लिखा था: *"जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे/ तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे"*। यह देखना बहुत रोचक, और कष्टकारी भी लगता है कि वे सारे समाचार जिनसे शक्तिमान को तनिक भी असुविधा हो सकती हो, सिरे से नदारद रहते हैं। यह आकस्मिक नहीं है कि हमारे बहुत सारे सुधी मित्रों ने अखबार पढ़ना और टीवी पर समाचार देखना बंद कर दिया है। पढ़ने और देखने को बचा भी क्या है? बेशक, कुछ अख़बार ऐसे हैं, जैसे हमारा **राष्ट्रदूत**, जो अपने व्यावसायिक हितों को दांव पर लगाकर भी अपने धर्म का पालन किये जा रहे हैं, लेकिन मामला दीये और तूफान की लड़ाई वाला है। सत्ता इतनी ताकतवर हो गई है कि उसे अपने खिलाफ़ चूं तक बर्दाश्त नहीं है और स्वतंत्र आवाज़ को दबाने में उसे तनिक भी हिचकिचाहट महसूस नहीं होती है। जो हाल अखबारों का है वही हाल समाचार चैनलों का भी है। आपके पास चैनलों की भरमार है लेकिन अगर आप उनके समाचारों में विविधता तलाश करेंगे तो निराश ही होंगे। लगता है जैसे सबके समाचार एक ही फैक्ट्री में ढल कर निकले हैं। अगर कोई चैनल धारा के विरुद्ध बहने का प्रयास करता भी है तो उसे कुचलने के प्रयास शुरू हो जाते हैं। उस पर दुष्प्रचार के गोले दागे जाने लगते हैं और भाड़े के अथवा महामहिम के वफादार सैनिक उसकी छवि पर कालिख पोतने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

ऐसे में किसी भी विवेकशील व्यक्ति की मीडिया से निराशा स्वाभाविक है। यहां मीडिया से हमारा आशय मुख्यधारा के मीडिया से है। मुख्यधारा कहना इसलिए ज़रूरी है कि आगे हमें वैकल्पिक मीडिया की भी बात करनी है, जिसमें यह आश्वस्ति होती है कि सब कुछ अभी ख़त्म नहीं हो गया है। कहते हैं कि आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है। मुख्यधारा के मीडिया की अधोगति ने वैकल्पिक मीडिया का पथ प्रशस्त किया है। आज यह देखकर सुखद आश्चर्य होता है कि बावज़ूद घने अंधेरे के उम्मीद की कुछ किरणें यहां-वहां झिलमिला रही हैं। अभी मैंने अख़बारों की चर्चा करते हुए **राष्ट्रदूत** का उल्लेख किया। ऐसे अनेक समाचार पत्र यहां-वहां से निकल कर हमें निराशा के गर्त में जाने से बचा रहे हैं। इसी तरह कई अलाभकारी मीडिया संस्थाएं हैं जो विशुद्ध मिशनरी भाव से समाचार व सूचना प्रसार का काम करने में जुटी हैं। इनका आर्थिक आधार छोटे-मोटे दान या समानधर्मा व्यावसायिक संस्थानों से मिल जाने वाले छिटपुट विज्ञापन हैं। इनके पास इतनी पूंजी तो नहीं है कि ये अपने चैनल चला सकें इसलिए ये यू ट्यूब और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से लोगों तक पहुंचते और सच्चाई को पहुंचाते हैं। इन्हीं का अगला चरण वे मीडिया वेबसाइट्स और यू ट्यूब चैनल हैं जो इनकी तरह अलाभकारी तो नहीं हैं, वे घोषित रूप से लाभ के लिए काम करते हैं लेकिन उन्होंने अपने ईमान का सौदा नहीं किया है और सारे ख़तरे उठाकर सच को सामने लाने का काम करते हैं।

**वैकल्पिक मीडिया की विशेष श्रेणी के काम की अनेक सराहनीय बानगियां हाल में हमने किसान आंदोलन के समय देखी हैं।जब सरकार येनकेन प्रकारेण इस आंदोलन को कुचलने पर आमादा थी तब इन जांबाज़ पत्रकारों ने तमाम खतरे उठाकर इस आंदोलन की ख़बरें हम तक पहुंचा कर उम्मीद की एक और लौ जगाई।**

फिर कुछ अन्य वैकल्पिक मीडिया चैनल हैं जो पूरी तरह पाठकीय/दर्शकीय सहयोग पर आधारित हैं। ये अपनी सामग्री केवल भुगतान करने वाले दर्शकों को सुलभ कराते हैं। अब क्योंकि हम लोग अभी तक पैसे देकर ख़बरें पाने के अभ्यस्त नहीं हुए हैं, इनकी पहुंच अपेक्षाकृत सीमित है। लेकिन ये भी एक राह तो बना ही रहे हैं। आखिर समाचार पाने के लिए हमें कुछ खर्च क्यों नहीं करना चाहिए? वैकल्पिक मीडिया की एक और श्रेणी है जिसका संचालन कोई पत्रकार विशेष अकेले या अपनी छोटी-सी टीम के साथ मिलकर करता है। इस श्रेणी के काम की अनेक सराहनीय बानगियां हाल में हमने किसान आंदोलन के समय देखी हैं। जब सरकार येनकेन प्रकारेण इस आंदोलन को कुचलने पर आमादा थी तब इन जांबाज़ पत्रकारों ने तमाम खतरे उठाकर इस आंदोलन की ख़बरें हम तक पहुंचा कर उम्मीद की एक और लौ जगाई।

इन अपेक्षाकृत व्यवस्थित मीडिया माध्यमों के साथ-साथ इधर सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर वैयक्तिक समाचार प्रेषण और अभिव्यक्तियां भी मीडिया के व्यवसायिकरण और उसके बिक जाने के खिलाफ प्रतिरोध की आवाज़ के रूप में सामने आ रही हैं। हाल के समय में यह बात देखना बहुत आह्लादक है कि बड़े माध्यम जिन समाचारों को छूने से भी डरते हैं सामान्य नागरिक अपने-अपने सोशल मीडिया खातों से उन्हें समाचारों को आग की तरह फैला देते हैं। यह देखना बहुत रोचक है कि मुख्यधारा के मीडिया की प्रमुख ख़बरों और इन वैकल्पिक माध्यमों पर सुर्खियां पाने वाली ख़बरों में कितना अंतर है। और ऐसा केवल सत्ता को चुनौती देने वाले समाचारों के मामले में ही नहीं हो रहा है। कला-साहित्य-संस्कृति की दुनिया की वे खबरें जो मुख्यधारा के मीडिया की स्वार्थी योजना में कहीं नहीं आ पाती हैं वे भी इन्हीं के कारण लोगों तक पहुंच पाती हैं।

लेकिन इसमें एक बड़ा लेकिन भी है। पिछले कुछ समय से हमारे देश में अत्यधिक तीव्र गति से राजनीतिक ध्रुवीकरण हुआ है। लोग सीधे-सीधे इस या उस पक्ष के साथ हो गए हैं। जैसे दो पक्षों के अलावा कुछ रह ही नहीं गया है। या तो आप समर्थक हैं या विरोधी। इस सोच का सीधा असर लोगों की निजी टिप्पणियों पर पड़ने लगा है। अब हम अपनी आंखों से नहीं देखकर 'उनकी' आंखों से देखने लगे हैं जिनके हम समर्थक हैं। इस दौर में पारस्परिक वैमनस्य भी बहुत बढ़ा है। अब विचार-विमर्श नहीं होता, सीधे गाली दी जाती है। शाब्दिक हिंसा अपवाद न रहकर आम हो गई है। इसी के साथ एक और गड़बड़ हुई है। राजनीतिक दलों के आई टी सेल के वेतन भोगी कर्मचारियों ने भी यहां भारी घुसपैठ कर ली है। अब यहां नागरिक कम बोलते हैं, प्रचारक ज़्यादा बोलते हैं। नागरिक और नागरिक के बीच तो संवाद हो सकता है, नागरिक और प्रचारक के बीच क्या संवाद हो? जो विवेकशील हैं उन्होंने एक रास्ता निकाला है। वे अपनी बात कहकर मौन हो जाते हैं, अनावश्यक और अनर्गल बातों का जवाब देने में अपनी ऊर्जा नष्ट नहीं करते। लेकिन इस सब में संवाद का पर्यावरण आहत हुआ है, इसे स्वीकार करना ज़रूरी है।

कुल मिलाकर हालात बहुत सुखद नहीं हैं। अंधेरा ज़्यादा घना है, रोशनी की टिमटिमाहट भर है। यह तो समय ही बताएगा कि इस अंधियारी रात की सुबह कब होगी। तब तक आइये, फ़िराक़ गोरखपुरी को गुनगुनाएं: *"अभी तो ज़िक्र-ए-सहर दोस्तों है दूर की बात/ अभी तो देखते जाओ बड़ी उदास है रात। इसी खंडहर में कहीं कुछ दीये हैं टूटे हुए/ इन्ही से काम चलाओ बड़ी उदास है रात"*।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसादअग्रवाल**
**( शिक्षाविद् और साहित्यकार )**

# तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा


जन जन के नायक महान स्वतन्त्रता सेनानी नेता जी ने हमें अपने जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी थी, सुभाष बोस ने हमें संदेश दिया था कि सफलता, हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। जो अपनी ताकत पर भरोसा करते हैं, वो आगे बढ़ते हैं किन्तु उधार की ताकत वाले घायल हो जाते हैं। नेताजी बार-बार बोलते थे कि अन्याय और अपराध को सहना और गलत के साथ समझौता करना सबसे बड़े पाप है। भारतीयों का कर्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का मोल अपने खून से चुकाएं। हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आज़ादी मिले, हमारे अन्दर उस आजादी की रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए। एक सैनिक के रूप में आपको हमेशा सच्चाई, कर्तव्य और बलिदान पर जीना होगा । अगर तुम भी अजेय बनना चाहते हो तो इन तीन आदर्शों को अपने हृदय में समाहित कर लो।

याद रखिये कि जीवन में सफलता का आना अनिवार्य ही है। नेताजी के मुताबिक मां का प्यार सबसे गहरा और है स्वार्थ रहित होता है। माँ के प्यार को मापने का कोई पैमाना हो नहीं सकता है। नेताजी ने हमको समझाया कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी,अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही किया जा सकता है।

आजाद हिन्द फौज के प्रणेता क्रांतिकारी जननायक सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक के निवासी जानकीनाथ बोस प्रभावती के यहां हुआ था। सुभाष 14 लड़के-लड़कियों में से नौवीं संतान थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कटक में रेवेनशा कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से 1919 में बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की थी, इस परीक्षा में उन्हें यूनिवर्सिटी में उन्हें दूसरा स्थान मिला था। 1920 की आईसीएस परीक्षा में उन्होंने चौथा स्थान मिला। सुभाष का मन अंग्रेजों के अधीन काम करने का नहीं था इसलिए उन्होंने एक साल के भीतर 22 अप्रैल 1921 को त्यागपत्र दे दिया ।

उनके दिल में अंग्रेजों की गुलामी और भारतमाता का आजाद करने का जुनून था। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ की सलाह के अनुसार भारत वापस आने पर वे सर्वप्रथम बंबई गये और गांधीजी से मिले। 20 जुलाई 1921 को गांधीजी और सुभाष के बीच पहली मुलाकात हुई। बहुत जल्द ही सुभाष देश के एक महत्वपूर्ण युवा नेता बन गये। नेहरूजी के साथ सुभाष ने कांग्रेस के अंतर्गत युवाओं की इण्डिपेंडेंस लीग शुरू की। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झंडे दिखाये। कोलकाता में सुभाष ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये बनाए गए आयोग के मोतीलाल नेहरू अध्यक्ष बने । सुभाष बाबू को इस आयोग का सदस्य बनाया गया। 1930 में जब कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर में हुआ तब तय किया गया कि भारत में 26 जनवरी का दिन स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

अपने सार्वजनिक जीवन में सुभाष को कुल 11 बार कारावास का दण्ड मिला। 1930 में सुभाष कारावास में ही थे कि चुनाव में उन्हें कोलकाता का महापौर चुना गया


डा. जे. के. गर्ग

इसलिए सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। वे जब कलकत्ता महापालिका के प्रमुख अधिकारी बने तो उन्होंने कलकत्ता के रास्तों का अंग्रेजी नाम हटाकर भारतीय नाम पर कर दिया। 1934 ई. में सुभाष अपना इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रिया गए थे। उस समय उन्हें अपनी पुस्तक टाइप करने के लिए एक टाइपिस्ट की जरूरत थी। उन्हें एमिलीशेंकल नाम की एक टाइपिस्ट महिला मिली। उन्होंने सन् 1942 में बाढ़गस्टिन नामक स्थान पर हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार एमिलीशेंकल से विवाह किया। एमिलीशेंकल से उनको पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम अनीता रखा। 1938 में हरिपुरा अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस अधिवेशन में सुभाष का अध्यक्षीय भाषण बहुत ही प्रभावी हुआ। 3 मई 1939 को सुभाष ने कांग्रेस के अन्दर ही फॉरवर्ड ब्लाक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। कुछ दिन बाद सुभाष को कांग्रेस से ही निकाल दिया गया। बंगाल की भयंकर बाढ़ में घिरे लोगों को उन्होंने भोजन, वस्त्र और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का

- **जीवन में सुभाष को कुल 11 बार कारावास का दण्ड मिला**

साहसपूर्ण काम किया था और युवक-दल की स्थापना की।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। उन्होंने भारतवासियों को 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा दिया था, जो आज भी हमारे मन मस्तिष्क में गूंज रहा है।

21 अक्टूबर 1943 को सुभाष बोस ने आजाद हिन्द फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्छेको और आयरलैंड समेत 11 देशों ने मान्यता दी। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएं मांगी। इस भाषण के दौरान नेताजी ने गांधीजी को राष्ट्रपिता कहा, तभी गांधीजी ने भी उन्हें नेताजी कहा, तभी से उन्हें नेताजी कहा जाने लगा। नेताजी ने कहा था कि हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आज़ादी मिले, हमारे अन्दर उसकी रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए। सुभाष बाबू ने कहा था-याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है।

23 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो ने बताया कि सैगोन में नेताजी एक बड़े बमवर्षक विमान से आ रहे थे कि 18 अगस्त को ताइहोकू हवाई अड्डे के पास उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में उनके साथ सवार जापानी जनरल शोदाई, पायलट तथा कुछ अन्य लोग मारे गये। नेताजी गम्भीर रूप से जल गये थे। उन्हें ताइहोकू सैनिक अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम श्वास ली । भारतीय महालेखाकार से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार नेताजी की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ताइहोकू के सैनिक अस्पताल में रात्रि ग्यारह बजे हुई थी। आजाद हिन्द फौज बनाने का दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना का विद्रोह इसका जीता-जागता प्रमाण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को समझ आ गया था कि भारत को स्वतंत्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत नहीं मिलता जहां तीस-पैंतीस हजार युद्धबंदियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो। सुभाषचंद्र बोस को महात्मा गांधी ने उन्हें देशभक्तों का देशभक्त कहा था। नेताजी के 125वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार 2022 के गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ 24 जनवरी के बजाय 23 जनवरी से करने की योजना बना रही है। जन-जन के दुलारे नेताजी को उनके 125वें जन्म दिन पर समूचा देश उनके श्री चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

**डा. जे. के. गर्ग**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# हिमालय से हजार किमी चलकर बड़ी संख्या में मोरेल बांध पहुंचे सफेद हंस

**लालसोट, (निसं)।** मोरेल बांध पर करीब एक हजार किलोमीटर की लंबी दूरी की यात्रा तय कर बड़ी संख्या में पहुंचे सफेद हंस के नाम से जाने वाले बार हेडेड गुज पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मोरेल बाध इन दिनों विभिन्न प्रजातियों के हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षियों से गुलजार है। इन्ही विदेशी मेहमान परिंदों में इस बार लगभग दो सौ की संख्या में सफेद हंस

- **दुनिया का सबसे अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाला पक्षी है सफेद हंस**

के नाम से मशहूर बार हेडेड गूज एंसर इंडिकस का एक दल मोरेल बांध की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है।

मोरेल बांध की जैवविविधता और प्रवासी पक्षियों के डेटा संधारण का कार्य कर रहे मोरेल मैन के नाम से प्रसिद्ध राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय के एसोसियट प्रोफेसर और बायोडाइवर्सिटी एन्ड रिसर्च डेवलपमेंट सोसायटी के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ सुभाष पहाड़िया ने बताया कि बार हेडेड गूज जिसे सामान्यतया सफेद हंस के नाम से भी जानते है। ये पक्षी एक हल्के भूरे रंग का होता है जो अपने सिर पर दो काली पट्टियों, पीले-नारंगी चोंच और पैरों की


मोरेल बांध पर अठखेलियां करते सफेद हंस

विशेष पहचान के द्वारा पहचाना जाता है। यह मध्यम आकार का हंस है जिसकी कुल लंबाई में 70-75 सेमी लम्बाई और इसका वजन 1.6 से 3.2 किलोग्राम तक होता है।

दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई पर उडने वाले यह पक्षी सर्दियों के मौसम में तिब्बत, कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस आदि जगहों से लगभग आठ हजार किलोमीटर का एक लंबा सफर तय करके हिमालय की ऊंची चोटियों को पार करके भारत में आते हैं। ये पक्षी अपने प्रवास के दौरान उड़ते समय अंतर बनाए रखने के लिए और एक दूसरे के साथ से संवाद करने के लिए तथा अपनी ऊर्जा बचाने के लिए वी-आकार की संरचनाओं में उड़ते हैं। बार हेडेड गीज़ सफेद हंस में एक विशेष प्रकार का एमिनो एसिड व हीमोग्लोबिन भी होता है जो अन्य पक्षियों की तुलना में ऑक्सीजन को जल्दी अवशोषित करता है।

इसीलिए ये इतनी ऊंचाई पर आसानी से उड सकते है। पक्षीविद डॉ पहाड़िया के अनुसार पक्षियों में प्रवास विशेष पर्यावरणीय संकेत और जैविक घड़ी के द्वारा उत्पन्न होते है जो इन पक्षियों को बर्फीले क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों की ओर तथा गर्म से ठंडे क्षेत्रों की और जाने का संकेत देता है। मोरेल बांध का जलस्तर अभी कम होने के कारण और आसपास गेहूं की फसल, घास और वनस्पति पर्याप्त मात्रा में होने के कारण बार हेडेड गीज़ को पर्याप्त भोजन व अनुकूल माहौल मिला हुआ है। ये पक्षी कभी-कभी मोलस्क, कीड़े और क्रस्टेशियंस भी खाते हैं।

# मामाजी महाराज ने सवा सात लाख का मायरा भरा

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा शहर में माली समाज के एक शादी समारोह में जिले के लालाणा गांव स्थित श्री मामाजी महाराज एवं सुभद्रा माताजी का धाम सडलानाडा से करीब सवा सात लाख का मायरा आया। मायरा कार्यक्रम की रस्म गादीपति महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज ने अनूठी पहल करते हुए संत-महात्माओं की मौजूदगी में विधि-विधान पूर्वक अदा की।

जानकारी के अनुसार बालोतरा निवासी माली गणपतराज सुपुत्र जसराज पंवार ने मामाजी महाराज एवं सुभद्रा माताजी का धाम सडलानाडा पर वर्ष 2016 में हुई मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इन्होंने तोरण वंदन की बोली ली थी, उस दिन से यह परिवार वहां दर्शनार्थ आता-जाता रहता है। रविवार को इनकी लडकी के शादी समारोह में सडलानाडाधाम के गादीपति महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज इनके यहां मायरा लेकर आए और धूमधाम व


- **मायरा कार्यक्रम की रस्म गादीपति महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज ने संत-महात्माओं की मौजूदगी में अदा की**
- **ऐसा आयोजन राजस्थान में पहली बार हुआ**

हर्षोल्लास के साथ मायरा की रस्म अदा की। इनके साथ महंत नरसिंगदास महाराज, महंत मृत्युंजयपुरी महाराज, महंत जयदेवभारती महाराज, महंत जनकपुरी महाराज, महामण्डलेश्वर जगदीशदास महाराज व राघवदास महाराज ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान साधु-संतों ने कहा कि ऐसा आयोजन राजस्थान में प्रदेश पहली बार हुआ है।


महंत भुवनेश्वरी महाराज के साथ संत महात्माओं ने मायरा पहनाया।

# जयहिंद के उद्घोषक - सुभाषचंद्र बोस


जयहिंद के उद्घोष मात्र से हर देशभक्त की शिराओं में रक्त स्फूर्ति बनकर कर दौड़ने लगता है । जब देश में ब्रिटेनिया सरकार हिंदुस्तान के युवाओं को सैनिक रूप में भर्ती कर द्वितीय विश्व युद्ध में विश्व का सिरमौर बनने का सपना पाले हर संभव प्रयास में जुटी थी तब अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए सुभाषचंद्र बोस ने जापान की मदद से आजाद हिंद फौज का गठन किया। तब उनके द्वारा दिया गया जयहिंद का नारा पूरे देश का राष्ट्रीय नारा बन गया। 21 अक्तुबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थाई सरकार बनायी। जिसे जर्मनी, जापान, कोरिया, चीन, इटली, आयरलैंड, फिलीपींस सहित 11 देशों की सरकारों ने मान्यता दी थी।


डॉ उमेश प्रताप वत्स

देश में वंदेमातरम् के जय घोष के बाद यदि किसी नारे ने लोगों के ठंडे पड़ चुके रक्त में उबाल लाने का कार्य किया तो वह था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" इस आव्हान के बाद देश के अनेक हिस्सों से जहाँ बड़ी संख्या में लोगों में नेताजी की आजाद हिंद फौज में शामिल होने की होड़ सी लग गई वहीं महिलाओं ने भी जीवनभर की अर्जित की गई संपत्ति व गहने नेता जी के चरणों में देश की आज़ादी हेतु जंग की व्यवस्था के लिए समर्पित कर दिये। नेता जी का तीसरा नारा था "दिल्ली चलो" जब 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने सेना के सर्वोच्च सेनापति के रूप में सेना को संबोधित करते हुए नेताजी ने यह नारा दिया था, तब जापानी सेना के साथ मिलकर अंग्रेजी सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ मोर्चा लिया। अंग्रेजों ने भारतीय नेताओं के कान भरे कि सुभाष देशद्रोही है, वह राक्षसी जापानियों के साथ है। भारत को जापान का गुलाम बनाने के लिए देशद्रोह कर रहे हैं ऐसा अंग्रेजों ने भारतीय नेताओं से कहलवाया। नेहरू, गाँधी जैसे तत्कालीन बड़े नेताओं ने सुभाष जी को देशद्रोही कहा। कम्युनिस्टों ने तोजो का कुत्ता कहा। इन सब बातों से नेताजी सुभाष को बहुत आघात लगा। एक सभा में उन्होंने कहा कि, "जापान जब तक हमारे मित्र का शत्रु था तब तक मैं जापान नहीं आया, जब जापान ने ब्रिटेन और अमेरिका के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की, तभी मैं यहाँ आया।" तब गांधी जी व नेहरु का भ्रम दूर हुआ। आगे आजाद हिंद सेना के बचाव के लिए नेहरू न्यायालय में भी गये। हिरोशिमा व अगले दिन नागाशाकी पर अणु बम के प्रयोग से जापान की रीढ़ ही टूट गई। तब नेताजी बर्मा छोड़कर बैंकॉक की ओर निकल पड़े। वहां से जब वे टोकियो के लिए विशेष विमान से कर्नल हबीबुर्रहमान के साथ फार्मोसा द्वीप के ऊपर से गुजर रहे थे तो विमान में आग लग गई। माना जाता है कि तब 18 अगस्त 1945 को इस दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। भारत के लोग व नेताजी के परिवार के लोगों का मानना है कि 1945 में विमान दुर्घटना में नेता जी की मृत्यु नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नजरबंद थे। यदि ऐसा नहीं है तो भारत सरकार ने आज तक भी उनकी मृत्यु के संबंध में दस्तावेज अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं किये। यदि देश की जनता के साथ-साथ हमारे आज के नेतागण भी नेताजी सुभाषचंद्र के आदर्श को अपने जीवन में उतारे तो यही उस वीर पराक्रमी जन-जन के नेता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

## राशिफल


**पंडित अनिल शर्मा**

### सोमवार 24 जनवरी, 2022

माघ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2078, हस्त नक्षत्र दिन 9:15 तक, सुकर्मा योग दिन 11:11 तक, वणिज करण प्रात: 8:44 तक, चन्द्रमा रात्रि 11:08 पर तुला राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

कुमार योग सूर्योदय से प्रात: 8:44 तक है। रवियोग दिन 10:10 तक है और 11:15 से पुन: आरम्भ होगा। भद्रा प्रात: 8:44 से रात्रि 8:16 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:40 तक, शुभ 9:59 से 11:19 तक, चर 1:59 से 3:18 तक, लाभ-अमृत 3:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:58

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**वृष**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

**मिथुन**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। आपसी अनबन-मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी। धन हानि हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अच्छा परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा सफल रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# कांग्रेस के सदस्यता अभियान के चलते कुछ दिनों के लिए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति टल सकती है

## अभी जिलाध्यक्ष बने तो सदस्यता अभियान पर पड़ सकता है विपरीत प्रभाव

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस और से 13 जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बाकी बचे हुए 26 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला अगले 4 महीने बाद होने की संभावना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने की लाइन में लगे हुए नेताओं को विश्वास है कि बहुत जल्द उन्हें नियुक्ति पत्र मिलने वाली हैं। वहीं जानकार भी इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि क्या संगठन चुनाव से पहले बाकी बचे हुए जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति होगी या फिर इन सबको कांग्रेस के सदस्यता अभियन के पूरा होने का इंतजार करना होगा।

दरअसल कांग्रेस की सदस्यता का अभियान शुरू हो चुका है और जून 2022 तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया पूरी की जानी है। अब यदि अभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष बना दिए जाते हैं तो जिलों में कांग्रेस के सदस्यता अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति हो जाती है, तो राजस्थान में 50 लाख सदस्य बनाए जाने की जो संभावना जताई गई है, उस पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में फिलहाल जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला सदस्यता अभियान पूरा होने तक अटकता दिख रहा है।

वर्तमान में कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है और यह अभियान 31 मार्च तक पूरा होना है। कहा जा रहा है कि इसके बाद सदस्यता अभियान की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इस अभियान के लिए जिला तथा विधानसभावार जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। ऐसे में यदि सदस्यता अभियान

- 31 मार्च तक पूरा होगा कांग्रेस का सदस्यता अभियान

के जारी रहने के दौरान जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति हो जाती है तो फिर जिन लोगों को जिला और विधानसभा वार सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी गई है या जो अन्य लोग संगठन में जिला या ब्लॉक अध्यक्ष बनने के इच्छुक हैं वह सदस्यता अभियान को गंभीरता से नहीं लेंगे आर ऐसा होने पर जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसका प्रभावित होना तय माना जा रहा है। इसलिए बताया जा रहा है कि अब संगठन के चुनाव के साथ ही जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाएंगे।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मार्च तक चलने वाले कांग्रेस के सदस्यता अभियान के बाद संगठन के चुनाव होंगे और उन चुनावों में प्रदेश कांग्रेस सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तो बनाए ही जाएंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव भी होना है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं की नजर में ही जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की इस समय नियुक्ति किया जाना तर्कसंगत भी नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यदि इस समय जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति होती है तो निश्चित माना जाएगा कि संगठन चुनाव के बाद में इनमें से कई जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को बदला जा सकता है। इसलिए सिर्फ 2 या 3 महीने या 5 महीने के लिए जिला या ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति किया जाना फिलहाल संभव नजर नहीं आ रहा है।

इधर राजस्थान में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए जाने वाले नेताओं को बीसूका का अध्यक्ष बनाए जाने की बात भी कही गई है। ऐसे में अब अधिकांश नेताओं का ध्यान भी जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनने पर लगा हुआ है। अब यदि संगठन चुनाव से पहले जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति हो जाती है और उन्हें बीसूका का उपाध्यक्ष बनाया जाता है, तो फिर निश्चित है कि वे लोग पद मिलने के बाद में कांग्रेस की सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करने के बजाए मात्र औपचारिकता निभाने का प्रयास करेंगे। इन तमाम संभावनाओं को देखते हुए फिलहाल जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्तियों का मामला ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है।

# गुमराह करने वाली शक्तियों से सावधान रहें युवा : मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को उनके निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में ''आजादी का स्वर्णिम इतिहास एवं नया भारत'' विषयक संगोष्ठी को संबोधित किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में आज शांति एवं सद्भाव कायम करने की जरूरत है। अनेकता में एकता वाले इस मुल्क में कुछ ताकतें हमारे नौजवानों को गुमराह कर रही हैं। धर्म और जाति के आधार पर नई पीढ़ी आपस में लड़ाने वाली इन ताकतों को हमें कामयाब नहीं होने देना है।

गहलोत रविवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर आयोजित वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में 'आजादी का स्वर्णिम इतिहास एवं नया भारत' विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में एक नया जज़्बा कायम किया और विदेश की धरती पर आजाद हिंद फौज खड़ी कर अपनी हिम्मत एवं साहस का परिचय दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के आंदोलन के महानायकों में ब्रिटिश सत्ता से आजादी के उद्देश्य को लेकर आपसी समन्वय था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रभावित होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की जंग में कूदे थे। गांधी जी एवं नेहरू जी की तरह ही उनका उद्देश्य भी मुल्क की आजादी था। आजादी के इन महानायकों में वैचारिक अंतर भले ही रहा हो लेकिन उनमें मनभेद नहीं था, क्योंकि गांधीजी असहमति व्यक्त करने एवं आलोचना करने वालों का भी सम्मान करते थे। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में देश में सहिष्णुता की भावना कम होती जा रही है। असहमति व्यक्त करने पर लोगों को देशद्रोही बताते हुए जेल भेजा जा रहा है। गहलोत ने कहा कि कुछ ताकतें हमारे नौजवानों को गुमराह कर रही हैं। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के प्रयास किए जा रहे हैं। 50 वर्ष से जल रही अमर जवान ज्योति को बुझा दिया गया है। 70 सालों में अर्जित की गई देश की उपलब्धियों को नकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश

- नेताजी की आजाद हिंद फौज में युवाओं के साथ अनुभवी लोग भी थे : डॉ. बी.डी. कल्ला

आज जिस राह पर जा रहा है, उसे देखते हुए हमारी नौजवान पीढ़ी यहां की महान संस्कृति एवं परम्पराओं के बारे में अध्ययन करे और सच्चाई की राह अपनाए। नेताजी की 125वीं जयंती पर देश के कर्णधार युवाओं को मुल्क को एक व अखंड रखने का संकल्प लेते हुए धर्म निरपेक्ष एवं समता मूलक समाज के निर्माण के नेताजी के सपने को पूरा करना होगा। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि नेताजी की आजाद हिंद फौज में युवाओं के साथ अनुभवी लोग भी थे। नेताजी का मानना था कि युवा शक्ति एवं बुजुर्गों के अनुभव को साथ लेकर हम अंग्रेजों को हरा सकते हैं। नेताजी ने राष्ट्रवाद, धर्म निरपेक्षता एवं समता मूलक समाज के विचारों का पौधा बोया। देश की आजादी उनका एक मात्र मंसूबा था और अपने दृढ़ निश्चय से उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। राज्यमंत्री युवा मामले एवं खेल विभाग अशोक चांदना ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजीव गांधी स्टडी सर्कल के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. सतीश राय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रखर राष्ट्रवादी एवं स्वराज्य के प्रबल पक्षधर थे। वे लोकतंत्र में विश्वास रखते थे एवं समता मूलक समाज की रचना करना उनका उद्देश्य था। वैचारिकी में वे समाजवादी थे और उनका समाजवाद भारतीय संस्कृति एवं विरासत के अनुरूप था।

गांधी पीस फाण्डेशन के अध्यक्ष कुमार प्रशांत ने कहा कि गांधीजी ने अलग-अलग जातियों, धर्म, प्रांतों एवं सूबों वाले इस मुल्क को एक रखने का उपक्रम किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर के रूप में रंगून से गांधीजी को पहली बार राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित किया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से अपने पहले संबोधन का समापन नेताजी के दिए नारे 'जय हिन्द' से किया। उन्होंने कहा कि नेताजी की 125वीं जयंती पर आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि गांधी एवं नेताजी के सपनों के भारत को कायम रखें। आजादी के स्वर्णिम इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने को मिशन के रूप में लें, ताकि आने वाली पीढ़ी इस स्वर्णिम इतिहास के बारे में जान सके।

शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा कि शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के माध्यम से जिला एवं उपखंड स्तर पर युवाओं में स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णित इतिहास के बारे जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में 30 जनवरी को 75 युवा शांति मार्च निकालेंगे और गांधी के सत्य एवं अहिंसा के संदेशों को आमजन तक पहुंचाएंगे।

कार्यक्रम में शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग नरेश कुमार ठकराल, राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, जयपुर के उपनिदेशक महेन्द्र सिसोदिया, एनसीसी के मेजर पुष्पेन्द्र सिंह, स्काउट गाइड के पूरण सिंह शेखावत एवं एनएसएस के धर्मेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। विभिन्न जिलों के कलेक्टर, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड एवं नेहरू युवा केन्द्रों से जुड़े युवा भी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए।

# केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव ने बेगस-बसेड़ी क्षेत्र में कृषि-उद्यानिकी गतिविधियों का जायजा लिया

**जयपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार संजय कुमार सिंह ने रविवार को जयपुर जिले के बेगस-बसेड़ी क्षेत्र में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त सचिव ने क्षेत्र के किसानों द्वारा की जा रही ग्रीन हाउस खेती, लॉ टनल खेती, मल्चिंग, ड्रिप सिंचाई तकनीक, मिनी स्प्रिंकलर, फर्टीगेशन एवं ऑटोमेशन तकनीक देखी और विभिन्न पहलुओं पर किसानों एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने इन तकनीकों के विशिष्ट लाभ के साथ-साथ विभागीय स्तर से इनके व्यापक प्रसार के लिए वांछित सुझाव मांगे। कुमार ने क्षेत्र में बड़े स्तर पर स्थापित किए ग्रीन हाउसेज एवं कलस्टर उत्पादन तथा युवा किसानों के इस ओर प्रेरित होने की प्रशंसा की। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई तकनीक, संरक्षित खेती, फार्म पोण्ड एवं सोलर पंपिंग सिस्टम के उत्कृष्ट समन्वय को देश एवं राज्य के अन्य क्षेत्रों में प्रचारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाने तथा इन्हीं के माध्यम से आदान एवं उत्पाद के विपणन करने की सलाह दी। उन्होंने कृषक समूहों को उत्पादन के उचित मूल्य दिलवाने के लिए मदर डेयरी और नाफेड से उचित समन्वय कराने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान संयुक्त निदेशक उद्यान रामलाल मीणा ने ग्रीन हाउस एवं फार्म पोण्ड योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उपनिदेशक उद्यान राजेन्द्र सिंह खीचड़ ने राज्य में किसानों द्वारा अपनाई जा रही सूक्ष्म सिंचाई तकनीक, फर्टीगेशन, ऑटोमेशन एवं सोलर पम्प के तकनीकी, योजना क्रियान्वयन तथा वित्तीय प्रावधानों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। उपनिदेशक उद्यान जयपुर राकेश कुमार पाटनी ने विभिन्न उद्यानिकी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अनुदान के बारे में बताया।

## राज्यपाल का ट्विटर अकाउंट हैक, देर शाम रिकवर किया

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र का ट्विटर अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। सुबह 11.28 बजे राज्यपाल के ट्विटर हैंडल से अरबी भाषा में ट्वीट किया गया। साथ में एक इमोटिकॉन भी पोस्ट किया गया है, जिसमें किस ऑफ लव साइन दिखाई दे रहा था। हालांकि अकाउंट हैक होने के बाद साइबर टीम और पुलिस एक्टिव हुई और देर शाम तक अकाउंट को रिकवर कर लिया गया। इस बताया जा रहा है अकाउंट हैक करने वाले इंटरनेशनल हैकर है। अरबी में किए गए ट्वीट का मतलब है- 'गुड मार्निंग, आपके चाचा स्पूकी और हायब्रिड आपको दुआ देते हैं।' उधर राज्य के प्रथम नागरिक राज्यपाल का ट्विटर अकाउंट हैक होते ही साइबर पुलिस और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट हरकत में आ गए। राजभवन से भी इसकी शिकायत की गई। साइबर एक्सपर्ट्स राज्यपाल के ट्विटर अकाउंट को हैकर से वापस रिकवर करने में देर शाम तक जुटे रहे। अकाउंट किसने हैक किया और कहां से हैक हुआ, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर एक्सपर्ट्स की टीम राज्यपाल के अकाउंट के सिक्योरिटी फीचर्स को भी चेक कर रही है कि कैसे अकाउंट हैक हो गया?

# रीट परीक्षा के पेपर लीक धांधली मामले में सीबीआई जांच करवाएं : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर।** प्रदेश में रीट परीक्षा 2021 के पेपर लीक, अनियमितताएं तथा धांधली के संबंध में सीबीआई जांच करवाए जाने के संदर्भ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। डॉ. पूनिया ने गहलोत को पत्र में लिखा कि, राजस्थान में रीट परीक्षा 2021 प्रदेश के विभिन्न जिलों में सितम्बर 2021 में सम्पन्न हुई। रीट पेपर में लाखों अभ्यर्थी सम्मिलित हुए तथा परीक्षा का आयोजन दो पारियों में सम्पन्न हुआ। समय से पूर्व रीट का पेपर बाहर आना, डमी अभ्यर्थियों के बैठने से एवं धांधली से प्रदेश के लाखों युवाओं के सपनों के साथ धोखा हुआ। सरकार के द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेपर आउट में संलिप्त मानते हुए निलंबित और उन्हें गिरफ्तार किया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा था कि परीक्षा का सफल आयोजन हुआ, जबकि प्रदेश के विभिन्न जिलों में पेपर लीक तथा धांधली की खबरें समाचार पत्रों, मीडिया एवं

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिखा पत्र

सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित हुई थी।

एसओजी ने अपनी जांच में बत्तीलाल मीणा व अन्य अभियुक्तों को मुलजिम मानकर गिरफ्तार किया, परन्तु पेपर लीक का मास्टरमाइंड भजनलाल करीब 4 माह बाद एसओजी के गिरफ्त में आया। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार भजनलाल ने रीट का पेपर पृथ्वीराज को व्हाटसएप के माध्यम से भेजा एवं 40 लाख रूपये में बेचा और बाड़मेर व जालौर में भी रीट का पेपर बेचने की बात सामने आई।

गंगापुरसिटी में परीक्षा केन्द्र से रीट का पेपर लीक होने के बाद बत्तीलाल मीणा की गिरफ्तारी के बाद भजनलाल का नाम सामने आया। भजनलाल की गिरफ्तारी के बाद जेईएन तथा एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने से पहले प्रिंट निकालने के लिए प्रिंटर की व्यवस्था की गई थी। रिश्तेदारों व परिचितों को रीट का पेपर परीक्षा से पहले ही दे दिया गया। मीडिया के माध्यम से यह भी पता चला है कि एक दिन पहले ही गंगापुरसिटी में व्हाटसएप पर दोपहर 3:45 मिनट पर पेपर वायरल हो गया था इसके बाद परीक्षा केन्द्र पर प्रिंटर से प्रिंट लेकर पेपर बंटते गए। इस परीक्षा केन्द्र पर रीट के पेपर 8 से 10 लाख रूपये में बांटे गये।

एसओजी आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद भी अभी तक यह मालूम नहीं कर पाई कि पेपर कहां से आया, कैसे लीक हुआ ? रीट पेपर नेटबंदी से पहले भजनलाल के पास कैसे पहुंच गया तथा बत्तीलाल के माध्यम से गंगापुरसिटी में पेपर कैसे उपलब्ध हुआ? रीट परीक्षा 2021 की स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच, पेपर लीक एवं धांधली से संबंधित मामलों की जांच सीबीआई को भेजी जाए।

## भाजपा ने सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और जिला अध्यक्ष राघव शर्मा द्वारा जयपुर शहर स्थित सुभाष चौक सर्किल पर सुभाष चंद्र जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर डॉ सतीश पूनिया ने कहा नेता जी ने 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' जैसे क्रांतिकारी शब्दों का प्रयोग कर देश के युवाओं को स्वतंत्रता के लिए जागृत किया था। शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा नेताजी युवाओं के लिए प्रेरणा पुंज थे। शर्मा ने कहा उनकी मृत्यु आज भी संशय है जिसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन समितियां बनाई जो कि इस जांच में जुटी है कि नेताजी की रहस्यमई मृत्यु कैसे हुई। अब स्वाधीनता दिवस 23 जनवरी से मनाया जाएगा, जिसका पहले 24 जनवरी से इसका आगाज होता था हम बधाई देते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिन्होंने नेताजी को इस 23 तारीख से स्वाधीनता कार्यक्रम की शुरुआत कर नेताजी की 125वीं जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# कलमकार पुरस्कारों की घोषणा, महेश कुमार, नैहनू राम प्रथम

**जयपुर,** (का.सं.)। देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था कलमकार मंच की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कलमकार पुरस्कार प्रतियोगिता में इस वर्ष कहानी एवं लघुकथा श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जयपुर के महेश कुमार की कहानी 'ख़ौफ़' और गीत, ग़ज़ल, कविता श्रेणी में प्रथम पुरस्कार टोंक के नैहनू राम मीना की रचना 'जातन' को

- संगीता सेठी और रामनारायण द्वितीय, तृतीय पुरस्कार राम करन, अनिता राठौर मंजरी, अनघा जोगलेकर, वाचस्पति सौरभ, देवेश पथसारिया, साधना जोशी प्रधान और प्रकाश प्रियम को
- आशुकवि बंकट बिहारी 'पागल' सम्मान दशरथ कुमार सोलंकी को

दिया जाएगा। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार कहानी एवं लघुकथा श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार बीकानेर, राजस्थान की संगीता सेठी की कहानी 'एक थी सिंड्रेला' और तृतीय पुरस्कार बस्ती, उत्तर प्रदेश के राम करन, आगरा, उत्तर प्रदेश की अनिता राठौर मंजरी और गुरुग्राम, हरियाणा की अनघा जोगलेकर को दिया जाएगा। गीत, ग़ज़ल एवं कविता श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार कोटा,



राजस्थान के रामनारायण मीना 'हलधर' की 'ग़ज़ल' और तृतीय पुरस्कार समस्तीपुर, बिहार के वाचस्पति सौरभ 'रेणु', अलवर, राजस्थान मूल के ताईवान निवासी देवेश पथसारिया और जयपुर की साधना जोशी प्रधान एवं मनोहरपुर, जयपुर के प्रकाश प्रियम को संयुक्त रूप से दिया जाएगा। इस वर्ष आशुकवि बंकट बिहारी 'पागल' सम्मान दशरथ कुमार सोलंकी को दिया जाएगा।

कलमकार मंच के राष्ट्रीय संयोजक निशांत मिश्रा ने बताया कि कलमकार पुरस्कार-2020-21 में देशभर से बड़ी संख्या में रचनाएं प्राप्त हुईं। टीम कलमकार की ओर से दो स्तर पर शॉर्टलिस्ट करने के बाद पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ रचनाओं का चयन निर्णायक मंडल में शामिल देश के जाने माने साहित्यकारों ने किया। कहानी एवं लघुकथा श्रेणी में वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक राजाराम भादू, कुमार मुकुल एवं कान्ता रॉय तथा गीत, कविता एवं ग़ज़ल श्रेणी में प्रियदर्शन, प्रभात और डॉ. दुष्यन्त जैसे वरिष्ठ साहित्यकार निर्णायक मंडल में शामिल थे। उन्होंने बताया कि करोना और ओमिक्रॉन के चलते मौजूदा हालात को देखते हुए कलमकार पुरस्कार समारोह का आयोजन सामान्य स्थिति होने पर अप्रेल, 2022 में किया जाएगा, जिसमें वर्ष 19-20 और 20-21 के विजेताओं को नवाजा जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कलमकार मंच की ओर से अप्रेल माह में आयोजित किये जाने साहित्य उत्सव और साहित्य यात्रा के तहत जैसलमेर में होने वाले आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि विश्वभर से पर्यटक जैसलमेर घूमने आते हैं फिर साहित्य सृजक ऐसे विश्व प्रसिद्ध जगह पर जाने से कैसे वंचित रह सकते हैं। उन्होंने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी प्रतियोगिता का उद्देश्य होता है कि उसके माध्यम से बेहतर प्रतिभाओं को खोजा जाए और इस दिशा में कलमकार मंच बेहतरीन कार्य कर रहा है। कलमकार की संस्थापक सदस्य उमा ने बताया कि आगामी 29 जनवरी को कलमकार मंच द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ व्यंग्यकार फारूक आफरीदी के व्यंग्य संग्रह 'धन्य है आम आदमी', किस्सागोई फेम लेखिका उमा के कहानी संग्रह 'चाँद, रोटी और चादर की सिलवटें', महेश कुमार के उपन्यास 'शहरी शरीफ़', दशरथ कुमार सोलंकी के काव्य संग्रह 'उजास के अर्थ', ओमप्रकाश नौटियाल के कहानी संग्रह 'शतरंजी खंभा', डॉ. पीयूष चंद्र पंड्या के व्यंग्य संग्रह 'ताल से ताल मिला', सेवा सदन प्रसाद के लघुकथा संग्रह 'अंत:प्रेरणा', प्रकाश प्रियम के संस्मरण 'अतीत का सफ़रनामा', डॉ. भोला शंकर मिश्र के कहानी संग्रह 'जीवन' एवं 'भ्रान्ति', दीपक ठाकुर के काव्य संग्रह 'पहाड़ी लड़की' और नीतू झारोटिया 'रूद्राक्षी' के काव्य संग्रह 'क्योंकि... बस इतना ही' का विमोचन जयपुर में आयोजित समारोह में किया जाएगा।

कलमकार पुरस्कारों की घोषणा के दौरान मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, डॉ. सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज, गजेन्द्र एस. श्रोत्रिय और उमा मौजूद थे। कोविड गाइड लाइन की पालना में पुरस्कार घोषणा का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया पर किया गया।

## वारदात की फ़िराक में घूम रहा वांटेड बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने वारदात की फ़िराक में घूम रहे वांटेड अपराधी को लालकोठी सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा सहित कारतूस जब्त किए हैं।

डीसीपी (ईस्ट) प्रह्लाद कृष्णियां ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित रवि उर्फ कान्हा (23) गौतम नगर, बजाज नगर का रहने वाला है। आरोपित रवि और इसका छोटा भाई अजय उर्फ़ टुंडा आदतन अपराधी है, जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपरधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित बजाज नगर और सांगानेर थाने के प्रकरणों में वांछित था। एसआई प्रकाशराम विश्नोई को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद आरोपी को सब्जी मंडी के पास वारदात की फ़िराक में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

# सरकार, मंत्री और प्रशासन अबोध बेटी की पीड़ा को समझते हैं पिकनिक का अवसर : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अलवर में मूक बधिर बालिका से दुष्कर्म मामले में राज्य सरकार के मंत्री और अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

रविवार को बयान जारी कर शेखावत ने कहा कि एक तरफ नाबालिग बिटिया से हुए दुष्कर्म के विरोध में समूचा अलवर जिला बंद रहा और आम जनता ने अपनी दिनचर्या रोक दी, वहीं दूसरी ओर

- केंद्रीय मंत्री ने अलवर गैंगरेप मामले पर राज्य सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल

राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री टीकाराम जूली अलवर जिला कलेक्टर और एसपी समेत कई अधिकारियों को लेकर सरिस्का अभयारण्य घूमने को निकले थे।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मतलब ये सरकार, उसके मंत्री और उसका प्रशासन एक अबोध बेटी की पीड़ा को पिकनिक का अवसर समझते हैं। इनके लिए समाज की करुणा, उसका दुख और उसका रोष जैसे रोज की बात है। केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि क्यों गहलोत क्या आप भी यही सोचते हैं कि यह सब तो चलता रहता है, ऐसे मामलों पर ज्यादा ध्यान देना नहीं चाहिए? शेखावत ने कहा कि मंत्री टीकाराम जूली की संवेदना और कर्तव्य बोध का निर्णय अब जनता को ही करना होगा।

## सुभाष चंद्र बोस स्वधर्म, स्वराज्य तथा स्वाभिमान की प्रेरणा : अद्वैतचरण

**जयपुर।** 'समय आ गया है कि हम सुभाष चंद्र बोस के नाम से नवयुवाओं को जोड़े। सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर परिचर्चा मात्र न करें अपितु स्वयं परिश्रम करके अगले दो दशकों में भारत को श्रेष्ठ, समृद्ध तथा गौरवशाली बनाएँ।' ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अद्वैतचरण दत्त ने व्यक्त किए। वे जयपुर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सोशल मीडिया के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण हुआ। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में अद्वैतचरण ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर जानकारी देते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस के साथ डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार, वीर सावरकर तथा लाल बाल पाल के निकट वैचारिक संबंध रहे तथा इन सबने मिलकर योजनापूर्वक देश की स्वाधीनता के लिए अपने-अपने क्षेत्र में कार्य किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पलक विक्रम तुलस्यानी से बदलकर छाया कृष्नानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता- 47, सागर एन्क्लेव नियर विधानसभा नगर, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर

**आम सूचना** मेरे मुवक्किल मोहम्मद सलीम पुत्र श्री सईदुल्लाह खान निवासी मकान नम्बर 3798, एस के मंजिल बाबू का टीबा, नगीना मस्जिद, जयपुर के पुत्र मोहम्मद हसन खान का व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति सही नहीं है तथा मोहम्मद हसन को मेरे मुवक्किल ने उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपनी नीजि जिन्दगी से बेदखल कर दिया है कोई भी व्यक्ति मोहम्मद हसन खान से यदि कोई संव्यवहार या लेन देन करेगा तो उसके लिये मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (शमी अली) एडवोकेट
दिनांक-23.01.2022 मो.नं. 9828075086

# श्रीगंगानगर जिले में मांझूवास के स्कूल में 32 बच्चे पॉजिटिव

## 222 नए रोगी आए सामने, पिछले चार दिन में मिले 1100 से ज्यादा पॉजिटिव

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** इलाके में कोरोना बेहद तेजी से पांव पसारता जा रहा है। आलम यह है कि पिछले चार दिन में ही 1122 नए रोगी समने आ चुके हैं। खास बात यह है कि इनमें 80 से ज्यादा संख्या स्कूल स्टूडेंट्स की है। इलाके में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल लगाए जा रहे हैं। ऐसे में एक दूसरे के संपर्क में आकर बच्चे लगातार संक्रमित हो रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट तो हर दिन इफैक्टेड बच्चों की जानकारी जुटा ही रहा है, शिक्षा विभाग के अधिकारी भी लगातार इस बारे में डाटा कलेक्ट कर रहे हैं।

इलाके के चूनावढ़ और राजियासर के स्कूलों में कोरोना संक्रमण के बाद अब पदमपुर इलाके के गांव मांझूवास में कोरोना के अटैक की जानकारी मिली है। शनिवार शाम आई रिपोर्ट में स्कूल के 32 स्टूडेंट्स इफैक्टेड पाए गए हैं। ऐसे में गांव में दहशत का माहौल है। इन बच्चों के संपर्क में आए बच्चे और उनके

■ **80 से ज्यादा स्कूली बच्चे प्रभावित**

परिजन भी अब सैंपल देने की तैयारी कर रहे हैं। ये बच्चे अभी होम आइसोलेशन में ही इलाज ले रहे हैं।

इसके अलावा जिले में सादुलशहर में 51, पदमपुर में 33, श्रीगंगानगर ग्रामीण में 35 और श्रीगंगानगर शहर में 103 नए रोगी मिले हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के ऑफिसर लगातार सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे हैं। जिले में अब तक गांव चूनावढ़ के गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल में 25 और राजियासर के दो प्राइवेट स्कूलों में 28 बच्चे कोरोना इफैक्टेड हो चुके हैं। यह तीसरा मौका है जब पदमपुर इलाके के गांव मांझूवास में 28 बच्चे कोरोना इफैक्टेड मिले हैं। सीडीईओ हंसराज यादव का कहना है कि एजुकेशन डिपार्टमेंट अपने स्तर पर भी बच्चों के इफैक्टेड होने की मॉनिटरिंग कर रहा है।

## टोंक जिले में 179 पॉजिटिव मिले

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिले में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ता रहा है और रविवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 179 पॉजिटिव मरीज पाएं गए हैं, जिससे लगातार आमजन में हडकम्प मचा हुआ है। चिकित्सा विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रविवार को कोरोना जांच रिपोर्ट में टोंक शहर 88, टोंक ग्रामीण 35, देवली 5, निवाई 10, उनियारा 40 कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं।

अब जिले में 1152 कोरोना पॉजिटिव केस हो गए है। राविवार को 1025 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं। लगातार कोरोना मरीज आने से लोगों में भय भी व्याप्त हो रहा है, पर प्रशासन की ओर से सख्ती नहीं होने के कारण लोग बिना मास्क घूम रहे हैं।

## उदयपुर जिले में कोरोना से दूसरे दिन भी मौत

**उदयपुर, (कासं.)।** उदयपुर जिले में रविवार को दूसरे दिन भी कोरोना से एक वृद्धा की मौत हो गई है। जिले में आज 453 पॉजीटिव मिले है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में निजी चिकित्सालय में भर्ती एक 89 वर्षीय वृद्धा की कोरोना से मौत होने की पुष्टि हुई है। वृद्धा अन्य बीमारियों से भी ठासित थी। जिले में लगातार दूसरे दिन कोरोना से मौत हुई है। शनिवार को खेरवाड़ा के करछा क्षेत्र की एक 40 वर्षीय महिला की भी कोविड से मौत हो गई थी। खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 2638 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 2185 नेगेटिव व 453 पॉजीटिव मिले है।

शहरी क्षेत्र में मिले 245 संक्रमितों में 30 कोरोना वॉरियर्स, 121 नए संक्रमित, 92 क्लॉज कांटेक्ट व 02 माइठोंट शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 208 पॉजीटिव में 27 कोरोना वॉरियर्स, 70 क्लॉज कांटेक्ट, 110 नए संक्रमित व 01 माइठोंट है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 66217 हो गया है। इनमें से 60888 रिकवर हो चुके है। जिले में आज 734 संक्रमित रिकवर हुए है। एक्टिव केस की संख्या 4570 है इनमें से 4477 होम आइसोलेटेड व 93 चिकित्सालय में भर्ती है। अब तक जिले में कोरोना से 759 मौत हो चुकी है।

# जोधपुर में कोरोना से दो की मौत, 1177 नये संक्रमित सामने आए

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में कोरोना का कहर रविवार को भी जारी रहा आज दो संक्रमितों ने दम तोड़ दिया। आज 3401 जनों की जांच की गई, उसमें 1177कोरोना संक्रमित पाए गए। आज 760 जने रिकवर भी किए गए।

जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के इंसिडेंट कमांडर व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोविड-19 समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने इंसिडेंट कमांडर्स को विशेष तौर पर होम आइसोलेशन में रह रहे पेशेंट को नियमित व व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर कोविड-19 की गाइड लाइन की पालना को लेकर की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा की अन्य जिलों से आने वाले नागरिकों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव आने के साथ ही उनसे कोविड-19 की गाइडलाइंस के अनुपालन में नियमित समय तक होम आइसोलेशन में रहने की आवश्यकता है, जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति से शपथ पत्र भरवाये जाएं।

जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेंपलिंग की पेंडेंसी शून्य रहे तथा पेशेंट्स की डाटा फीडिंग में विलंब न हो। गुप्ता ने कहा की आगामी कुछ समय तक सभी संबंधित अधिकारी व इंसिडेंट कमांडर विवाह समारोह व अन्य आयोजनों का औचक निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि वहां कोविड गाइड लाइन की पालना की जा रही है।

कलेक्टर ने सभी इंसिडेंट कमांडर और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति के पॉजिटिव आने के 24 घंटे के भीतर ही उन्हें चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हो। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सीएमएचओ डॉ बलवंत मंडा से रेंडम सेंपलिंग की रणनीति तैयार करने को कहा। बैठक में जेडीए आयुक्त डॉ. इंद्रजीत यादव, नगर निगम उत्तर आयुक्त आयुक्त राजेन्द्रसिंह कविया, नगर निगम दक्षिण के आयुक्त अरूण पुरोहित, अपर जिला कलेक्टर प्रथम मदनलाल नेहरा, एडीएम सिटी द्वितीय सत्यवीर यादव, एडीएम द्वितीय सभी इंसीडेंट कमांडर उपस्थित थे।

## जैसलमेर में 115 संक्रमित मिले

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर जिले में 742 जनों की जांच की गई। जिसमें 115 जने रविवार को कोरोना से पॉजिटिव पाए गए। जैसलमेर शहर में 15 व ग्रामीण क्षेत्र में 46 जिले के सम ग्रामीण इलाकों में 23, पोकरण शहर में 3और पोकरण ग्रामीण क्षेत्र में 28 कोरोना से पॉजिटिव पाए गए। वहीं 97 जने रविवार को कोरोना मुक्त घोषित किए गए।

## हनुमानगढ़ में 279 नए कोरोना केस मिले

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में रविवार को जारी रिपोर्ट में 279 नए कोरोना मरीज मिले हैं। रविवार को जारी हुई रिपोर्ट शनिवार को लिए गए सैंपल की है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को 1251 सैंपल लिए गए। इनमें से 279 पॉजिटिव है। 8 लोगों की रिपीट

■ **8 लोगों की रिपीट रिपोर्ट पॉजिटिव आई, वीकेंड कर्फ्यू में बिना मास्क लोग बाजारों में घूमते आए नजर**

रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जबकि 94 सैंपल दोबारा मंगवाए गए है।

जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या में हर रोज तेजी से बढ़ौतरी हो रही है। शुक्रवार और शनिवार की कुल रिपोर्ट में 674 नए रोगी मिले थे। इससे पहले गुरुवार को कोरोना के 383 पॉजिटिव केस मिले। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच प्रशासन सख्त निर्णय नहीं ले पा रहा है। हालांकि रविवार को वीकेंड कर्फ्यू जारी है, लेकिन बाजारों में बिना मास्क लोगों की भीड़ अब भी लगातार नजर आ रही है।

# बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, तीन की मौत

## नदबई विधायक जोगेंद्र अवाना आरबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचे व परिजनों को सांत्वना दी

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र के लुधावई मंदिर के पास एक बाइक पर सवार तीन युवकों को पीछे से ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी जिससे तीनों युवको की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर सेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को आरबीएम हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सेवर थाने के एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि कृष्णा पुत्र रामभरोसी निवासी महमदपुर नदबई, वीनेश पुत्र गोपाल सैनी निवासी महमदपुर नदबई, जीतू पुत्र हनुमान सहाय निवासी मंडावर महुआ हैं। तीनों युवक आज बिजली का काम करने के लिए महमदपुर नदबई से भरतपुर एक बाइक पर आ रहे थे। लुधाबई मंदिर के पास बाइक में पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारकर फरार हुई ट्रैक्टर ट्रोली को सेवर पुलिस ने 15 किलोमीटर पीछाकर ड्राइवर सहित पकड लिया।

थाने में तीनों युवक के परिजन आरबीएम अस्पताल पहुंचे और तीनो युवको की शिनाख्त की। नदबई विधायक जोगेंद्र अवाना आरबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचकर मृतक युवकों के परिजनों को सांत्वना दी और गहरा दुःख जताया।

# विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के लोग



मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग।

**सैंपऊ/धौलपुर, (निसं)।** बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के खिलाफ गाली-गलौज एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का पूर्व डकैत जगन गुर्जर का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश भड़क गया।

शनिवार को कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं आमजन ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सैंपऊ एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर पूर्व डकैत जगन गुर्जर को गिरफ्तार करने की मांग की गई। गौरतलब है कि शनिवार को पूर्व दस्यु जगन गुर्जर ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में मलिंगा के खिलाफ गाली-गलौज कर अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसको लेकर उपखंड कार्यालय सैंपऊ पर रविवार सुबह से ही विधायक के समर्थक सैकड़ों की तादाद में जमा हो गए।

कस्बे के मुख्य बाजार में नारेबाजी करते हुए प्रशासन और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हरि सिंह परमार, कांग्रेसी नेता अभय शर्मा, प्रवक्ता सुभाष सरपंच सतीश परमार, सरपंच ओमकार परमार, सरपंच के के शर्मा, सरपंच अजय कांत शर्मा, गिरीश मरैया, सरपंच श्याम परमार, सरपंच राधेश्याम परमार, उप प्रधान दुष्यंत बघेल, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सिंह परमार, शिक्षाविद संजीव परमार आदि मौजूद रहे।

# मंत्री शेखावत ने अलवर गैंगरेप मामले में राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अलवर में मूक बधिर बालिका से दुष्कर्म मामले में राज्य सरकार के मंत्री और अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

■ **सरकार, मंत्री और प्रशासन अबोध बेटी की पीड़ा को पिकनिक का अवसर समझते हैं : शेखावत**



शेखावत ने जोधपुर निवास पर दो घण्टे जनसुनवाई की, फिर दिल्ली पहुंचे।

केन्द्रीय जल शक्ति गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार को जोधपुर निवास पर करीब दो घंटे तक आमजन से मुलाकात कर जन सुनवाई की। इसके बाद विशेष विमान से अहमदाबाद रवाना हुए। बाद में वहां से दिल्ली पहुंचे। रविवार को शेखावत ने कहा कि एक तरफ नाबालिग बिटिया से हुए दुष्कर्म के विरोध में समूचा अलवर जिला बंद रहा और आम जनता ने अपनी दिनचर्या रोक दी। दूसरी ओर राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री टीकाराम जूली अलवर जिला कलेक्टर और एसपी समेत कई अधिकारियों को लेकर सरिस्का अभयारण्य घूमने को निकले थे।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मतलब ये सरकार, उसके मंत्री और उसका प्रशासन एक अबोध बेटी की पीड़ा को पिकनिक का अवसर समझते हैं। इनके लिए समाज की करुणा, उसका दुख और उसका रोष जैसे रोज की बात है। केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि क्यों गहलोत जी क्या आप भी यही सोचते हैं कि यह सब तो चलता रहता है, ऐसे मामलों पर ज्यादा ध्यान देना नहीं चाहिए?

## बेटी की शादी से कुछ घंटों पहले पिता लापता

**कोटपूतली, (निसं)।** परिवार में बारात आने से कुछ समय पूर्व ही जयपुर से कोटपूतली आ रहा लड़की का पिता लापता हो गया। जिसको लेकर परिवार में हड़कंप मच गया परिजनों ने थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

बताया जा रहा है कि मुंसिफ कोर्ट के सामने रहने वाले अशोक कुमार पुत्र ग्यारसी लाल सैनी की बेटी की शादी की रस्म रविवार को थी। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि इस संबंध में प्रकाश चन्द पुत्र ग्यारसी लाल ने गुमशुगी का मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई अशोक 22 जनवरी को नारायणसिंह सर्किल जयपुर से बस में बैठ कर देर शाम वापस कोटपूतली आ रहा था परिजनों से फोन पर रात्री करीब 9:25 बजे हुई बातचीत के दौरान उसने 10 मिनट में कोटपूतली पहुंचने की बात कही थी लेकिन अशोक ना तो घर पहुंचा और ना ही जयपुर पहुंचा। रिपोर्ट के मुताबिक अशोक अपनी बेटी की शादी के गहने लेकर घर लौट रहा था।

# चांदपहाड़ी गांव में बरातियों से बदमाशों ने मारपीट

**अलवर, (निसं)।** अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चांदपहाडी गांव में शनिवार को जिस शादी में शाम 5 बजे कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली पहुंचे। उसी में देर शाम बारातियों की मारपीट कर दी। इस दौरान दूल्हे पर पत्थर फेंका और बारातियों को बेल्ड व डंडे से पीटा। इसमें 4 से 5 लोगों को हल्की चोट आई हैं। इस घटना में अकबरपुर सीएचसी के सीनियर डॉक्टर को भी चोट लगी है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने 2 जनों को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान 4 से 5 बदमाश थे।

डॉ. बीएल कैरवाल ने बताया कि जब दूल्हा घोडी पर था तब अचानक एक छोटा पत्थर फेंका गया। उसे किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। आस-पास जिन युवकों पर शक हुआ उनको धमका दिया। इसके बाद बारिश आने के कारण दूल्हे को कार में बैठाकर आगे ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब बारात वापस लौटने लगी तब 4 युवकों ने अचानक आकर मारपीट की। बाराती अपने-अपने वाहनों में बैठे थे। उस

■ **मंत्री जूली के बरात से आने के बाद बेल्ट और डण्डे से की मारपीट**

■ **मारपीट कर भागते युवकों में से 2 जनों को गिरफ्तार किया**

समय एक-एक वाहन से लोगों को बाहर निकाला। कइयों से बेल्ट व डंडे से मारपीट की। डॉ. कैरवाल को मुंह पर चोट लगी। दुल्हन के पिता को भी हल्की चोट लगी है। इसके बाद एसडीएम, सीओ, एसएचओ सहित पुलिस का पूरा लवाजमा आया। ग्रामीणों ने जिन युवकों को मारपीट कर भागते देखा उनमें से 2 जनों को गिरफ्तार किया गया बाकी दो की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि रात को ही दो को गिरफ्त में ले लिया था बाकी को जल्दी पकड़ लिया जाएगा। बारातियों से मारपीट करने का मामला भी दर्ज किया गया है।

## कॉलेज स्टूडेंट को पीट-पीटकर अधमरा किया

**अलवर, (निसं)।** सोशल मीडिया पर कमेंट करने से नाराज युवकों ने सेकेंड ईयर के कॉलेज स्टूडेंट को इतना पीटा की वह अधमरा हो गया। गुंडों ने युवक पर लट्ठ बरसाए, जिससे उसके हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बानसूर के गिरुडी के निकट मंडिजा बसई गांव के राहुल गुर्जर को नदी के पास सुनसान क्षेत्र में ले जाकर जमकर पीटा। तीन जनों ने गाली-गलौज करते हुए लट्ठ बरसाए। युवक जान की भीख मांगता रहा, माफी मांगता रहा, लेकिन बदमाश उसे लगातार पीटते रहे। आखिर में अधमरा छोडकर चले गए। अस्पताल में भर्ती युवक के पुलिस ने बयान लिए हैं।

पुलिस ने बताया कि मारपीट करने वालों में दो नामजद हैं। जो पास के नारायणपुर और बालावास के बताए गए हैं। दो अज्ञात हैं पुलिस को बदमाशों की तलाश है। युवकों ने दहशत फैलाने के लिए मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर दिखाया था।

# वीकेंड कर्फ्यू में गश्त के बीच मांस की दुकानें खुली रही

**देवली, (निसं)।** यहां वीकेंड कर्फ्यू में प्रशासन की दोहरी नीति को लेकर व्यापारियों में नाराजगी दिखाई दी। रविवार को यहां शहर वीकेंड कर्फ्यू की पालना में बंद दिखाई दिया मगर वीकेंड कर्फ्यू के दिन रविवार को ही प्रशासन की गश्त के बीच मांस मीट की दुकानें खुली रही। शटर बंद की आड़ में पालिका एवं पुलिस के गश्ती दल मांस

■ **वीकेंड कर्फ्यू में प्रशासन की दोहरी नीति पर व्यापारियों में नाराजगी**



वीकेंड कर्फ्यू के दौरान आधा शटर खोलकर मांस बेचते दुकानदार।

मीट की बिक्री को रोकने की जहमत नहीं उठा सके। वहीं जानकारी के अनुसार रविवार को पालिका प्रशासन के एक गश्ती दल ने शहर की दुकानों को बंद रखने के लिए गश्त की इस दौरान पालिका के गश्ती दल को बस स्टैंड के बाहर एक मिठाई की दुकान का आधा शटर खुला दिखाई दिया इस पर गश्ती दल के कर्मचारी ने मिष्ठान भंडार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे आर्थिक दंडित करना उचित समझा और गाइडलाइन के उल्लंघन पर दुकान का चालन बनाया। साथ ही गश्ती दल ने मिष्ठान भंडार को बंद रखने की चेतावनी दी।

मिष्ठान भंडार के विरुद्ध कार्रवाई होने की जानकारी यहां व्यापारियों को मिली तो इस पर कई व्यापारियों ने मीडिया के समक्ष अपनी पीड़ा बया करते हुए बताया कि वीकेंड कर्फ्यू को लेकर प्रशासन ने दोहरी नीति अपनाई हुई है। कई व्यापारियों ने बताया कि शहर में लगभग डेढ़ दर्जन मांस मीट की दुकानें प्रशासन से बेखौफ रहकर सुबह से खुली हुई अपना अपना कारोबार कर रही है। मीडिया ने मिली शिकायत पर कवरेज किया तो इस दौरान साफ तौर पर दिखाई दिया कि मीट मास के कारोबारी शटर बंद की आड़ में रहते हुए मीट मास खुला कारोबार कर रहे थे।

## 5.25 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद, एक गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर 5.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। जिले में अवैध मादक पदार्थ के नशेडियों, तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस ने 23 जनवरी को कस्बा गश्त के दौरान खारी रोड से करडा चार रास्ता की तरफ आने वाली रोड पर पाबूबाई चुन्नीलालजी सेठ राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीनमाल के पास एक व्यक्ति पैदल-पैदल सामने से आता दिखाई दिया। व्यक्ति पुलिस जाब्ते को देखकर स्कूल की दीवार को कूदने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम को उक्त शख्स संदिग्ध प्रतीत होने पर घेरा देकर दस्तयाब कर नाम पता पूछा तो अपना नाम केसरसिंह पुत्र उतमसिंह निवासी कुशलापुरा पुलिस थाना भीनमाल जिला जालौर होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो केसरसिंह के कब्जे से कुल 5.25 ग्राम स्मैक (हेरोइन) पाई गई। पुलिस टीम द्वारा अवैध स्मैक (हेरोईन) जब्त कर मुलजिम केसरसिंह को गिरफ्तार किया।

# मेनाल गेस्ट हाउस एवं ईको पार्क बना अधिकारियों की मौज मस्ती का अड्डा, कार्मिक गश्त के बजाय आवभगत में लगे

## रिजर्व फारेस्ट एरिया में अवैध खनन, पेडों की कटाई का काम पनपता जा रहा है

**मांडलगढ, (निसं)।** मांडलगढ उपखण्ड के कोटा-चित्तौडगढ़ नेशनल हाइवे सडक किनारे पर्यटन स्थल मेनाल में स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस एवं ईको पार्क पर आए दिन उच्चाधिकारी मौज-मस्ती के लिए आते रहते हैं ओर दिन व रात्रि में पार्टियां भी की जाती हैं। मेनाल वन चौकी पर तैनात कार्मिक क्षेत्र में गश्त करने के बजाय अधिकारियों की आवभगत में लगे रहते हैं। जिससे रिजर्व फारेस्ट एरिया में अवैध खनन, पेडों की कटाई का काम दिनों दिन पनपता जा रहा है।

ऊपरमाल वन सुरक्षा महासंघ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने इस मामले में प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को शिकायत भी की लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया हैं। जोशी ने उक्त मामला मांडलगढ पंचायत समिति की बैठक में भी उठाया था। मांडलगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण जोशी द्वारा वन मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि क्षेत्रिय वन अधिकारी की कथित लापरवाही से वन क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पडे हैं। वहीं जंगल की भूमि में कई जगह खनन का मलबा डालने से वनस्पति भी नष्ट होती जा रही हैं। मेनाल के ईको पार्क को विकसित नहीं किया जा रहा है जबकि वन सुरक्षा समितियों के प्रशिक्षण एवं भृमण में भी इको पार्क का उपयोग नहीं किया जाता है। ऊपरमाल में रिजर्व फारेस्ट एरिया की सुरक्षा के लिए तैनात

■ **प्रशासन व विभागीय अधिकारी शिकायत पर मौन, वन क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं**

वनकर्मियों को यहां आने वाले अधिकारियों की आवभगत मजबूरन करनी पड़ती है।

जोशी ने पत्र में बताया कि मांडलगढ रेंज वन क्षेत्र में मनरेगा योजना से वन क्षेत्र को बचाने के लिए क्षतिग्रस्त दीवारों के मरम्मत एवं जल संरक्षण के कार्य किए जाने चाहिए एवं जहरीली प्रजाति लेंटाना (सत्यानाशी रुकडी) रोकने, हटाने का कार्य भी मनरेगा के तहत किया जाना चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को एक्शन प्लान तैयार कर पंचायत समिति व जिला परिषद को भेजना चाहिए लेकिन क्षित्रय वन अधिकारी की लापरवाही के चलते मनरेगा योजना में रुचि नहीं दिखाई जा रही हैं। जोशी ने बताया कि पर्यटन स्थल मेनाल में ऐतिहासिक तालाब के पास कैचमेंट वन क्षेत्र में खदानों के मलबे को डाला जा रहा हैं जिसे रोकना चाहिए एवं ओर फॉरेस्ट भूमि का सीमांकन कर चेतावनी बोर्ड लगा कर वन भूमि को सुरक्षित करना चाहिए।

# वीकैंड कर्फ्यू : राजधानी के प्रमुख बाजार बंद रहे, सड़कों पर दिनभर पसरा सन्नाटा

## हवामहल के सामने सेल्फी लेने को इकट्ठा हुए पर्यटक, कुछ ने ड्रोन तक उडा दिया





वीकैंड कर्फ्यू के दौरान रविवार को परकोटे समेत शहर के प्रमुख बाजार बंद रहे। लोगों की आवाजाही कम होने से सड़कों पर भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। करोना की तीसरी लहर में राजधानी जयपुर में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। वीकैंड कर्फ्यू के दौरान रविवार को परकोटे समेत शहर के प्रमुख बाजार बंद रहे। लोगों की आवाजाही कम होने से सड़कों पर भी दिनभर सन्नाटा सा पसरा रहा।

हालांकि हवामहल के सामने कुछ पर्यटक भीड़ में इकट्ठा होकर सेल्फी लेते नजर आये। इनमें से अधिकांश ने मास्क और दो गज की दूरी जैसे नियम-कायदे ताक पर रख रखे थे। एक पर्यटक ने तो यहां सेल्फी लेने के लिए ड्रोन तक उडा दिया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी युवक को पकड़कर पहले थाने में ले गये, फिर उसे दुबारा ऐसी गलती नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ भी दिया।

- **पुलिस ने सड़कों पर संभाला मोर्चा, नाकाबंदी कर बेवजह घूमने वालों से पूछताछ की**

दरअसल वीकैंड कर्फ्यू में राशन, डेयरी, फल-सब्जी और दवा समेत आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को आवागमन की छूट दे रखी है। हालांकि कुछ लोग इसी का फायदा उठाकर बाहर घूमते दिखे। पुलिस ने नाकाबंदी करके सड़कों पर मोर्चा संभाला, बेवजह आवाजाही करते मिले लोगों को पकड़कर पूछताछ.भी की गई, यहां तक कि कुछ लोगों के चालान भी काटे गये।

ज्ञात रहे कि राज्य सरकार ने वीकैंड कर्फ्यू का दायरा प्रदेश में से हटाकर सिर्फ शहरों तक ही सीमित कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। वीकेंड कर्फ्यू के दौरान सभी बाजार, शॉपिंग मॉल, जिम क्लब और अन्य दुकानें बंद रहेंगी।

साथ ही स्ट्रीट वेंडर्स, थड़ी-ठेले वालों को भी छूट नहीं दी गई है। कर्फ्यू के दौरान सिर्फ दूध-डेयरी बूथ, फल-सब्जी मंडी की दुकानें, किराना दुकानें, आईटी, टेलीकॉम सेवाएं, मेडिकल स्टोर, प्रॉडक्शन वाली फैक्ट्रियां, नाइट शिफ्ट वाली फैक्ट्रियों को छूट है। इसके अलावा आपातकालीन सेवाओं वाले ऑफिस, माल लाने-ले जाने वाले सभी वाहनों के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों को छूट रहेगी।



हवामहल के सामने ड्रोन उठा रहे व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# 11 हजार केवी का करंट लगने से रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

## अमानीशाह दरगाह के सामने जमीन पर चींटी और कबूतरों को दाना डालने आया था मृतक

**जयपुर**। भट्टाबस्ती इलाके में विद्युत विभाग की लापरवाही से रविवार सुबह एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई। वह 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन के पोल की चपेट में आया था। करीब 80 प्रतिशत जलने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। निजी वाहन से मृतक के शव को अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे की अमानीशाह दरगाह के सामने खाली जमीन की है। वहां चींटी और कबूतरों को दाना डालने आए मजीद अब्बासी 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन के पोल की चपेट में आ गए। करंट से करीब 80 प्रतिशत शरीर झुलस गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विद्युत विभाग को सूचना दी। इसके बाद पोल में प्रवाहित करंट को बंद कराया गया और शव को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

पुलिस को परिजनों ने बताया कि मृतक मजीद अब्बासी (62) जेपी कॉलोनी, भट्टाबस्ती का रहने वाला था। वह नगर निगम में बिजली डिपार्टमेंट से रिटायर्ड कर्मचारी था। वह कई सालों से लगातार सुबह के समय अमानीशाह की दरगाह आता था। यहां नमाज पढ़ने के बाद खाली जगह पर चींटी और कबूतरों के लिए दाना डालता था। रविवार सुबह भी नमाज पढ़कर दाना डालने गया था, लेकिन हाईटेंशन लाइन के पोल की चपेट में आकर उसके हाथ, पैर, सिर, घटने बुरी तरह झुलस गए। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

- **टूटे तार से फैला हाईटेंशन लाइन के पोल में करंट, मौके पर ही 80 फीसदी झुलस गया था वृद्ध**
- **विद्युत विभाग ने शनिवार से टूटे पोल के इंसुलेटर की सुध नहीं ली, हादसा होने के बाद तुरंत फॉल्ट सुधाकर अपनी लापरवाही छिपाने की कोशिश की**

बताया जा रहा है कि जिस पोल की चपेट में आकर यह हादसा हुआ है। शनिवार रात को उस पोल का एक इंसुलेटर टूट गया था, जिससे तार पोल पर लगी एंगल से टच हो गया। इससे पूरे पोल में करंट प्रवाहित हो गया था। सुबह के समय बुजुर्ग जैसे ही उसके पास से निकला, वह उसकी चपेट में आ गया।

ताज्जुब की बात यह है कि शनिवार रात से ख़राब हाईटेंशन लाइन पोल को ठीक करने विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा था। लेकिन, बुजुर्ग की मौत के बाद विभाग ने आनन-फानन में लाइन को दुरुस्त कर लापरवाही को छिपाने का प्रयास किया।

# किसानों की कर्जमाफी कर जमीनों की नीलामी रोके सरकार : सतीश पूनिया

**जयपुर**। राजस्थान में किसानों के कर्ज माफी एवं नीलाम हो रही किसानों की जमीनों के सन्दर्भ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है।

डॉ. पूनिया ने गहलोत को पत्र में लिखा कि, राजस्थान का किसान निरंतर चुनौतियों का सामना कर रहा है। खेती के कार्यों में उतार-चढ़ाव के कारण आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज का ही सहारा लेता है और कालान्तर में आय के अन्य स्त्रोत नहीं होने से वही कर्ज उसका मर्ज बनता चला जाता है। आज राजस्थान का किसान विभिन्न बैंकों सहित अन्य वित्तीय संस्थाओं का कर्जदार है और कर्ज न चुका पाने के कारण हताश एवं निराश है तथा विगत 3 वर्षों में आत्महत्या जैसे कृत्य करने को विवश है।

विगत 2018 के चुनावों के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के किसानों को किए गए कर्जा माफी के वादे के पूरा न होने से किसानों में निराशा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के लगभग 1 लाख 35 हजार किसानों की जमीन कुर्की के दायरे में आ रही है। इन किसानों पर लगभग 2 हजार 928 करोड़ पये रुपये का कर्ज बकाया है। बैंकों ने इन खातों को एनपीए में डालकर वसूली के लिए 'रिमूवल ऑफ डिफिक्लटीज एक्ट' (रोडा) के अन्तर्गत केस दर्ज कराए हैं तथा लगभग 80 हजार एनपीए खाते 1 वर्ष पुराने हैं।

विगत वर्ष स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कृषि एनपीए वन टाइम सैटलमेंट के तहत 10 प्रतिशत राशि लेकर खाते बंद किये थे, लेकिन उस समय राज्य सरकार ने कोई रूचि नहीं दिखाई। अब आपने बैंकों को वन टाइम सेटलमेंट के लिए कहा है परन्तु साथ ही बैंकों ने 9 हजार किसानों के जमीन की नीलामी की कार्यवाही शुरू कर दी है, विगत दिनों में अलवर जिले के थानागाजी के पास ग्राम-हींसला में शहीद यादराम के पिता जयराम सहित 6 किसान परिवारों की जमीनों की नीलामी कर दी गई, कुछ अन्य जिलों में भी नीलामी के मामले सामने आये हैं। यह सर्वविदित है कि राज्य का किसान हालात से लड़ रहा है, कभी अतिवृष्टि तथा अन्य आपदाओं से जूझ रहा है। चूंकि राजस्थान के किसानों की कर्जमाफी का वादा आपके दल कांग्रेस द्वारा 2018 के चुनावों में किया गया था और कदाचित राजस्थान के किसानों ने इसी लोक-लुभावन वादे पर कांग्रेस को समर्थन किया होगा। ऐसे में इस वादे को पूरा करने के लिए केन्द्र पर डालने और लिखने की बजाय किसानों के ओवर ड्यू के समाधान की जिम्मेदारी राज्य सरकार स्वयं उठाये।

# कश्मीर भागने की फिराक में बैठा पंजाब का मुख्य चरस सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़ा

## 20 जनवरी को टाटियावास टोल पर निजी बस में करीब 5 किलो चरस के गिरफ्तार हुए आरोपी शेख आरिफ से पूछताछ में सामने आया था नाम

**जयपुर** (कासं)। चौमूं इलाके में पिछले दिनों एक करोड़ रूपए की 5 किलो चरस के साथ पकड़े गए आरोपी शेख आरिफ से पूछताछ करके विश्वकर्मा थाना पुलिस ने जम्मू कश्मीर के मुख्य तस्कर को पंजाब के गुरुदासपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है।

डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार अन्तर्राज्यीय तस्कर बशीर अहमद मलिक (37) मूलतः गांव शगन थाना खड़ी जिला रामबन, जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है। सीआईडी सीबी को आरोपी द्वारा समुदाय विशेष के पैडलर तैयार कर देश के कोने-कोने में नशे की खेप सप्लाई करने के इनपुट मिले थे। इसी इनपुट के आधार पर चौमूं थानाधिकारी हेमराज के नेतृत्व में गठित टीम ने 20 जनवरी को एक संदिग्ध निजी कोच बस को टाटियावास टोल प्लाजा पर रुकवाया। बस में बैठी सवारियों की तलाशी ली तो एक यात्री शेख आरिफ उर्फ मोहम्मद आरिफ निवासी अजमेर के पास 4 किलो 984 ग्राम चरस मिली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस चरस की कीमत करीब एक करोड़ रूपए थी। थानधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि तस्कर शेख आरिफ से पूछताछ में जम्मू-कश्मीर के बड़े तस्कर बशीर अहमद का नाम सामने आया था। माना जा रहा है कि उसने यह खेप पंजाब में ही डिलवर की थी। पुलिस को उसके बारे में इनपुट मिले तो टीमों ने शिकंजा कसा। बशीर को उस वक्त दबोचा गया जब वह अमृतसर से जम्मू-कश्मीर भागने की फिराक में था। पुलिस अब उसे जयपुर लाकर पूछताछ करेगी, जिससे बड़े खुलासे होने की संभावना है।

- **सीआईडी सीबी को आरोपी द्वारा समुदाय विशेष के पैडलर तैयार कर देश के कोने-कोने में नशे की खेप सप्लाई करने के इनपुट मिले थे**



वीकेआई थाना पुलिस ने चरस तस्करी में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया।

# गैस कटर से एटीएम मशीन काटने वाले दो गिरफ्तार



**जयपुर** (कासं)। सांगानेर पुलिस ने गैस कटर से एटीएम काटकर रूपए चुराने वाली वाली वारदात के मास्टरमाइंड को साथी सहित गिरफ्तार किया है। डीसीपी (ईस्ट) प्रहलाद सिंह कृष्णिया ने बताया कि वारदात के मास्टरमाइंड तौफिक खान (33) निवासी गांव सिरोली, थाना पुन्हाना, हरियाणा और आरिफ खान (29) निवासी गांव पलका जटवास, सीकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लूटे गए रुपयों की स्विफ्ट कार खरीदी थी, जिसे जब्त किया है। थानाधिकारी हरि सिंह दूधवाल ने बताया कि आरोपियों ने गायत्री नगर में सांगानेर कट पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को गैस कटर से काट कर 10.50 लाख रूपए की नकदी चुराई और फिर एटीएम रूम में आग लगा कर फरार हो गए थे।

# चूरू और झुंझुनूं से अधिक नए संक्रमित जयपुर के सोडाला में मिले रविवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के सोड़ाला इलाके में रविवार को झुंझुनूं और चूरू से अधिक 172 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा राजधानी के पांच इलाकों में भी सौ से अधिक मामले पाए गए हैं। इस बीच जिले में करोना से 2 और लोगों की मौत हो गई है।

राजधानी जयपुर के 117 इलाकों में रविवार को 3666 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 172 नए संक्रमि सोड़ाला इलाके में मिले हैं। इसके अलावा वैशाली नगर में 162, जगतपुरा और मालवीय नगर में 137-137 और झोटवाड़ा में 129 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा दुर्गापुरा में 94, आमेर में 92, किरण पथ पर 90, सांगानेर में 91, मानसरोवर में 87, विद्याधर नगर में 84, जमवारामगढ़ में 83, शास्त्री नगर व प्रताप नगर में 76-76, भांकरोटा व अग्रवाल फार्म इलाके में 69-69, पत्रकार कॉलोनी में 68, मुरलीपुरा व जवाहर नगर में 67-67, अजमेर रोड इलाके में 66, गोपालपुरा में 64, सांभर में 60, टोंक रोड पर 57, गुर्जर की थड़ी पर 54, गोविंदगढ़ और जयपुर एयरपोर्ट पर 52-52 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच 153 ऐसे मरीज है जिन्होंने अपना नाम पता गलत बताया है। जयपुर में रविवार को 2102 मरीज रिकवर भी हुए हैं। हालाकि अभी 24340 एक्टिव केस मौजूद हैं। राजधानी में पिछले चौबीस घंटों में करोना से फिर 2 और मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही इस बीमारी अब तक जिले में 2003 लोगों की मौत हो चुकी है।

- **राजधानी के पांच इलाकों में भी 100 से अधिक मामले मिले**
- **जयपुर में बीते 24 घंटों में करोना से फिर 2 और मरीजों की मौत हुई**


# 'भारत में विंटेज और क्लासिक कारों का असंगठित बाजार'



**जयपुर**। जयपुर के अविजित सिंह बदनौर क्लासिक कार, मोटरसाइकिल कलेक्शन और राजस्थान में विंटेज व क्लासिक कार मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए खासतौर से जाने जाते हैं। पेशे से होटल व्यवसायी अविजित ने बताया कि विंटेज और क्लासिक कारों का स्थान भारत में एक असंगठित बाजार है। उन्होंने बताया कि ऑक्शन हाऊस नए लोगों और अनुभवी संग्राहकों के लिए ऑनलाइन ऑक्शंस, लाइव ऑक्शंस और निजी बिक्री के माध्यम से विविध प्रकार के क्लासिक ऑटोमोबाइल, ऑटोमोबिलिया और अन्य संग्रहणीय वस्तुओं के लिए एक पारदर्शी और सुविधाजनक मंच प्रदान करता है। हिस्टोरिक ऑक्शंस की स्थापना प्रसिद्ध संग्रहकर्ताओं, पारखी और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ऑटोमोटिव इतिहासकार करते हैं। उन्होंने बताया कि कई विंटेज कार मालिक ऐसे हैं, जिन्हें अपनी कारों की कीमत नहीं पता हैं। हाल में गुड़गांव के म्यूजियो कैमरा में हिस्टोरिक ऑक्शंस की ओपनिंग की गई। इसमें जोधपुर के महाराजा गजसिंह, गुल पनाग, एमके लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ समेत देशभर के कई जाने-माने कारप्रेमी शामिल हुए।

## सार-समाचार

### रिफ में नवाजे जाएंगे सईद कादरी



**जयपुर**, (कासं)। रिफ फिल्म क्लब की ओर से 25 से 30 मार्च तक होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के 8वें संस्करण के दौरान जोधपुर के गीतकार, लेखक सईद कादरी को हसरत जयपुरी अवॉर्ड फॉर कॉन्ट्रिब्यूशन इन सिनेमा से नवाजा जाएगा। रिफ के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि हर साल ये अवॉर्ड रिफ में जयपुर के जन्मे मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी की याद में फिल्मी दुनिया की ऐसी शख्सियत को दिया जाता है, जिसने अपना पूरा जीवन संगीत को समर्पित किया है। गौरतलब है कि बॉलीवुड गीतकार सईद कादरी के करियर की शुरुआत निर्देशक महेश भट्ट की फिल्म जिस्म से हुई थी। उन्होंने फिल्म जिस्म के काफी बेहतरीन गाने लिखे थे, जो काफी हिट भी हुए थे। सईद कादरी साहिर लुधियानवी को अपना प्रेरक मानते हैं। सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए उन्हें आईफा, स्टारडस्ट, एमटीवी और टाटा इन्फो अवॉर्ड मिल चुके हैं। सईद कादरी ने जादू है नशा है (जिस्म 2003), भीगे होंठ तेरे (मर्डर 2004), अगर तुम मिल जाओ (जहर 2005) और तू ही मेरी शब है (गैंगस्टर 2006) जैसे एक से एक बढ़कर नायाब गीत लिखे हैं। सईद कादरी का मानना है की गीत वही पसंद किए जाते हैं जो जिंदगी से सीधा कनेक्शन रखते हैं। याद भी वहीं गीत रखे जाते हैं जिनमें सुनने वाले को अपनी कहानी नजर आती है। रिफ फिल्म क्लब की मैनेजिंग ट्रस्टी अंशु हर्ष ने बताया की इस 5 दिवसीय आयोजन में फिल्म स्क्रीनिंग, सेमिनार, वर्कशॉप, टॉक शो, नॉलेज सीरिज एवं कल्चरल इवनिंग का आयोजन होगा।

### प्रतापगढ़ में सौ फीसदी वैक्सीनेशन पूरा

**जयपुर**। प्रतापगढ़ जिले ने करोना की दोनों डोज लगाने का सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि पर चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने संबंधित अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मीणा ने कहा कि राज्य में प्रतापगढ़ ने वैक्सीनेशन की पहली डोज लगाने का लक्ष्य भी सबसे पहले हासिल किया था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिले को 6 लाख 52 हजार 61 डोज लगाने का लक्ष्य दिया था, जिसके मुकाबले 6 लाख 64 हजार 199 डोज लगाए जा चुके हैं। इधर, केंद्र सरकार को वैक्सीन की कमी होने के बाद पत्र लिखा गया, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश को 41 लाख कोविशील्ड वैक्सीन की डोज राज्य सरकार को प्राप्त हुई। इसका वितरण सभी जिलों में किया जा रहा है। प्रदेश में अब 67 लाख से ज्यादा कोवैक्सिन और कोविशील्ड की डोज उपलब्ध है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रविवार को 43 हजार 192 टीके लगाए गए। इसके साथ ही राज्य में अब तक 9 करोड़ 2 लाख 98 हजार 483 टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें 5 करोड़ 17 लाख 6 हजार 464 को पहली और 3 करोड़ 85 लाख 92 हजार 14 लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। वहीं 15 से 17 आयु वर्ग के 27 लाख 60 हजार 491 किशोरों को पहली डोज लग चुकी है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। कमिश्नरेट की नॉर्थ स्पेशल टीम और ब्रह्मपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ड्रग्स माफिया को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ सहित नकदी जब्त की है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत तस्कर यासिन खान (28) निवासी तमिल कॉलोनी, आमेर रोड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 1.20 ठाम स्मैक,160 ग्राम चरस, 93 मिलीग्राम मार्डन ड्रग्स समेत 6 हजार रूपए जब्त किए है। आरोपित से नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### मैरिज गार्डन से नकदी से भरा बैग चोरी

**जयपुर**। भांकरोटा थाना इलाके स्थित मैरिज गार्डन से नकदी से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया संजय कॉलोनी, शास्त्रीनगर निवासी नन्दलाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 20 जनवरी को सिरसी रोड स्थित हाइनेस पैराडाइज में बेटी की सगाई समारोह चल रहा था। इस दौरान रात में अज्ञात व्यक्ति हैंड बैग चुरा ले गया। बैग में 2.80 लाख की नकदी रखी हुई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं वैशाली नगर इलाके स्थित केसरी बाग़ में 21 जनवरी को शादी समारोह के दौरान अज्ञात युवक महिला प्रेम कंवर का हैंडबैग चुरा ले गया, जिसमें दो मोबाइल, नकदी सहित ज्वैलरी रखी हुई थी।

### नकबजन सहित खरीदार गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एक नकबजन सहित चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार नकबजन हसन अली उर्फ़ अंग्रेज (27) और चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी मोहम्मद एजाज (21) पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले हैं। दोनों आरोपित फ़िलहाल इलाके म किराए से रहते है। आरोपित हसन ने आधा दर्जन वारदातें नकबजनी की कबूली है। चोरी का माल वह कबाड़ी एजाज को बेच देता था। पुलिस ने चोरी का माल बरामद किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कुलदीप सिंह (24) गांव गुड़गुड़ी, कासगंज यूपी का रहने वाला है।



## Global Belly Laugh Day

Global Belly Laugh Day is a day for having a good, deep chuckle at anything at all! Whether it's reading from a joke of the day calendar or seeing something funny on the internet, getting in a good laugh each day is an excellent practice. But there is one day out of the year that it's extra important to practice laughing naturally that comes from deep down.

#J'ADORE

# Trendy Shrug Styling

Let long winter shrug do the talking!



As winters are on the heights and we are trapped under the layers of heavy sweaters, cardigans, jackets, some of you must be reluctant to be wrapped up in heavy fuzzy woollen sweaters as they add extra baggage and make you feel suffocating. So, forget the frumpy heavy sweaters and pull a slouchy shrug over a t-shirt and you can wear it with layers.

These winter shrugs not only add a dash to your outfit but also make you feel warm, comfortable and light. These can be pulled off with jeans, skirts, shorts or dresses, anything and everything.

### Long Shrugs

Long shrug designs are anything that goes beyond your waist, they're long and can come till your knees, ankles or hips. These long shrug outfits look amazing for a music festival or for a casual day out for a breezy vibe.

Long shrugs with jeans or shorts could work if you want to go for a breezy, chic outfit for a day out or anything.

### Fringed Shrugs



While you're understanding how to wear shrug, a fringed shrug might work for you. It's a shrug that has numerous threads loosely hanging from its edges or from anywhere else. Fringed shrugs are very stylish and give you a total retro look! Among long shrug designs, fringed shrugs offer a lot of variety.



### Lacy Shrugs

Lacy shrugs are those types of shrugs which are made up of beautiful yarns weaved into a fabric. It is weaved into various styles. Florals, leafy patterns are some of the styles that they have. These lacy shrugs look really magical over a tank top and shorts attire. Tops with shrugs are clearly a winning option, especially when the shrug has been made from delicate lace.



### Cropped Shrugs

A cropped shrug design is a mini version of a shrug. They are short, cute and very stylish. These shrugs often have a length till above the waist or even smaller.



### Floral Shrugs

Floral shrugs are a perfect piece that you can add to your wardrobe to look fresh, and trendy. Among shrug designs, floral shrugs are probably the most vibrant. An all-over floral print would certainly compliment a solid coloured tee or tank top. Pick a vibrant shrug when you're trying to rock the top with shrug combo.

---

The courtyard would suddenly erupt with activity. Some women would attend to Dai Ma's immediate orders for supplies of various kinds, while others hurried off to inform their men folk waiting in the baithak or office in the outer courtyard; yet another would climb to the terrace to announce the good news to the world by beating a thali with a belan. To prevent any evil spirit from getting at it, the placenta would be buried in a secure and clean location as per the diktats of Dai Ma. Someone would be dispatched to the post office to send telegrams and the temple priest would be approached to prepare a horoscope for the baby.

# Dai Ma Delivers





Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

## #THE BIRTH

By deciding to study medicine, I bucked a family tradition. No one in my extended family had ever studied science at the college level and the three that had ever graduated, had all majored in commerce. I was selected into the MBBS course, at RG Kar Medical college in Calcutta. For me, the move to a sprawling metropolis from the sleepy village of Losal in Rajasthan was a sea change.

In 1959, I entered my final year and, as a part of my practical training in midwifery, I had to conduct 20 normal deliveries. We were assigned only uncomplicated normal multipara cases. A multipara is a lady who has been pregnant more than once and is, as such, easier to manage because multipara deliveries are generally quick and smooth. A trained senior nurse and a resident doctor were at hand to guide us. We had to observe - and assist atleast 5 deliveries before we were allowed to conduct one independently (under the watchful eye of the doctor or nurse of course). During our midwifery posting, we were required to stay in the hospital in a room adjacent to the labour ward.

When a lady entered the final stage of labour and was transferred to a delivery table, we would be summoned by the shrill sound of an electric bell. We would rush, post-haste, lest the lady deliver before we could reach. Multiparas would often deliver at short notice and if we did not reach in time, the lady would be assigned to a trainee nurse while we would have to wait for the next case.

Just the waiting for a multipara to oblige us by going into labour was a torture. We had to be dressed and ready to leave at short notice, and there was little else for us to do except to stare at the starkly bare walls of our room. There was no television then and we lacked even a radio. Completing our logbooks with details of the deliveries we had attended did not take long; neither did consulting a textbook of obstetrics. We therefore had plenty of time to kill and we spent it exchanging ribald jokes, discussing the beauty and other physical assets of popular cinema actresses or reading and re-reading cheap, sensational magazines picked up from a roadside vendor.

### Happy Outcomes


Why am I telling you all this? I am doing so because I am acutely aware of how births occurred in my village when I was still a schoolboy. In our large, joint family, there was always a pregnant aunt, sister-in-law or sister who had returned for her first confinement to her parent's house as was the custom. In hushed tones, I would be requested - bribed, actually - to get her *jhar beri ke kachhe ber* (unripe plums from a thorny bush), *imaly* (tamarind fruit) or other tangy edibles to whet their craving for such edibles. I smile now when I remember how I would rush out on such an errand. As the expected day of delivery approached, a room in the haveli would be marked for birthing. We, children, came to learn of the impending delivery when a purdah or curtain was hung outside the door of the room. Once the lady was shifted to the room, the village midwife or Dai Ma would arrive.

> I humbly acknowledge the great strides that have been made in the science and practice of midwifery & concede that a hospital delivery has the immeasurable advantage of safety to both mother & child.

She would be given the required items. These included a clean but used soft *dhoti* (long loin cloth worn by men) from which diapers for the newborn would be fashioned.

Curious female family members who were excluded from the birthing room activities would gather in the inner zanana (female) courtyard of the haveli with their eyes and ears fixed on the closed and curtained door. They would speak in hushed tones and debate the progress of the labour they could not see. The children would wince and exchange glances at each stifled cry that emerged. We waited with bated breaths till the cry of the newborn was finally heard and Dai Ma emerged through the purdah to announce the happy outcome.

The courtyard would suddenly erupt with activity. Some women would attend to Dai Ma's immediate orders for supplies of various kinds, while the others hurried off to inform their men folk waiting in the baithak or office in the outer courtyard, yet another would climb to the terrace to announce the good news to the world by beating a thali with a belan. To prevent any evil spirit from getting at it, the placenta would be buried in a secure and clean location as per the diktats of Dai Ma. Someone would be dispatched to the post office to send telegrams and the temple priest would be approached to prepare a horoscope for the baby.



Gond Ke Ladoo



Naral Ki Chakki



Munakka



Sonth Ke Ladoo



Tal Makhane

### Special Preparations

The following day, special preparations like delicious deshi cookies would be served to the new mother. The list was endless and varied, and I drool while thinking of it. Before my memory deserts me, here are some of the items:

1. Badam (almond) ka halwa;
2. Gond (fried edible gum resin crystals) and sonth (baked ginger powder) ke ladoo (sweet balls)
3. Narial (grated coconut) ki chakki (milk cake)
4. Fried and salted almonds, cashew nuts, pistachio, tal-makhana (fried and salted lotus seeds)
5. Ajwain – thyme or carom seeds fried in ghee and sweetened
6. Panjiri- fried whole wheat flour, sooji (semolina) heavily laced with fried edible gum and fried nuts and sugar
7. Munnaka – baked raisins laced with salt and black pepper.

Of course, the children would get to taste all these. Since some of these are also prepared on janmaasthami or the birthday of Lord Krishna, the celebrations following a birth in the family would be a week-long janmaasthami for us.

Dai Ma would remain with the mother and the child for a week or so until the ceremony of nahvan (head bath) was performed with the ladies singing folk songs. Then, the new mother, bathed, coiffured, and dressed in new sari with a special peela (long yellow scarf) would be ceremonially taken in a ladies' procession for kua pujan (worship at the water well). This would mark the end of the sutak (defilement period).

### Great Strides

Fresh earthen water pots brought by the potter would be used to replace the old ones after washing the parandah (drinking water storage place). The kitchen would be washed and cleaned. Home deities would be given a ceremonial bath and special prayers would be offered. The new mother and her child would now move to her own room. Dai Ma would be given gifts and a grand send-off. In the evening, jalwa songs (folk songs connected with childbirth) would be sung. The birth of a child in the haveli was indeed an occasion for festivity.

My thoughts return to the labour ward where I completed my midwifery training. It was impersonal, like a factory. The doctors, nurses



Imali

and ward attendants were detached and mechanical; harsh, and abrasive; over-worked and distraught; and frequently on the edge. It was all very stressful and depressing. Except when a boy was born and the relatives offered a gift of money to the lady who conveyed the 'good news' or when the relatives distributed sweets, there was no joy or celebration on the birth of a girl child.

I humbly acknowledge the great strides that have been made in the science and practice of midwifery and concede that a hospital delivery has the immeasurable advantage of safety to both mother and child. Yet, I suffer disquiet when I compare the sterile and colourless atmosphere of the labour room to the homeliness and cleanliness of my haveli and empathy of the Dai Ma.

writetoarbit@rashtradoot.com



Kua Pujan

#RESEARCH

## Adults' Covid Depression

Attending school on Zoom and quarantining from family and friends has left children struggling through the COVID-19 pandemic, but surprisingly, having kids at home may help adults feel less distressed, researchers report.

Adults in households with children have fewer mental health problems than other adults living without kids, a new study shows. Child care - beyond the effect of larger household size - may actually reduce depression during pandemic social isolation.

"In other words, parents/caregivers may be struggling, but not more so than everyone else," says lead author Shawna Lee, associate professor at the University of Michigan School of Social Work and director of the Parenting in Context Research Lab.

Lee and colleagues say they believe it's possible that caring for children may provide increased social



connections or an increased sense of purpose, both of which may contribute to improved mental health. These questions, while not specifically addressed in the current study, may need to be explored in future research.

The study, published in the Journal of General Internal Medicine, used data from mid-2020 that included answers to health questions about the respondents' anxiety and depression. Adults aged 18-64 were included in the sample of nearly 600,000 respondents.

During the 12-week study, about 35% of the respondents reported having anxiety, while 24% felt depressed. These rates were much higher than pre-pandemic levels. While women were more likely to feel anxious than men, but the presence of children with couples had no anxiety.

Male caregivers may be vulnerable to pandemic worries, such as employment loss, which health care professionals should monitor, the researchers say. Adults who are not married and have low household income are also more at-risk for anxiety and depression.

#FOOD&WINE

Formal wine judges and critics will appraised the appearance, aroma and taste (or 'mouthfeel') of a wine, and anyone who has heard the pop of a cork from a bottle of sparkling has appreciated the sound.



# Appearance, Aroma and Mouthfeel



So you like drinking wine, but don't actually know much about it? You want to feel more confident when talking about wine. You would like to know how to choose a 'good' wine. Well, you are not alone.

Many of us enjoy drinking wine but do not really understand or appreciate the complexity of this amazing beverage. And many feel nervous about discussing wines, thinking they may say the wrong thing.

Fear not – there is no right or wrong when appreciating wine, however the more you know and understand, the more you will really treasure and enjoy the experience of wine tasting.

Here are our top tips for giving wine tasting a go.

### Senses' Contribution

Formal wine judges and critics will appraise the appearance, aroma and taste (or 'mouthfeel') of a wine, and anyone who has heard the pop of a cork from a bottle of sparkling has appreciated the sound.

The colour of a wine is also important. A young white wine should be a very pale yellow or 'straw' colour, and a young red may have purple notes. Brown tinges of a young wine indicate that the wine may be spoilt - possibly premature ageing due to poor storage.

There are hundreds of aroma compounds which all contribute to the smell of a wine. The term 'aroma' refers to the smells originating from the grape, and 'bouquet' from the smells resulting from the wine making process.

A good wine should not be simple - it should have an interesting array of aromas. A wine should not have any undesirable or off odours, as this can also indicate spoilage. The smell of a wine should make you want to have a taste of it.

While you are tasting, you can observe how wines range in style from dry (lacking any sugar) to very sweet, still to sparking, and may have varying concentrations of alcohol (ethanol). Pay attention to how acidic the wine is, and notice if the wine has an astringency or bitterness - these are the tannins found particularly in red wines.

Notice the different flavours derived from both the grape and the winemaking process. All of these components contribute to the mouthfeel of a wine and should be in 'balance': no one component should over-dominate the others.

### Taste & Experience

There are a number of factors which will improve your wine tasting experience, and three main steps taken when wine tasting.

Make sure you have clean wine glasses which can hold a reasonable volume of wine – at least 100 ml with room to swirl! Wine should not be cold or too hot - room temperature is best.

**Step 1: Look:** Is the wine clear and free from any deposits or solids? Does it have any bronzing? Does it have bubbles when it is not a sparkling style?

**Step 2: Smell:** Swirl the glass to coat the insides with wine. This helps to release the aroma compounds. Put your nose right into the glass and take a deep sniff. Does it smell good? Free from any off odours? Can you smell fruity and floral aromas that come from the grapes? Are there any oak or yeasty aromas from the winemaking process?

**Step 3: Taste:** Take a big sip and move it about your mouth. Can you taste grape flavours, acid, warmth, some viscosity or oiliness? You can even suck some air in through your teeth which helps to release aroma compounds in your mouth, which can then travel through your nose to help you taste and smell the wine even better.

Is the wine complex? Does the taste last for a long time in your mouth or does the wine taste quickly disappear?

There are also tools such as aroma wheels and tasting guides which may be beneficial to have on hand when tasting wines - these provide suggestions of wine descriptors. It may also be useful to write down your thoughts in a journal.

### Appreciate & Enjoy

The best way to really appreciate and enjoy wine is to talk about it. Enjoy wine with others such as a group of friends or a local wine enthusiast group. Taste wines side by side so you can compare the differences.


There is a wealth of information on wine appreciation available - wine critics give reviews of wines in print and online, and most large wine retailers will also provide wine reviews. Or get out to wineries and talk to the cellar door staff or winemakers about their wines. It is very useful to talk to other people as this helps you to build up your 'wine vocabulary'.

Consider the appearance, aroma and taste and then the overall impression of the wine. Your opinion is your opinion - nobody is right and nobody is wrong. If you want to go back for another glass, then you have found the wine for you.




---

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अलवर रेपकांड में राज्य सरकार सबूत मिटाने में जुटी : राजेन्द्र राठौड़

## बीकानेर सर्किट हाउस में रविवार को राठौड़ ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि अलवर रेप कांड में राज्य सरकार सबूत मिटाने में जुटी है। राठौड़ अपनी एक दिवसीय दौरे में यहां सर्किट हाउस में रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

पत्रकारों को संबोधन के दौरान राठौड़ ने किसानों की सम्पूर्ण ऋण माफी के मुद्दे पर राजस्थान सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इस अहम मुद्दे पर राज्य सरकार और इनकी सभी कमेटियां पूरी तरह से फैल हो गई है। गत विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर बना यह मुद्दा कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया झूठा वादा साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि ऋण माफी के लिए अब भी असली हकदार जिनका कांग्रेस सरकार को जन्म देने में अहम हिस्सेदारी थी अपना हक मांग रहे हैं। जबकि रसूखदार मुख्यमंत्री और मंत्री बनकर उनका हक देने से मुकर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद यह सरकार अपना चौथा बजट पेश करेगी और उसके बाद सीधा चुनावी बजट पेश किया जायेगा। लेकिन बजट में की गई विभिन्न घोषणाएं अभी तक भी मूर्त रूप नहीं ले सकी हैं। राठौड़ ने कहा कि राज्य में पहली बार बिना कार्यालय आवंटन के मंत्री दर्जा प्राप्त मुख्यमंत्री के सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। इस सरकार में युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष स्वयं ही थाने के सामने बैठकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन बलात्कार की 15 घटनाएं घटित हो रही है।

अलवर मूक बधिर दुष्कर्म मामले में प्रतिदिन मनगढ़ंत कहानियां गढ़ने के साथ ही साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि पुलिस प्रतिवेदन में 6337 बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज हुई है और राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अनेक प्रकार की गैंग बन गई है। जिनमें नोहर की गधा चोर, कुम्भलगढ़ की बकरा चोर, शिशु चोर, बलात्कार गैंग और माफिया गैंग प्रमुख है। राज्य सरकार द्वारा नई एसयूवी गाड़ियां खरीदने के मुद्दे पर उन्होंने इसे गरीब और आम जनता के पैसों की लूट बताया। निजी बिजली कम्पनियों द्वारा मचाई गई लूट के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को भाजपा की सरकार का निर्णय बदलने का अधिकार है। जबकि यह सरकार तो अनेक नए शहरों में भी बिजली कंपनियों के साथ करार कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस के छुटभैये नेताओं द्वारा एक असंवैधानिक बिल को लेकर राज्यपाल जैसे गरिमामयी पद के लिए टीका टिप्पणी को अनुचित बताते हुए इससे दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बीकानेर में तो एक नई ही तरह की फरारी की घटना हुई है जिसमें पुलिस अधिकारी स्वयं ही फरार है और एसीबी तथा पुलिस उसे ढूंढ रही है। बीकानेर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बीकानेर गैंगवार, गोलीबारी ,अवैध हथियारों, मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा केन्द्र बन गया है। जबकि पुलिस उनके सूत्रों का पता नहीं लगा रही है।

राज्य सरकार द्वारा गोचर भूमि पर पट्टे दिए जाने के निर्णय पर उन्होंने कहा कि अपने जनघोषणा पत्र में गोचर बोर्ड बनाने और गोचर भूमि रक्षा की बात करने वाली कांग्रेस सरकार अब गोचर भूमि के नियमन की बात कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार द्वारा विप्र कल्याण बोर्ड, आर्थिक पिछड़ा बोर्ड का भी गठन नहीं करने का मुद्दा रखा।

राठौड़ ने बीकानेर के नगर निगम में गत इक्कीस माह में आठ कमिश्नर बदलकर भाजपा बोर्ड को काम नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने 69 ए को जादुई धारा बताया था। जबकि बीकानेर में राज्य में सबसे कम संख्या में पट्टे जारी किये गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां बहुत ही कम समय में आईजी, कलेक्टर और अन्य अधिकारियों को बदला जा रहा है जिससे प्रशासनिक कार्यों में शिथिलता आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट में बीकानेर-नापासर-जसरासर सड़क, बीकानेर शहर में चार से छह लेन की सड़कों से जुड़ी निविदाएं भी अभी तक नहीं निकल पाई है। बीकानेर में पब्लिक हेल्थ कॉलेज, मल्टीपरपज इनडोर हॉल, मिनी फूड पार्क, आयुर्वेदिक नेचुरोपैथी सेंटर, स्वतंत्र मंडी की स्थापना जैसी घोषणाओं के क्रियान्वयन का जन्म भी नहीं हुआ है।

यंहा मूंगफली की फसल बर्बाद हो रही है, पीबीएम अस्पताल के भी बुरे हालात हैं , सोनोग्राफी के लिए दो महीने का समय दिया जा रहा है, पेट स्कैन स्थापित करने की बजट घोषणा को भी पूरा नहीं किया गया है। बीकानेर के तीनों स्थानीय मंत्रियों पर चुटकी लेते हुए राठौड़ ने कहा कि मंत्रीगण अपनी सरकार द्वारा केवल मात्र बजट के दौरान की गई घोषणाओं का ही क्रियान्वयन करवा दे तो शहर का विकास हो जायेगा ।उन्होंने कहा कि डॉ. बीडी कल्ला ने घोषणाओं के समय सदन में दोनों हाथों से मेज ठोककर तालियां बजाई थी और उनके क्रियान्वयन के समय मौन है। राठौड़ ने कहा कि राज्य में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं और सर्वाधिक महंगी बिजली, सर्वाधिक पेट्रोल पर वैट और मंडी टैक्स राजस्थान में हैं। सरकार अंतर्विरोध, अंतर्कलह से जूझ रही है और हकदार और रसूखदारों के बीच में रस्साकशी चल रही है। खाजूवाला में पानी की मांग कर रहे किसानों से स्थानीय मंत्री मिलने तक नहीं गए लेकिन राजनीति में इस प्रकार का अहंकार लम्बा नहीं चल सकता। राठौड़ ने कहा की रीट परीक्षा नक़ल मामले में 30 गिरफ्तारियों और सबूतों के बावजूद भी सरकार द्वारा इस परीक्षा को पवित्र मानना शर्मनाक है।

राजस्थान में काम की नहीं बल्कि केवल नाम की सरकार चलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने का कार्य करेगी । जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के चलते भाजपा द्वारा बड़ा आंदोलन नहीं किया जा सका लेकिन प्रोटोकॉल के अनुसार जहां पर भी विरोध प्रदर्शन का अवसर मिला भाजपा ने सरकार को आईना दिखाने का कार्य करते हुए सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ी है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला संगठन प्रभारी ओम सारस्वत,शहर भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, देहात जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, मोहन सुराणा, महावीर रांका, अशोक प्रजापत, भगवान सिंह मेड़तिया, मनीष आचार्य, अरुण जैन, अजय खत्री, नरसिंह सेवग, विनोद करोल, चंद्रप्रकाश गहलोत, जेठमल नाहटा, सोहनलाल चांवरिया, शिखरचंद डागा, महावीर मारू, प्रकाश मेघवाल, विजय कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक यादव इत्यादि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# फ्लेवर्ड हुक्के का सेवन करते पांच युवक गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर हुक्का जब्त किया



क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के दिशा निर्देशों के तहत जिले भर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने सागर विहारकॉलोनी स्थित खंडहरनुमा मकान में दबिश देते हुए अवैध रूप से फ्लेवर्ड हुक्के का सेवन करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हुक्के के फ्लेवर और हुक्का जब्त कर लिया।

- **मौके से अलग-अलग कम्पनियों के चार पैकेट फ्लेवर व हुक्का बरामद किए**

क्रिश्चियनगंज थाना अधिकारी डॉ. रविश सामरिया ने बताया कि आईपीएस शहर विकास सांगवान एवं उपअधीक्षक उत्तर वृत्त छवि शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए सागर विहार कालोनी में एक खण्डहरनुमा मकान से फ्लेवड हुक्का का सेवन करते 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। डॉ. सामरिया ने बताया कि गिरफ्तार युवकों में मोहम्मद राशीद पुत्र उमर मोहम्मद निवासी मदार टेकरी रोड कुंदन नगर, फेजल खान पुत्र शरीफ खान निवासी फूस की कोठी कुन्दन नगर, शुभम कन्डारे पुत्र रमेश फूस की काठी सरक्युलर रोड, मोहम्मद मोसिन पुत्र रसीद मोहम्मद निवासी न्यू-कालोनी कल्याणीपुरा व पुष्कर रोड नवग्रह कॉलोनी रामभवन निवासी ईशान्त गोयल पुत्र आन्नद गोयल शामिल हैं। युवकों के विरुद्ध सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार वाणिज्य का विनियमन उत्पादन आपूर्ति और वितरण) (राजस्थान संशोधन) अधिनियम 2019 मे दर्ज किया गया।

थाना अधिकारी डॉ. सामरिया ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मौके से अलग-अलग कंपनियों के 4 पैकिट बन्द व 3 खुले हुक्के के फ्लेवर व एक प्लास्टिक बोतलनुमा हुक्का मय पाईप के साथ बरामद किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अधिकारी क्रिश्चियनगंज डॉ. रवीश सामरिया सहित सहायक उनि रणवीर सिंह, हैका. किशोर कुमार, सुमेर सिंह, कानि. सुनील, हरेन्द्र, मूलाराम और किशन शामिल थे।

# अवैध देसी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**गुड़ामालानी,** (निसं)। गुड़ामालानी क्षेत्र की आरजीटी थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन जिंदा कारतूस और एक अवैध पिस्टल समेत एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।जिससे पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है। आरजीटी थाना पुलिस को डीएसटी टीम के जरिए सूचना मिली थी कि मालपुरा निवासी एक युवक वाहन में अवैध हथियार लिए घूम रहा है।मुखबीर की सूचना के बाद पुलिस ने डीएसटी टीम के सीआई हरचंदराम देवासी, आरजीटी थानाधिकारी लुणाराम ने संयुक्त टीम ने नाकाबंदी करवाई और नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने बोलेरो सवार चौखाराम पुत्र पूनमाराम जाट निवासी थोरियों का तला मालपुरा को रुकवाकर उसकी तलाशी ली जिसमे उसके कब्जे से तीन जिंदा कारतूस एवं अवैध पिस्टल पाई गई। आरजीटी थानाधिकारी लूणाराम ने बताया कि तीन जिंदा कारतूस और अवैध पिस्टल के साथ मालपुरा निवासी चोखाराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से यारों के संबंध में पूछताछ में जुट गई है।

गौरतलब है कि बाडमेर जिले के अलग-अलग इलाकों से अवैध हथियारों की नोक पर कई आपराधिक घटनाएं लगातार सामने आ रही है। जिसकी रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव के निर्देशन में बाड़मेर पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड के लिए अभियान छेड रखा है। इसी के तहत मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।कार्रवाई के दौरान हेड कांनिस्टेबल मनोहरलाल, बृजलाल, पिंटूलाल, दिनेश, केसी, शिवरतन, किशोर, नारायणराम, स्वरूप सिंह सहित की टीम ने कार्यवाही की।



गुड़ामालानी पुलिस ने जिंदा कारसूत व पिस्टल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने गाइडलाइन की पालना नहीं करने पर काटे चालान

**उदयपुर,** (निसं)। शहर पुलिस ने कोविड नये वेरीएन्ट ओमिक्रोन संक्रमण की रोकथाम के निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की। महामारी सतर्क एवं सावधान जन अनुशासन दिशा निर्देश की पालना के लिए घोषित वीकेंड कर्फ्यू लगाए जाने के क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर सरकारी गाईडलाईन की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। टीम ने कार्यवाही करते हुए 24 घंटे में फेस मास्क नही लगाने पर 08 चालान 8000 रूपये, सोशल डिस्टेंसिंग की पालना नही करने पर कुल 688 चालान बनाकर 68800 रूपये जुर्माना व एम.वी. एक्ट में 177 चालान बनाकर कुल 29300 रूपये जुर्माना व 151 सीआरपीसी के तहत कुल 09 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# दो झोलाछाप को उपचार करते रंगे हाथों दबोचा

**स्वरूपगंज,** (निसं)। प्रशासन की ओर से झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत छठे दिन रविवार को क्षेत्र में दो झोलाछाप डॉक्टरों को उपचार करते रंगे हाथों दबोचा गया।

जानकारी के अनुसार गांव में प्रशासन द्वारा झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ बीसीएमओ एसपी शर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई जिसमें स्वरूपगंज के समीप ईसरा गांव में मे बंगाली झोलाछाप चिकित्सक निमोई बिस्वास को मौके पर मरीज का उपचार करते हुए पकड़ा गया। उसके पास से भारी मात्रा में दवाई व मेडिकल उपकरण बरामद किए। वही नया सनवाडा गांव में भी झोलाछाप बंगाली चिकित्सक अभिजीत बिस्वास के खिलाफ कार्यवाही की गई। लगातार छह दिन से हो रही कार्यवाही से बंगाली झोलाछाप व फर्जी रूप से क्लिनिक संचालकों में इस कार्यवाही से हडकंप मचा हुआ हैं एवं कई फर्जी बंगाली

- **पिण्डवाड़ा तहसील में फर्जी झोलाछाप चिकित्सकों पर छठे दिन भी कार्रवाई जारी**

झोलाछाप डॉक्टर क्लिनिक बन्द करके भूमिगत हो गए। इस दौरान डॉ. विनय बंसल सहित चिकित्सा विभाग व पुलिस प्रशासन साथ रहे।

ईसरा में झोलाछाप फर्जी चिकित्सक पर कार्यवाही हुई तब वह अपने क्लीनिक पर मेडिकल स्टोर की आड में लोगों का उपचार कर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करता हुआ पाया गया। क्षेत्र में अधिकांश मेडिकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर संचालित हो रहे हैं जो नियमो के खिलाफ है। इस और प्रशासन के सबंधित अधिकारियों का ध्यान नही जाना भी कही मौन स्वीकृति हो सकती है।

# जेवरात चुराने वाले दो जने गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर पुलिस ने कोविड नये वेरएिन्ट ओमिक्रोन सक्रमण की रोकथाम के निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की। प्रदेश में कोविड के नये वरेएिन्ट ओमिक्रान के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम व बचाव के लिए महामारी सतर्क एवं सावधान जन अनुशासन दिशा निर्देश की पालना के लिए घोषित वीकेंड कर्फ्यू लगाए जाने के क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर सरकारी गाईडलाईन की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

इस दौरान जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने कार्यवाही करते हुए वीकेंड कर्फ्यू का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 22 जनवरी सांय से 23 जनवरी सांय तक फेस मास्क नही लगाने पर 08 चालान 8000 रूपये, सोशल डिस्टेंसिंग की पालना नही करने पर कुल 688 चालान बनाकर 68800 रूपये जुर्माना बनाकर कार्रवाई की।

# आईजी ने घुडसवारी कर परखी अजमेर की सुरक्षा व्यवस्था

**अजमेर,** (कासं)। कोरोना जैसी भयानक बीमारी के चलते प्रदेश भर में रविवार को वीकेन्ड कर्फ्यू लागू किया है। इस मौके पर आईजी रुपिन्द्र सिंघ ने घुडसवारी कर लिया शहर की सुरक्षा कानून व्यवस्था का जायजा लिया। विकेन्ड कर्फ्यू के दौरान दरगाह बाजार के व्यापारियों के गुस्से में उबाल आ गया और उन्होंने दरगाह थाना पुलिस पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए बंद होटले खोल दी। कर्फ्यू के दौरान शहर भर में सन्नाटा पसरा रहा, वही शहर के मुख्य चौराहों और सडकों, गलियों पर पुलिस के जवान मुस्तैद दिखाई दिए।

यह पहला मौका है जब पुलिस महकमे के एक आला अधिकारी को घोडे पर बैठकर सुरक्षा का जायजा लेते देखा गया हो। आईजी रूपिन्दर सिंघ ने रविवार को वीकेन्ड कर्फ्यू के दौरान घुडसवारी कर शहर के कई इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। इस मौके पर एसपी विकास शर्मा भी फ्रंट लाइन पर आकर सुरक्षा की कमान संभाले रहे। आईजी सिंघ के पीछे कई जवान घुडसवार थे और सरकारी दुपहिया वाहनों पर बैठे जवानों का काफिला भी दूर दूर तक दिखाई दे रहा था। शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस चेक पोस्ट लगाकर आवाजाही को चेक किया गया, साथ ही इस दौरान गाइडलाइन की पालना नहीं करने वालों पर कार्रवाई भी की गई। इसी तरह से अलरवगेट, आदर्शनगर, रामगंज व क्रिश्च्यिनगंज थाना पुलिस ने चौराहों पर नाकेबंदी कर सभी से समझाइश की ओर बेवजह सड़कों पर घूमनें वालों के चालान भी काटे।

एक ओर जहां वीकेन्ड कर्फ्यू में सडको पर सन्नाटा रहा और पुलिस मुस्तैद दिखाई दी वहीं दरगाह बाजार में व्यापारियों ने दरगाह थाना पुलिस पर तानाशाही का आरोप जड दिया। व्यापारियों का आरोप है कि कोविड गाइड लाइन्स के अनुसार होटलों को समय पर ही बंद किया जाए और व्यापारी उसकी पालना कर रहे है, लेकिन बीती रात एक सिपाही ने समय से पहले ही होटलों को जबरन बंद करवा दिया।



आईजी रूपिन्दर सिंह व एसपी विकास शर्मा जायजा लेते हुए।



चूरू। वीकेंड कर्फ्यू का दूसरे रविवार को भी शहर में व्यापक असर देखने को मिला, मुख्य बाजार पूर्णतया बंद रहे। सब्जी, राशन दवाई की दुकान खुली । शादी-विवाह करने वाले लोगों को वीकेंड कर्फ्यू के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के पुराना बस स्टैंड, शास्त्री मार्केट, रेलवे स्टेशन, सिनेमा हॉल क्षेत्र, गुदड़ी बाजार, मैन बाजार, सुभाष चौक क्षेत्र, जौहरी सागर क्षेत्र सहित पूरे शहर में पूर्णतया सन्नाटा पसरा रहा। सड़के सूनी-सूनी नजर आई।

# साइकिल पाकर बेटियों के चेहरे खिले



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पूनियां एवं सरपंच रामनिवास मितड़ ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राघा बड़ी की बालिकाओं को राज्य सरकार की योजनान्तर्गत साइकिल वितरित की।

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील की राघा बड़ी के राउमावि में सरपंच रामनिवास मितड की अध्यक्षता में शनिवार को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पूनिया ने राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी दी। वहीं विशिष्ट अतिथि एसीबीईईओ कमल स्वामी एवं गांव के भामाशाह काशीराम जड़ीया ने विद्यालय के विकास कार्यों के लिए विद्यालय में दो लाख रुपए तथा विद्यालय के अध्यनरत सभी बालिकाओं को स्वेटर देने की घोषणा की। वहीं यह सुनकर बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान आ गई। काशीराम जडीया ने कहा कि समाज की तरक्की में शिक्षित वर्ग का बहुत बड़ा योगदान होता है। सभी अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटे व बेटियो को बराबर शिक्षा प्रदान करें।

संस्था प्रधान जयपाल सिंह ने शिक्षा का महत्व बताते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनीष, मनोज, विक्रम, हनुमान, नवीन, संजय, भीम सीमा सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयवीर सिंह एवं विक्रम सिंह नें संयुक्त रूप से किया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर के पुर थाना क्षेत्र में बीती रात घटित सड़क हादसे में टैंट कार्य कर लौट रहे दो चचेरे भाई घायल हो गए, जिनके से एक ने हॉस्पिटल लाने के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य घायल को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुर थाना पुलिस ने बताया कि सांवरिया मंदिर के पास आजाद नगर में रहने वाला सुभाष झा (32) पुत्र अमरनाथ झा व इसका चचेरा भाई कौशल झा टेंट का कार्य करते हैं। बीती रात ये दोनों भाई टैंट कार्य कर बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान राजोला-देवली रोड़ पर एक स्कूल के पास इनकी बाइक को एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों को उपचार के लिए शहर के एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां सुभाष झा की मौत हो गई, जबकि कौशल झा को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। रविवार सुबह पुलिस ने सुभाष के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर हादसे के कारणों की जांच शुरू की है।

# डॉ. चंद्रेश कुमार ने सबसे ज्यादा अकादमिक प्रमाणपत्र अर्जित करने का रिकॉर्ड बनाया

## डॉ. छतलानी ने विद्यापीठ को गर्वित किया : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर,** (निसं.)। किसी बेहतरीन कार्य को करने के लिए यदि ठान लिया जाए तो हर समय व परिस्थिति अनुकूल हो जाती हैं।

यह संभव कर दिखाया है उदयपुर, राजस्थान के डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी ने, जिन्होंने लॉकडाउन के समय का सदुपयोग करते हुए विभिन्न अंतरराराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तरीय संगठनों यथा माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, सिस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि द्वारा विविध अकादमिक विषयों व कार्यकर्मों के ऑनलाइन माध्यम से एक हजार से अधिक प्रमाणपत्र अर्जित किए। अंतरराष्ट्रीय संगठन वर्ल्डस ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड्स, जो प्रमाणीकरण के साथ दुनिया भर के असाधारण रिकॉर्ड्स को सूचीबद्ध और सत्यापित करता है, द्वारा छतलानी को शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उच्चतम संख्या के



डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी

वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड स्थापित करने की मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रमाणपत्र वर्ल्डस ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड्स के अधिनिर्णायक द्वारा प्रदान किया गया।

डॉ. चंद्रेश ने कोरोना से लडते हुए दो साहित्यिक पुस्तकों का सम्पादन करने के साथ-साथ शैक्षिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण रणनीतियां व योजनाएं भी स्वतंत्र रूप से बनाई और देश के लॉकडाउन में कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के समय कर्मचारियों/शिक्षकों की मानसिकता पर प्रभाव विषय पर राष्ट्रीय स्तर का शोधकार्य भी सफलता पूर्वक संपन्न किया। उन्हें कोरोना योद्धा सहित कई अन्य सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। वे राजस्थान विद्यापीठ में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

विद्यापीठ के कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने डॉ. छतलानी को बधाई देते हुए कहा कि छतलानी विवि का गौरव हैं और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य न केवल विश्वस्तरीय बल्कि अनुकरणीय भी हैं। वे कम्प्यूटर विज्ञान के प्रख्यात ज्ञाता व शोधकर्ता होने के साथ-साथ एक अच्छे साहित्यकार भी हैं। कोविड के बाद लम्बी बीमारी से संघर्षरत होने के बावजूद भी उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। छतलानी ने स्वतंत्र रूप से 140 से अधिक सॉफ्टवेयर व वेबसाइट का निर्माण भी किया है और वे विवि के शोध को उन्नत करने हेतु साहित्यिक चोरी पकडने के सॉफ्टवेयर का प्रबंधन भी कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त विद्यापीठ के कई प्रमुख कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे पूर्व डॉ. छतलानी को शिक्षा, शोध व साहित्य के क्षेत्र में योगदान के बीस सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, उन्होंने नौ पुस्तकों का लेखन व सात का संपादन किया है, साथ ही उनके 27 शोध पत्र प्रकाशित व 40 अन्य शोध पत्र राष्ट्रीय-अतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रस्तुत हुए हैं।

## संक्षिप्त

### लापता नाबालिक दस्तयाब

**उनियारा, (निसं)।** उनियारा सर्किल थाना क्षेत्र के नगरफोर्ट थाना क्षेत्र में 18 जनवरी को घर से स्कूल जा रही एक नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। आस पास परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर भी नाबालिग बालिका के नहीं मिलने पर पीड़ित परिजनों ने नगरफोर्ट थाने में अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरफोर्ट थानाधिकारी सलीम खान ने टीम गठित की। थानाधिकारी के निर्देशन पर नगर फोर्ट थाना एएसआई रतन लाल मीणा, हैंड कांस्टेबल श्रीराम मीणा ने लापता नाबालिग बालिका को दिल्ली, हरियाणा सहित आस पास काफी तलाश किया।लेकिन काफी तलाश के बाद भी नाबालिग बालिका नहीं मिली। मुखबिर की सूचना एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दौरान तलाश नाबालिग बालिका को मानसरोवर जयपुर से दस्तयाब किया गया।

### नेताजी बोस को नमन किया

**निवाई।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सुभाष कॉलोनी स्थित सुभाष पार्क में 125 वी जन्म जयंती को प्रक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बजरंग दल प्रखंड संयोजक राकेश खारोल ने बताया कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष के रूप में आजादी का अमृत महोत्सव बजरंग दल सहित पूरा देश मना रहा हैं। कार्यक्रम में बजरंग दल प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख नाहर सिंह गुर्जर, प्रखंड सह संयोजक मुकेश खटाना, महेंद्र पोसवाल, देशराज गुर्जर, शिवदयाल मोरण, मनराज बैरवा, नितेश बैरवा, झंडू मीणा, विक्रम बैसला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बजरी माफिया को गिरफ्तार किया

**मालपुरा।** पचेवर थाना पुलिस ने रविवार को दौराने गश्त के मुखबीर की सूचना पर पचेवर कस्बे से बजरी माफिया कजोड पुत्र लाला गुर्जर निवासी हचकुडा थाना फागी को गिरफ्तार कर मौके से एक बोलेरो कार जप्त की गई। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि दूसरी कार्यवाही में तेज आवाज में ध्वनी प्रदूषण करते कानाराम पुत्र हरजी राम जाट व रामराज पुत्र हरजी राम जाट निवासी पचेवर को गिरफ्तार किया गया। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने तूफान मीणा को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### रक्तदान व चिकित्सा शिविर 26 को

**कोटपूतली।** स्व. किस्तूरी देवी चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 26 जनवरी को लॉयन्स क्लब व भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में डाबला रोड़ स्थित मित्तल स्माईल केयर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी डॉ. अरविन्द मित्तल व भाजपा नगर उपाध्यक्ष शशी मित्तल ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षाएं 27 से

**निवाई।** कृषि महाविद्यालय झिलाय में प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं 27 जनवरी से प्रारंभ होगी। कृषि महाविद्यालय के डीन प्रो. रामप्रसाद जाट ने बताया कि श्रीकर्णनरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के परीक्षा प्रभारी डॉ. केसी कुमावत के निर्देशानुसार कृषि स्नातक प्रथम वर्ष 2021-22 में प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं 27 जनवरी से शुरू होगी।

# गलत तरीके से किसान की भूमि नीलाम करने वाले दोषी अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: परसादी

■ मंत्री ने माना नीलामी में भू माफियाओं की मिलीभगत

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय की जामुन वाली ढाणी में मृतक किसान कजोड़ मीणा की नीलाम हुई जमीन की कार्रवाई को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा गैरकानूनी बताते हुए गलत तरीके से किसान की भूमि नीलाम करने वाले दोषी अधिकारियों पर कडी कार्रवाई की बात कही है।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा रविवार को मृतक किसान के निवास पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए सरकार द्वारा किसान परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान मंत्री मीणा ने कहा कि मृतक किसान की जमीन की नीलामी गलत तरीके से की गई थी। उन्होंने कहा कि किसान की भूमि को डीएलसी दर से शुरू होती है एवं मृतक किसान की भूमि को महज करीब चार लाख के कर्ज पर किसान की 15 बीघा जमीन की नीलामी करना भी गैरकानूनी है एवं ऐसी नीलामी तर्कसंगत नहीं थी। मंत्री मीणा ने कहा कि मृतक किसान की नीलाम की गई भूमि में भू माफियाओं एवं अधिकारियों की मिलीभगत रही है।



रामगढ़ पचवारा की जामुन वाली ढाणी में मृतक किसान परिवार को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने ढांढ़स बंधाया।

मंत्री मीणा ने साफ किया कि ऐसे दोषी अधिकारियों पर जांच करा कर कडी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री मीणा ने कहा कि इस मामले को लेकर तुरंत मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीडित परिवार की कर्ज को माफ किया जाएगा एवं प्रदेश में आगामी किसी भी किसान की जमीन को नीलाम करने वाली कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया है।

जामुन वाली ढाणी निवासी किसान कजोड़ मीणा द्वारा खेती के लिए करीब चार लाख रुपए का कर्ज लिया गया था। जहां किसान की आर्थिक हालात एवं खेत में फसल मंदी पैदावार होने के कारण किसान कर्ज चुका नहीं पा रहा था। वही बैंक द्वारा किसान द्वारा लिए गए कर्ज को पेनल्टी ब्याज आदि लगाकर करीब सात लाख रुपए कर दिया गया था। वही करीब एक हफ्ते पहले किसान की भूमि को अधिकारियों एवं भू माफियाओं द्वारा मिलीभगत करते हुए बंद कमरे में करीब 80 लाख रुपए से ज्यादा कीमत रखने वाली किसान की जमीन करीब साढे 46 लाख रुपए में नीलाम कर दी गई थी। इस मामले को लेकर काफी बवाल भी मचा था जहां राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा एवं किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा भी इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। वहीं किसान की मौत को कर्ज के बाद उसकी की जा रही भूमि नीलामी का नोटिस प्राप्त होने की वजह बताया गया था।

## 96 चिकित्सा संस्थानों में आज लगेंगे टीके

**श्रीमाधोपुर।** जिला कलेक्टर सीकर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीकर से प्राप्त निर्देशों की पालना में सोमवार को श्रीमाधोपुर क्षेत्र के 96 चिकित्सा संस्थानों पर कोरोनारोधी टीके लगाए जाएंगे। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर डॉ जेपी सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर एवं रेलवे स्टेशन सहित कस्बे के 10 स्थानों पर, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रींगस, वेदांता कॉलेज रींगस, आरएसडब्ल्यूएम रींगस, सीसीए कॉलेज रींगस,उप जिला अस्पताल अजीतगढ़, केरली अजीतगढ़ ,रीको अजीतगढ़ तथा दादिया रामपुरा, जुगराजपुरा ,हांसपुर, जोरावरनगर, सरगोठ ,मऊ, नांगल, दिवराला, लिसाडिया, ढाबावाली ,अभावास, महरौली ,मूंडरू व मोबाइल वैक्सीनेशन टीम में 15 से ऊपर के सभी आयु वर्ग के लोगों को कोवीशील्ड व कोवैक्सीन की प्रथम द्वितीय व प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी । वही ब्लॉक क्षेत्र के शेष 64 सीएचसी, पीएचसी, सब सेंटरो आदि चिकित्सा संस्थानों पर टीके सभी आयु वर्ग के लोगों को लगाए जाएंगे।

# भगवान पदमप्रभु के गर्भ कल्याणक पर भक्तामर स्तोत्र पाठ किया

**निवाई, (निसं)।** भगवान पदमप्रभु के गर्भ कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य पर वैयरहाउस के समीप बसन्त कॉलोनी में शुभकामना परिवार के तत्वावधान में भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला व राकेश संधी ने बताया कि भारत गौरव गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संचालित शुभकामना परिवार का गठन किया गया।

इस दौरान रविवार को सामूहिक परिवार द्वारा संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ आयोजित किए गए जिसका शुभारंभ पारसमल जैन, रोहित जैन एवं महिला मण्डल की वनिता जैन बडाग़ाव ने भगवान आदीनाथ की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण नीरज कुमार, धीरज कुमार जैन बाकलीवाल ने किया। जौला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों से 48 दीपकों को भक्तामर श्लोकों से मण्डप पर समर्पित किए गए। जौला ने बताया



निवाई में भगवान पदमप्रभु के गर्भ कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित भक्तामर स्तोत्र पाठ में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कि सभी श्रद्धालुओं ने अपने मुखारविंद से भक्तामरजी का उच्चारण करते हुए सम्यग्दर्शन सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र एवं रत्नत्रय के दीपक समर्पित किए। इस दौरान भगवान आदिनाथजी, भक्तामरजी, आचार्य मानतुंगाचार्य की वन्दना करके आरती की।

इस अवसर पर उर्मिला सोगानी, संजू जौला, मोना जैन, वनिता जैन, बीना सोगानी, आशा पाटनी, मुन्नीदेवी सोगानी, निशा बाकलीवाल, सपना हतौना, पूजा जैन, सुमित्रा जैन, तृप्ति बाकलीवाल, प्रिती जैन, कुसुम जैन, स्वाति सोगानी, रेणु सोगानी, संध्या जैन, विमल सोगानी, सौरभ जैन, सुशील सोगानी, रोहित जैन, अनिल सोगानी, नरेश हतौना, पदमचंद जैन एवं विमल पाटनी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया को दोहरी खुशी

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) नन्नूमल पहाड़िया को निर्वाचन विभाग द्वारा 25 जनवरी को आयोजित 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन कार्य में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय वाखषक स्टेट अवार्ड पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यहां पर उल्लेखनीय है कि जैसे ही जिला कलेक्टर को इस पुस्कार की सूचना मिली वहीं इस खुशी को दोगुना करने वाली बड़ी खुशी उन्हें दादा बनने की मिली उनके बड़े पुत्र को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है।

जिला निर्वाचन अधकारी (कलक्टर) पहाडिया को यह पुरस्कार राज्य स्तरीय चयन समिति ने भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन विभाग के निर्धारित मापदण्डों के विभिन्न मानकों एवं भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन पर निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूर्ण नष्ठिा एवं समर्पण के साथ सम्पन्न कराए जाने पर दिया जाएगा। पहाडिया को यह पुरस्कार मंगलवार 25 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे शासन सचिवालय जयपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा राज्य स्तरीय वर्चुअल समारोह में दिया जाएगा।

# 'दलित दूल्हों एवं बारातों पर जातीय बर्बरता की घटनाओं पर रोक लगाई जाए'

**जयपुर।** दलित शोषण मुक्ति मंच-डीएसएमएम के प्रदेश सह संयोजक एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.रमेश बैरवा ने एक प्रेस बयान जारी कर दलित दूल्हों एवं बारातियों पर तेजी से बढते हमलों पर गहरी चिंता एवं कडा आक्रोश व्यक्त किया है तथा सरकार से पुरजोर मांग की है कि दलितों की बारात पर हमले, दलित दूल्हों को घोडी से उतारे जाने सहित सभ्य समाज को कलंकित करने वाली दलित उत्पीडन की बढती घटनाओं पर कारगर रोक लगाई जाए।

अपराधियों को कडी से कडी सजा दी जाए। घोडी से उतारे जाने सहित दलितों दूल्हों एवं दलितों की बारात पर जानलेवा हमले असल में जातीय बर्बरता और जातीय आतंक के खुले रूप हैं,जो हमारे सभ्य होने पर सवाल खडे करते हैं। ऐसे कृत्य संविधान प्रदत्त गरिमामय जीवन जीने के नागरिक अधिकार का खुला हनन है। आज़ादी के महोत्सव को बेमानी साबित करते हैं।

गौरतलब है कि 22 जनवरी को अलवर की मालाखेडा तहसील के गांव चांदपहाडी के दलित रामहेत बलाई की बिटिया की शादी की थानागाजी तहसील के गांव बिहारीसर से पोखरमल के बेटे नवीन कुमार की बारात आई थी। बारात पर समुदाय विशेष के जातिवादी गुंडों के द्वारा जानलेवा हमले किए गए हैं जिससे बडी संख्या में दलित चोटिल हुए हैं,जिनमें डॉक्टर भी शामिल हैं। जाति आतंक की इस घटना से रामहेत बलाई का परिवार सहित गांव के दलित आतंकित है,डर के साए में है। यह भी उल्लेख है कि पिछले 8 साल में राजस्थान में ही करीब 100 ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी है जहां दलित दूल्हों को घोडी से उतारा गया। गांव के दबंगों ने बिन्दौली नहीं निकलने दी गई। दलित बारातों पर प्राणघातक हमले तेज हुए है। सरकारी आंकडों के मुताबिक राजस्थान में पिछले 10 वर्षों में दलित उत्पीड़न में 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

दलित महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं में तो 10 वर्ष में 162 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो सभ्य समाज को कलंकित करती है। यह विधि के शासन के लिए भी एक कड़ी चुनौती है। यह भी गौरतलब है कि दलित उत्पीड़न की शिकायतों में बड़ी संख्या में एफआर लगा देने से भी दलित विरोधी जातीय गुंडों के हौंसले बढ़ते जाते हैं। दलित बारातों पर हमलों से आर्थिक क्षित तो होती है,सम्मान को गहरी ठेस पहुंचती है। साथ ही गांव भी बदनाम जाता है जिससे भविष्य में दलितों के बेटी-बेटियों की शादी में भी बड़ी परेशानी आती हैं। प्रतिष्ठा सम्पन्न दलित परिवार मुश्किल से ही ऐसे गांव में रिश्ता करने को तैयार हो पाता है।

## विनोद व अजय इनरोलर नियुक्त

**पावटा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा डिजिटल मेंबरशिप सदस्यता अभियान के तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर डिजिटल मेंबरशिप प्रभारी डॉ. अभय यादव व राम प्रसाद कुलदीप द्वारा विनोद यादव व अजय टांक को विराटनगर विधानसभा चीफ इनरोलर नियुक्त किया गया। विनोद यादव व अजय टांक ने इस नियुक्ति पर विधायक इंद्राज गुर्जर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए अधिक से अधिक संया में कांग्रेस सदस्य बनाने के लिए मेहनत व लगन से काम करने की बात कहीं। चीफ इनरोलर नियुक्त होने पर पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि समाज सेवी गोपाल अग्रवाल, कांग्रेस ब्लॉक उपाअध्यक्ष अजय सैनी, रिजवान कुरेशी सहित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने विनोद यादव व अजय टांक का माला पहनाकर स्वागत किया।

## 18 हजार की नकदी सहित चार जुआरी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जुआ एवं सट्टा कारोबारियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 हजार 770 रूपये जप्त किये। थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए रविवार को ग्राम पूतली में ठाकुर जी मंदिर के पास जुआ खेलते धोलाराम गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर व विजय गुर्जर सभी निवासी पूतली तथा प्रमोद महाजन निवासी पुरानी सब्जी मण्डी के पास हाल अमाई को गिरफ्तार कर 18 हजार 770 रूपये नगदी बरामद कि है।

## महिलाओं को सिलाई व पशुपालन योजनाओं की दी जानकारी

**निवाई।** गांव ललवाडी में रविवार को बीएन सोसायटी चाकसू एंव सीआईआई फाउंडेशन के तत्वावधान में महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण एवं पशुपालन रोजगार का प्रशिक्षण दिया। संस्था समन्वयक रमा शर्मा ने महिलाओं को बताया कि वह अपना स्वयं का छोटा सा व्यवसाय शुरू कर सकती है एवं कम उम्र की महिलाएं भी अपने लिए कुछ छोटे व्यवसाय चुन सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं है तो ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग लेकर स्वयं का पार्लर खोल सकती है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग लेने के लिए एवं उसके बाद खुद का पार्लर होने के लिए उन्हें कुछ निवेश करने की आवश्यकता है लेकिन बाद में काफी मुनाफा होता रहेगा। शिविर में महिलाओं को सिलाई एंव पशुपालन रोजगार की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव गिर्राजप्रसाद शर्मा, धीरजसिंह सोलंकी, ज्योति कंवर, विनोद कंवर, खुशबू कंवर, निकिता, पूजा, आशा, अन्नू, नीतू, अखलेश, मंजू, नीलम, नन्द कंव,र पूनम कंवर व विजेता सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

# किशनगढ़ बास को एनसीआर के दायरे से बाहर रखने की मांग

**खैरथल, (निसं)।** किशनगढ़ बास तहसील को एनसीआर के दायरे से बाहर रखने के लिए संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष व किशनगढबास पंचायत समिति के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीपचंद खेरिया को ज्ञापन सौंपा।

संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने विधायक को कहा कि जिले को एनसीआर परिधि से अलग किया जा रहा है किंतु किशनगढ बास तहसील को शामिल रखने की जानकारी मिली है जबकि किशनगढबास तहसील राजघाट से करीब 120 किलोमीटर दूरी पर है। एनसीआर के पेचीदा नियमों के कारण तहसील क्षेत्र के दो बडे कस्बे खैरथल एवं किशनगढ बास एनसीआर के दायरे में शामिल रहने के कारण व्यापार, उद्योगों, कृषि कार्य, ब्रिक्स, क्रेशर आदि के कार्य पर एनजीटी के समस्त फैसले लागू होने से सभी उद्योग और व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। बहुत से उद्योग जो नियमों से परेशान है अन्यंत्र पलायन



किशनगढ़बास तहसील को एनसीआर के दायरे से बाहर रखने के लिए संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीपचंद खेरिया को ज्ञापन सौंपा।

करने की सोच रहे हैं। 100 किलोमीटर की सीमा से बाहर मानते हुए किशनगढ़ बास तहसील को एनसीआर के दायरे से बाहर रखने के लिए राज्य सरकार से अभिशंसा करने की मांग कर ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, उद्योगपति महेश चंचलानी, सेवक लालवानी, टीकम दास मुरजानी, अशोक महलवानी,महेश गर्ग, नीलम गुप्ता, सुरेंद्र महावर,संजय गंगवानी, शेर सिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

## इंजन वाली ढाणी में सड़क बनाने की मांग

**मंडावरी।** तलाव गांव ग्राम पंचायत की इंजन वाली ढाणी में सड़क मार्ग नहीं होने से परेशान ग्रामीणों द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के निज निवास पर सडक बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि ढाणी के छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों को आवागमन का यह एकमात्र रास्ता है जो थोड़ी सी बारिश में ही कीचड़ युक्त हो जाने से आवागमन में तकलीफों के साथ दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत तलावगांव के सरपंच को बार बार अवगत कराने पर भी सडक सही नहीं हुई बरसात के समय आवागमन मे काफी दिक्कत होती है। यह रोड चिमनपुरा स्कूल से इंजन वाली ढाणी ग्राम करणपुरा व गुदडीया ग्राम को जोड़ती है। वहीं ग्रामीणों को चिकित्सा मंत्री द्वारा जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान समस्त चिमनपुरा करणपुरा गुदडीया के रामसहाय मीणा, रतन लाल मीणा, बद्री लाल मीणा, सावल राम, रमेश, पप्पू लाल, नाथूलाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### परशुराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



**अलवर।** हरियाणा की सीमा पर जिले की कोटकासिम तहसील के गांव वीरनबास में ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने रविवार को अपने आराध्य भगवान परशुराम जी के मंदिर में परशुराम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवायी। राजस्थान ब्राह्मण सभा की कोटकासिम तहसील के अध्यक्ष कर्पूरचंद वशिष्ठ ने बताया कि कोटपूतली में तैयार प्रतिमा को मन्दिर में स्थापित कर आज प्रातः हवन व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा करवायी गयी। इस अवसर पर पूरे विधि विधान से सम्पन्न हुई पूजा के अवसर पर कोविड की गाइड लाइन की पालना के अंतर्गत सीमित संख्या में ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा की तहसील इकाई के कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा, संगठन सचिव यशपाल शर्मा, महासचिव अनूप शर्मा, सहसचिव राजेश शर्मा व प्रचार मंत्री लक्ष्मण शर्मा सहित अन्य विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही।

### पेड़ पर फंदे से झूलता मिला युवक

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के लालसोट बौंली सड़क मार्ग के पास खारेला बांध की तलहटी में एक युवक का शव रविवार को पेड़ पर फंदे से झूलता मिला। शव को देखकर देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर बामनवास पुलिस उपाधीक्षक तेज कुमार पाठक व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची एवं पेड़ के फंदे से झूलते मिले शव को नीचे उतार कर उसकी शिनाख्त करवाई। जिसमें मृतक युवक गणेश माली निवासी ज्योतिबा नगर गुढ़ा गोडजी झुंझुनू के रूप में की गई है मृतक एचजी कंपनी में डंपर चालक था। शव को पोस्टमार्टम के लिए बौंली चिकित्सालय में रखा गया है मृतक के परिजनों के आने पर उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है । पुलिस मामले में हत्या या आत्महत्या होने की जांच कर रही है ।

### बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा

**अलवर ।** जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के अवसर पर जिले में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को कलक्ट्रेट सभागार में दोपहर 1 बजे आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल ने बताया कि जिला प्रशासन के नवाचार के तहत जिले की प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित करते हुए कॉफी विद् कलेक्टर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाली बालिकाओं को जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा लॉगो युक्त कप व टी-शर्ट भेंट की जाएगी।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद किया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी मूंडरू के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस की जयंती मनाई। से.नि. प्रधानाचार्य नागर मल गुप्ता की अध्यक्षता में गायत्री मंदिर परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बॉस की जयंती मनाई गई। अखिल भारतीय जनवादी नौजवान सभा के तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह शेखावत, रेडक्रॉस सोसाइटी के ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा तथा राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी सहित अन्य लोगों ने नेताजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प माला चढ़ाकर नमन किया। वहीं भारतीय नौजवान इंकलाब पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश राव की अध्यक्षता में पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता कमलेश कुमार यादव, सीताराम यादव, नरेश कुमार गुर्जर , बाबू लाल यादव मौजूद थे । वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने बचपन में ही प्रथम श्रेणी में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के भारतीय प्रशासनिक सेवा की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए । ये भारतीयों के लिए बड़ी उपलब्धि थी कि उन्होंने इस परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। उन्हें अंग्रेजों की गुलामी मंजूर नहीं थी। इसलिए भारतीय प्रशासनिक सेवा को बीच में ही छोड़कर वह भारत आ गए। देश की आजादी में उनका बड़ा योगदान था।

### महिला जहर खाकर थाने पहुंची

**बौंली।** क्षेत्र की एक विवाहित महिला ननंद भोजाई के झगड़े से तंग आकर विषाक्त खाकर बौंली थाने पर पहुंची जिससे पुलिस स्टाफ में हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे तुरंत बौंली चिकित्सालय में भर्ती कराया उसके विषाक्त का असर कम होने पर उसने बौंली पुलिस थाने में अपनी नणद व नणदोई के खिलाफ मारपीट व झगड़ा कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि पीड़िता सीता ने सुनील कुमार बावरिया से प्रेम विवाह किया था सन 2016 में तब से ही ससुराल से अलग रह रही थी। जिससे नणदोई नणद फूलबाई वराम सिंह आए दिन लड़ाई झगड़ा करते थे एवं राम सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। महिला भैडोली पोर्ट की रहने वाली है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई राधेश्याम द्वारा की जा रही।

### अवैध देशी कट्टा सहित दो गिरफ्तार



**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो युवकों को अवैध देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी नवाब खां के निर्देशन में व डीएसपी डॉ. संध्या यादव के सुपरवीजन में थाना प्रभारी के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित की गई। जिसमें एएसआई राकेश, सुरेश, हैड कानी. शमशेर, महेन्द्र, कानी. धर्मपाल, जितेन्द्र, पप्पुराम, लोकश व पंकज को शामिल किया गया। उक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए खेडकी वीरभान रोड स्थित डोई भवन के पास शिवराम उर्फ सीन्नू पुत्र जयराम गुर्जर निवासी पुतली व अभिषेक पुत्र हरिसिंह गुर्जर निवासी खेडकी वीरभान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो जिन्दा कारतूस व एक देशी कट्टा बरामद किया है।

## संक्षिप्त

### रविवार को बाजार बंद रहा

**टोंक।** कोरोना महामारी फिर से बढ़ने के चलते वीकेंड कर्फ्यू के चलते दूसरे रविवार को जिला मुख्यालय पर मुख्य बाजार बंद रहा है और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। आवश्यक सामग्री की दुकानें खुली रही। जिला मुख्यालय पर कोरोना संक्रमण के कारण लगातार कोरोना पॉजिटिव की संख्या में बढोतरी के कारण सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन के चलते वीकेंड लॉकडाऊन के चलते रविवार को टोंक शहर बंद रहा और दुकानें बंद रही। लोग अपने अपने घरो पर रहे। लेकिन बावजूद कुछ लोग बाजार में घुमते नजर आए। शहर के मुख्य बाजार घंटाघर से बडा कुंआ, पटेल सर्किल रोड, डिपो क्षेत्र, छावनी क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रो में बाजार में दुकानें बंद रही और पुलिस लगातार गश्त करती रही।

### कच्ची बस्ती में जन्मदिन मनाया

**रींगस।** आधार सेवा केन्द्र महरोली के संचालक विनोद महरोली ने कच्ची बस्ती में केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान महरोली ने कच्ची बस्ती में उपहार बांटे। विनोद महरोली ने बताया की सर्दी के मौसम को देखते हुए उन्होंने अपना जन्मदिन कच्ची बस्ती में मनाया। यहां पर बच्चों को मिठाई, उपहार तथा कपडे बांटे बच्चों के बीच उन्हें असीम सुख की प्राप्ति हुई। इस दौरान बच्चों को फलों का वितरण किया गया।

### नेताजी को श्रद्धांजलि दी

**रींगस।** आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को उनकी 125 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष गोविन्द शर्मा ने बताया की नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आज पूरे देश के नागरिकों के दिलों में रचे बसे हैं। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्रवण सारस्वत,अशोक डाकवाला, बीएल शर्मा, प्रकाश जांगिड, अमित शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### क्षत्रिय टांक समाज की बैठक

**मालपुरा।** क्षत्रिय टाक समाज मालपुरा टोडारायसिंह की मासिक बैठक रविवार को समाज अध्यक्ष मनोज कुमार टाक डिग्गी की अध्यक्षता में जयपुर रोड शिव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में समाज उत्थान एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर विचार सांझा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इस दौरान एडवोकेट जगदीश टाक, रतन लाल टाक, अरविन्द कुमार, टीकम चन्द चान्दसेन, त्रिलोक चन्द, रामेश्वर प्रसाद, शंकर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहै।

### कोटपूतली में 43 नये पॉजिटिव मिले

**कोटपूतली।** कोरोना महामारी संक्रमण का खतरा कोटपूतली ब्लॉक में लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरी लहर के बीच ब्लॉक में रविवार को 43 नये कोरोना पॉजीटीव मरीज सामने आये है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि ब्लॉक में तीसरी लहर के दौरान अभी तक कुल 663 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटीव आ चुकी है। जिनमें से 404 मरीज एक्टिव है।

### अवैध बजरी से भरा एक ट्रक जब्त

**टोंक।** बरोनी पुलिस ने अवैध रुप से बजरी से भरा एक ट्रक जब्त किया। पुलिस के अनुसार बरोनी पुलिस थानाधिकारी जगदीश प्रसाद के सुपरविजन में उच्चाधिकाारियों के आदेशानुसार हैडकांस्टेबल रामदेव ने मय जाप्ते गश्त के दौरान पहाड़ी कट के पास एक लकड़ बाड़ी ट्रक अवैध बजरी से भरा मिलने पर जब्त किया और पुलिस थाने खड़ा कराया।

### दूसरे वीकेंड कर्फ्यू में बाजार बंद रहा

**पावटा।** प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों के मामलों में लगातार तेजी से इजाफा हो रहा है, जिसके चलते सरकार को वीकेंड कर्फ्यू जैसे फैसले लेने पडे हैं। वहीं कोरोना की तीसरी लहर के दौरान दूसरे वीकेंड कर्फ्यू के दौरान पावटा प्रागपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र में शनिवार रात 11 बजे से वीकेंड कर्फ्यू लागू हुआ जो सोमवार सुबह 5 बजे तक लागू रहा।

### सर्द हवाओं ने छुडाई धूजणी

**रींगस।** अंचल में एक बार फिर से मौसम ने करवट बदल ली। रविवार को दिन भर सूर्य देव बादलों की ओट में छिपे रहे। सूर्य देव के बादलों की ओट में छिपे रहने से सर्दी का असर ज्यादा दिखाई दिया। लोग दिन भर आग जलाकर तापते दिखाई दिये।

# पक्की नाली नहीं होने से सड़क और खाली प्लाटों में जमा हो रहा गंदा पानी

**चाकसू, (निसं)।** पालिका क्षेत्र के बस स्टैंड से लक्ष्मी नगर रोड पर पक्के नाले की सुविधा नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी एवं बारिश का पानी सड़क और खाली पड़े प्लाटों में जमा हो रहा है जिससे सड़क खराब हो रही हैं और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड निवासी बद्री नारायण कुमावत, मदन लाल सैनी, शंकर यादव आदि ने बताया कि इस संबंध में वार्ड पार्षद सहित प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत करा दिया गया है लेकिन अभी तक भी कोई सुनवाई नहीं की गई है। बारिश के दिनों में तो घरों में प्रवेश करना भी दुश्वार हो जाता है तो वहीं पानी घरों की दीवारों और अंदर प्रवेश करने लग जाता है एवं खाली पड़े प्लाटों में गंदा पानी भरा होने से मच्छर मक्खी पनप रहे हैं जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का अंदेशा भी हमेशा बना हुआ रहता है।

■ सड़क खराब हो रही है और आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

नाला जहां से गुजर रहा है वहां आसपास काफी प्लाट अभी खाली पड़े हैं इसमें कस्बे से निकलने वाला गंदा पानी जमा हो रहा है। पानी को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन के द्वारा अभी तक पक्के नाले का निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे पूरे कस्बे का पानी एक ही स्थान पर एकत्र हो रहा है। इससे उन लोगों को दिक्कत हो रही है, जिनके मकान खाली पड़े प्लाटों के आसपास बने हुए हैं। कीचड़ के साथ जमीन पर झाड़ियां भी उग आई हैं। इनमें जहरीले जीव-जंतुओं ने अपना बसेरा बना लिया है।



चाकसू के बस स्टैंड से लक्ष्मी नगर रोड पर पक्के नाले की सुविधा नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी एवं बारिश का पानी सड़क और खाली पड़े प्लाटों में जमा हो रहा है।

## खैरथल पालिका चेयरमैन सम्मानित

**खैरथल, (निसं)।** निकटवर्ती वल्लभग्राम में स्वामी लीलाशाह आश्रम(कुटिया) में स्वामी लीलाशाह सेवा समिति की ओर से संत महात्माओं के सानिध्य में नवनिर्वाचित नगर पालिका चेयरमैन हरीश रोघा का समारोह में सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में खैरथल नगर पालिका के चेयरमैन हरीश रोघा ने कहा कि सिंधी भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए मौजूदा पीढ़ी वैभव और धन कमाने की अंधी दौड़ में सिंधी समाज अपनी भाषा से भी विमुख होता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक नई पीढ़ी को अपने कारोबार की चाबी सौपने के साथ अपने संस्कारों की विरासत को भी भली-भांति आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में स्वामी लीलाशाह आश्रम के महंत पिताम्बरदास, हिंगलाज माता मंदिर के महंत भानु साई, समाजसेवी गोविंद चंचलानी पूज्य सिंधी पंचायत वल्लभग्राम के मुखी अशोक गुरनानी, स्वामी लीला शाह धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष मुखी वासदेव दासवानी, अलवर के समाजसेवी चंदूलाल बोदवानी ने भी सिन्धी विरासत को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भगवान झूलेलाल, स्वामी लीलाशाह महाराज की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**पावटा।** रविवार को पावटा, प्रागपुरा शहर के प्रमुख चौराहा सुभाष चौक पर समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में सबसे पहले लोगों के सहयोग से प्रतिमा की सफाई की गई एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण, तिरंगे व पुष्प द्वार से मूर्ति को सजाकर जंगे आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर शहर भर के समाजसेवी व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर नमन किया। वहीं पूर्व प्रधान बनवारी लाल स्वामी ने कहा कि नेताजी एक महान पुरुष थे और आजादी दिलाने उनकी भूमिका ही महत्वपूर्ण है लेकिन विडंबना है कि उनकी जयंती पर सरकार सार्वजनिक रूप से अवकाश घोषित नहीं करती। उन्होंने सरकार से मांग की कि नेता जी की जयंती पर सामने का अवकाश घोषित किया जाए। कार्यक्रम में दीपक पटेल, पत्रकार मुनेश सैनी, ब्रह्मदेव खोकचा, इंजीनियर सतेंद्र चौधरी सांगटेडा ,सन्दीप चतुर्वेदी, किशन लाल सैनी, डॉ. आलोक, प्रकाश यादव, रामकुंवार मीणा, सुनील अग्रवाल, कमलेश बंसल, रामकिशोर, उमराव, रिंकू सैन, असलम, सोहिल खान, मुमताज सहित युवा व समाजसेवी मौजूद रहे।

# कड़ाके की सर्दी रबी फसल के लिए फायदेमंद

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा सहित आस-पास के क्षेत्रों में कृषि इलाके में मौसम का मिजाज बदलने से पिछले 3 दिन से कडाके की ठंड का अहसास हो रहा है। किसानों ने इस सर्दी को रबी फसल के लिए फायदेमंद बताया है। वहीं तेज सर्दी से आमजन का बेहाल है। क्षेत्र में दो दिन पहले बारिश के बाद शनिवार सुबह से छाए घने बादलों और शीतल हवाओं ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं रविवार को सुबह कोहरे के बाद धूप खिली, लेकिन तापमान में गिरावट के चलते सर्दी का असर बरकरार रहा।

■ वहीं बदलते मौसम के कारण बीमारियां भी बढ़ रही हैं

वहीं चार दिन पहले सर्दी से थोडी राहत मिलने के बाद अब एकाएक भयंकर सर्दी का प्रकोप शुरू हो गया है। सर्दी के चलते आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है, और लोग अलाव का सहारा लेकर सर्दी को दूर भगाते हुए नजर आ रहे हैं। गलन और तेज हवाओं ने किसानों के चेहरों पर खुशियां ला दी हैं। किसानों का मानना है कि यह सर्दी और गलन फसलों के लिए अत्यधिक लाभदायक है। 10 दिन पहले पारा गिर जाने से फसलों को नुकसान का सामना करना पडा था। जिसके चलते किसान चिंतित नजर आ रहे थे लेकिन उसके बाद मौसम सामान्य होने के बाद अब बारिश और कोहरे ने किसानों के लिए एक नई उमीद पैदा कर दी है। वहीं बदलते मौसम के कारण बीमारियां भी बढ रही है। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी देवेंद्र शर्मा, डॉ. अशोक जाट व गुप्ता हॉस्पिटल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीज भारी संख्या में पहुंच रहे हैं।



कडाके की ठंड के कारण अस्पतालों में सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीज भारी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## अवैध अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** जिला पुलिस अधिक्षक ओमप्रकाश के निर्देशानुसार एवं एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशीलमान के सुपरविजन में थानाधिकारी कैलाश विश्नोई व उनकी टीम ने रविवार को दौराने गश्त के जरिए मुखबीर की सूचना पर हाथगी मोड से अवैध अफीम व बिना नम्बरी मोटरसाईकिल के साथ एक युवक को किया गिरफतार।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि रविवार को मुखबीर की सूचना पर अजमेर रोड हाथगी मोड पर मोटरसाईकिल सवार एक युवक रामलाल पुत्र गोपाल जाट उम्र 26 वर्ष निवासी धायलों का खेडा थाना कोटडी जिला भीलवाडा को रोक की गई पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर युवक की तलाशी ली गई।

तलाशी में युवक के पास 180 ग्राम अवैध अफीम बरामद होने पर तत्काल युवक को गिरफतार कर अवैध अफीम सहित बिना नम्बरी मोटरसाईकिल जप्त कर युवक के विरूद्ध मालपुरा थाने मे अवैध मादक पदार्थ तस्करी सहित अन्य धाराओं मे मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

# अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाने की मांग

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान में अल्पसंख्यक आयोग का जैन समाज से अध्यक्ष बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री गहलोत से जैन समाज ने मांग की।

जिसके लिए एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपकर जैन समाज को भी राजनीतिक नियुक्तियों में हिस्सा देने की मांग की है। जैन समाज के अध्यक्ष भागचन्द टोंग्या, कार्याध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, बड़ा जैन मंदिर के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोधा, मंत्री महेन्द्र चंवरिया, सरावगी समाज के मंत्री शिखरचंद काला, दिगम्बर जैन महासमिति युवा प्रकोष्ठ मंत्री विमल जौंला, राकेश संधी, जैन युवा परिषद के पारस पहडी, ज्ञानचंद सोगानी, सुनील भाणजा, मनोज पाटनी एवं त्रिलोक रजवास सहित कई लोगों ने अवगत कराया कि राजस्थान सरकार द्वारा जैन धर्मावलंबियों को अल्पसंख्यक वर्ग में शामिल किया गया है सारे जैन समाज ने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं संपूर्ण कांग्रेस पार्टी का जैन समाज ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि राजस्थान में जैन धर्मावलंबियों की अच्छी संख्या निवास करती है। लेकिन जैन समुदाय के आर्थिक दृष्टि से पिछडे परिवारों को छात्रवृतियों का लाभ नहीं मिल रहा अतः ढाई लाख से आठ लाख रुपए की राशि अति पिछडा वर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है उसे लागू किया जाए जिससे जैन समुदाय के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में जैन समुदाय अल्पसंख्यक होते हुए भी पूरे राज्य में निवास करता है जो राज्य के विकास, समृद्धि, मानव सेवा, अहिंसा का पूर्ण पालन करते हुए राज्य में शांति कायम करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। ज्ञापन में जैन समाज ने राजस्थान में जैन समाज को भी राजनीतिक नियुक्तियों मे अल्पसंख्यक आयोग का चैयरमैन का पद जैन समाज के योग्य व्यक्ति को पद देने की मांग की है।

## कांग्रेस ने बोस की जयन्ती मनायी

**सांभरझील।** बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव व सांभर जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक रहे दिवंगत अधिवक्ता सत्यनारायण मिश्रा के आवास पर रविवार को नगर कांग्रेस एरिया कमेटी के अध्यक्ष सीपी व्यास के सानिध्य में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया।

सीपी व्यास ने कहा कि सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने में उनकी भूमिका अहम रही है, इसके लिये उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन भी किया था। युवा नेता नजम उस्मानी ने कहा कि नेताजी के स्मरण मात्र से ही तन और मन में उर्जा का संचार होता है, ऐसे सपूत का जब तक सूरज चांद रहेगा उनका नाम हमेशा शान से लिया जाता रहेगा। इस अवसर पर रिटायर्ड थानाधिकारी बाबूखां अगवान, जितेन्द्र मिश्रा, समाजसेवी राकेश कश्यप, पूर्व पार्षद चन्द्रप्रकाश सैनी, पूर्व पार्षद नाथूलाल गटटानी, ललित मांधना, अरूण व्यास, हितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 'प्रतियोगिताओं से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है'

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई के ग्राम नांगडीवास (जाटान) में रविवार को वीर तेजाजी द्वितीय एक दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता 2022 का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुकेश गोयल एवं पं.स. पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं को आगे बढने का अवसर मिलता है तथा भाईचारा बढता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने में ऐसी प्रतियोगिताऐं बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि भारत के निर्माण में उनके योगदान को देश भुला नही सकता, देश को आजादी दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। मातृभूमि के लिए उनका अन्नन्त प्रेम, त्याग, तप एवं संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर जगन चौधरी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज युवा नशे के मकड़जाल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकारमय बनाता जा रहा है। इसलिए हमें युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना चाहिए ताकि युवा अपनी शक्ति को सकारात्मक सोच के साथ आगे ले जा सके। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि नांगल पंडितपुरा सरपंच विक्रम रावत, बसई सरपंच प्रतिनिधि सुनील मीणा, उपसरपंच प्रकाश चौधरी, पं.स.स.प्रतिनिधि अशोक आर्य, वार्ड पंच हनुमान चौधरी, वार्ड पंच हरिराम चौधरी, युवा नेता विजय चौधरी, संदीप कसाना, धोलाराम आर्य रहे।

ग्राम नांगडीवास जाटान के ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच नांगडीवास जाटान टीम तथा हॉसियावास टीम के बीच हुआ। जिसमें नांगडीवास टीम विजेता घोषित हुई।

# प्रदेश सरकार कुर्सी बचाने और अपनों को ही खुश करने में व्यस्त: कर्नल राज्यवर्धन

**जयपुर/सांभरझील।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को 100 ऑक्सीजन सिलेण्डर और 50 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जयुपर जिला कलेक्टर राजन विशाल को सौंपे जो लोकसभा क्षेत्र जयपुर ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भेजे जाऐंगे। इस दौरान सीएमएचओ नरोत्तम शर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने उपस्थित पत्रकारों का सम्बोधित करते हुए शहीद परिवार की जमीन नीलाम किए जाने पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को हाडे हाथों लिया। उन्होंने कहा प्रदेश में किसानों की दुर्दशा की जिम्मेदार सिर्फ कांग्रेस ही है। चुनावों के समय घोषणा पत्र में किसानों की ऋण माफी को लेकर बडे-बडे वायदे किए थे कर्ज माफी तो दूर की बात है अब किसानों की जमीनें नीलाम करने की होड लगी हुई है। सरकार 9 हजार किसानों की जमीनों की नीलामी की तैयारी हो चुकी है, जिसमें इन्होंने शहीदों के परिवारों को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा एक वर्ष पूर्व बैंकों की कमैटी मीटिंग में सरकार को बता दिया गया था कि 2018 के बाद लगभग 1 लाख 20 हजार किसानों का एनपीए हो गया है, इसकी लिस्ट सरकार के पास थी। बैंकों द्वारा सरकार को यह सुझाव भी दिया गया कि 10 या 30 प्रतिशत के वन टाईम सेटलमेंट से 3 हजार करोड़ का मामला सस्ते में ही सुलझ जाएगा, लेकिन सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और अपनी कुर्सी बचाने में ही व्यस्त रही। दस तक की काउंटिगं करते हुए राहुल गांधी ने यह क्यों नहीं बताया की किस किसान का कर्ज माफ होगा, कितना होगा और किसका होगा ही नहीं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद यह कहकर किसानों को भ्रमित किया गया कि उनका कर्ज माफ कर दिया गया है। सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने ऑक्सीनजन सिलेण्डर व कंस्टेंक्टर जयपुर कलक्टर राजन विशाल को सौंपे।



जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने 100 ऑक्सीजन सिलेण्डर और 50 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जयुपर जिला कलेक्टर राजन विशाल को सौंपे।

■ सांसद राठौड़ ने 100 ऑक्सीजन सिलेण्डर व 50 कंसंट्रेटर कलेक्टर को सौंपे

## सार-समाचार

### टोंक के नए एसपी को पौधा भेंट किया



**टोंक, (निसं)।** आईपीएस मनीष त्रिपाठी के टोंक जिले में नए एसपी के रूप में आगमन पर ट्रीमैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर पर्यावरणविद विष्णु लांबा ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। त्रिपाठी को झुंझुनू से टोंक एसपी के रूप में पदभार दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस व्यवस्था, आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जवानों के हितों को लेकर भी जिले में अनेक नवाचार किए जाएंगे। ट्रीमेन लांबा के साथ हुई लंबी मुलाकात के दौरान जिले में वन एवं वन्य जीव संरक्षण पर गंभीरता से चर्चा हुई। मशहूर पर्यावरणविद विष्णु लांबा ने बताया कि मनीष त्रिपाठी आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय को चरितार्थ करने वाले अधिकारी माने जाते हैं। त्रिपाठी ने झुंझुनू एसपी रहते हुए अमृत वाटिका अभियान के माध्यम से पुलिस कार्यालय परिसरों में सघन पौधारोपण करवाकर उदाहरण प्रस्तुत किया था।

### जुआ सट्टा खेलते एक गिरफ्तार

**फुलेरा।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा गैर कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू डॉ. तेजपाल सिंह के निर्देशन व वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपर विजन में थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के गणगौरी बाजार में जुआ सट्टा खेलते हुए एक जने को गिरफ्तार किया साथ ही सट्टा पर्ची व जुआ राशि भी जप्त किए। थाना प्रभारी रघुवीर सिंह राठौड ने बताया कि गणगौरी बाजार में मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय शंकर लाल उम्र 47 वर्ष को पर्ची पर सट्टा जुआ खेलते पकडा तथा उसके पास से सट्टे की पर्चियां व जुआ की राशि 1030 रुपये जप्त कर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू

**चाकसू।** उपखंड में भाजपा आजीवन समर्पण सहयोग निधि अभियान के अंतर्गत निधि अभियान के नगर संयोजक राजेंद्र गोस्वामी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर सूक्ष्म दान के लिए संपर्क करना शुरू कर दिया है।अभियान के अंतर्गत उपखंड के प्रत्येक भाजपा मंडल को 3 -3 लाख रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष भूणाराम गुर्जर एवं नगर मंडल अध्यक्ष केदार शर्मा के अनुसार नगर एवं देहात मंडल के अभियान संयोजक विक्रमसिंह तामडिया चाकसू देहात, अमित जैन शिवदासपुरा, राजेन्द्र गोस्वामी कस्बा चाकसू मैं अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ निधि संग्रहण कार्यक्रम में घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर समर्पण निधि प्राप्त कर रहे हैं।

### रामदरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजित



**मालपुरा।** फाल्गुन पंचमी रविवार को पुरानी तहसील मालियों की बगीची में नवनिर्मित मंदिर में माली समाज द्वारा रामदरबार व शिव पंचायत सहित राधाकृष्ण व मां दुर्गा,रामभक्त हनुमान जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। राजेन्द्र प्रसाद सैनी ने बताया कि आचार्य रमेश चन्द शास्त्री द्वारा विधि विदान से नवीन मूर्तियों मे समाज के पंच पटेलों की मौजूदगी में मूर्तियां व प्राण प्रवाहित किये गये। नवनिर्मित माली समाज के मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के सुक्ष्म आयोजन में गाईडलाईन की पालना करते हुए मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अध्यक्ष सुखपाल सुईवाल, समाज अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष रामजीलाल गढवाल, समिति सचिव राजेन्द्र माली, कुंजबिहारी सैनी, जगदीश जमोदिया, शंकर लाल भाटिया,रूपनारायण अजमेरा,सुरेश अजमेरा,भंवर सुईवाल,सहित समाज के गणमान्य नागरिको द्वारा नवनिर्मित मंदिर मे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर पुण्य अर्जित किया गया।

### विधायक ने सुनी लोगों की शिकायत

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने अपने भूरी भडाज स्थित निवास स्थान पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और उन्होंने समस्याओं को सुनने के उपरांत सबन्धित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं का तीव्रता से समाधान करें। वही विधायक इंद्राज गुर्जर के द्वारा कहा गया कि क्षेत्रीय समस्याओं को देखते हुए यह जनसुनवाई नियमित रखूंगा और क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को हल करूंगा।जनसुनवाई के अवसर पर पूर्व उप प्रधान श्रवण मास्टर, जवानपुरा सरपंच जय राम पलसानिया, पूर्व सरपंच राजेंद्र गौरसी, पूर्व सरपंच मान सिंह यादव, प्रेम नगर सरपंच प्रति निधि श्रीराम पलसानिया, देवेंद्र शर्मा, सीता राम सिंघल, लीलाराम शेखावत, दशरथ स्वामी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया



**पावटा।** निकटवर्ती श्रीकृष्ण गौशाला बडनगर में संकल्प हरियाली गौसेवा समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत एवं डॉ. पुष्पेन्द्र सराधना का जन्मदिन गौमाताओं के सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संकल्प हरियाली गौसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने मिलकर सदस्यों का जन्मदिन मनाते हुए गौ सवामणी करके गौसेवा कार्य किया। कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र शेखावत एवं डॉ. पुष्पेन्द्र सराधना ने सपरिवार पहुंच गौ सेवा करते हुए गौ वंश व गौ सेवकों के साथ केक काटकर फिजूल खर्चा ना कर गौ सेवा कर पुण्य कमाने का संदेश दिया। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधक गोकुल सारण, संकल्प हरियाली समिति के संयोजक नीरज सैन, संकल्प गौसेवा समिति के संयोजक सुभाष यादव, डॉ.दयाराम राठी, डॉ. अशोक बाज्या, पिंटू बन्ना जयपुर, सीए रमन सैनी, संदीप सैन, गुलशन सैन, राहुल सिंघल, सुशील योगी, मनोज यादव भू.पू.सैनिक, सहित बडनगर गौशाला समिति एवं संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के सभी समानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*उत्तरी सिसिली में पलैरमो के कैपूचिन कैटकोम्ज़ (तहखानों) में 1284 शव संरक्षित हैं, जिनमें 163 शव बच्चों के हैं। एक लड़की रोसालिया लोम्बार्डो की ममी तो विश्व विख्यात है, जो दो वर्ष की उम्र में निमोनिया से मर गई थी। इसे विश्व की सर्वाधिक खूबसूरत ममी कहा जाता है, क्योंकि इसका चेहरा बहुत अच्छी तरह संरक्षित है। अब शोधकर्ता एक्सरे तकनीक से इन मृत बच्चों के जीवन और मृत्यु के बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं। यह नया प्रोजैक्ट स्टैफर्डशायर युनिवर्सिटी की आर्किऑलजिस्ट क्रिस्टी स्क्वायर्स के नेतृत्व में शुरु होगा और इसमें 1787 से 1880 के बीच में मरने वाले 41 बच्चों का विश्लेषण किया जाएगा। इन बच्चों के अवशेष तहखानों में एक चाइल्ड चैपल में रखे हैं। स्क्वायर्स ने बताया, हमें उम्मीद है कि हम उनके विकास, स्वास्थ्य और पहचान को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। इसके अलावा, जिस तरह से शवों को परिरक्षित (ममिफाइ) किया गया और जो कपड़े इन्होंने पहने थे, उससे इनकी संस्कृति के बारे में पता चलेगा। जहाँ, सभी बच्चों ने पूरे कपड़े पहने हुए हैं, कुछ बच्चे पालने में हैं और कुछ कुर्सियों पर। परन्तु इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि ये कौन थे और इन्हें इस तरह से क्यों दफनाया गया था। स्क्वायर्स कहती हैं कि, शव की ममी बनाने की रस्म सिर्फ अमीर लोगों, जैसे सामंतों, मध्यमवर्ग और धर्माधीशों के लिए ही आरक्षित थी, इसलिए यह तो पता चलता है कि ये बच्चे गरीब नहीं थे। कैपुचिन के रोमन कैथलिक भिक्षुओं ने पलैरमो में सन् 1534 में एक मठ बनाया था उन्होंने ही ये तहखाने बनवाए थे। सोलहवीं सदी तक तो वो अपने मृत लोगों को सामूहिक कब्र में दफनाते रहे। जब यह गड्ढा भर गया तो उन्होंने नया मकबरा बनाया और मृत भिक्षुओं के शव वहां स्थानांतरित करने की तैयारी करने लगे, तब भिक्षुओं ने देखा कि जो 45 शव उन्होंने खोदकर निकाले उनके चेहरे पूर्ण संरक्षित थे और पहचाने जा रहे थे, तो उन्हें लगा कि यह दैवीय कृत्य है। भिक्षुकों ने इन शवों को नए मकबरे के तहखाने की दीवारों में बने आलों में प्रदर्शित कर दिया। सन् 1880 तक इन तहखानों का इस्तेमाल होता रहा। धीरे-धीरे यह क्षेत्र पर्यटन स्थल बन गया।*

# हरीश रावत अपने चुनाव लड़ने के मुद्दे पर भारी दुविधा में

## कांग्रेस ने उत्तराखण्ड में 53 उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं लेकिन बाकि बची 17 सीटों में हरीश रावत कहां से चुनाव लड़ेंगे यह तय नहीं हो पा रहा है

नैनीताल, 23 जनवरी (वार्ता)। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर बिसात बिछ गयी है। भाजपा व कांग्रेस की ओर से सैनिकों की घोषणा भी कर दी गयी है लेकिन कांग्रेस के सेनापति हरीश रावत अभी भी रणभूमि में उतरने को लेकर सौ फीसदी तैयार नहीं हैं। वह कहां से चुनाव लड़ेंगे, यह तय नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 2017 के चुनाव की तरह हरिद्वार ग्रामीण से लड़ेंगे या फिर कुमाऊं को अपनी कर्मभूमि बनायेंगे।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को लेकर एकदम तैयार है। उसने धामी को नेता घोषित किया है। भाजपा ने नामांकन से ऐन पहले 59 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर कांग्रेस से बाजी भी मार ली। कांग्रेस की ओर से भी गिरते पड़ते बीती देर रात को 53 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गयी है। पर कांग्रेस अभी भी 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय नहीं कर पायी है। जिन सीटों पर पार्टी उम्मीदवार तय नहीं कर पायी है उनमें नरेन्द्र नगर, टिहरी, देहरादून कैंट, डोईवाला, ऋषिकेश, ज्वालापुर, झबरेड़ा, रूड़की, खानपुर, लक्सर, हरिद्वार ग्रामीण, चौबट्टाखाल, लैंसडॉन, सल्ट, लालकुआं, कालाढूंगी व रामनगर शामिल हैं। यही नहीं खास बात यह है कि सूची में सर्व हरीश रावत, हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हरक सिंह रावत व पार्टी के उपाध्यक्ष रणजीत रावत के नाम शामिल नहीं हैं। हरीश रावत तो खुद पार्टी के सेनापति हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह चुनाव अभियान समिति के प्रभारी हैं। इसके बावजूद वह अपने चुनाव लड़ने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। वह कौन सी सीट से चुनाव लड़ेंगे यह तय नहीं कर पाये हैं। दरअसल हरीश रावत की मुश्किल यह है कि कुमाऊं में जिन सीटों पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, उनमें सभी सीटें वर्तमान में भाजपा के पास हैं। वर्तमान में उनके विधायक हैं। ऐसे में रावत सौ फीसदी सुरक्षित सीट की तलाश में हैं। उन्हें अल्पसंख्यक बहुल सीट की तलाश है।

■ **दरअसल, हरीश रावत की मुश्किल यह है कि, अब बहुत कम सीटें बची हैं तथा कुमाऊं में जिन सीटों पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, उनमें सभी सीटें वर्तमान में भाजपा के पास हैं और वहाँ भाजपा की स्थिति मजबूत है।**

कयास लगाये जा रहे हैं कि रावत के लिये हरिद्वार ग्रामीण व रामनगर सीट सबसे मुफीद हो सकती है लेकिन हरिद्वार ग्रामीण से चुनाव लड़ने पर उनके राजनीतिक विरोधी इसे बड़ा मुद्दा बना सकते हैं।

इसके बाद माना जा रहा है कि रामनगर सीट उनके लिये अधिक फायदेमंद हो सकती है। यहां अल्पसंख्यकों की संख्या यहां अच्छी खासी है लेकिन हरीश रावत को यहां से अपने धुर विरोधी रणजीत रावत से खतरा है। रणजीत रावत, हरीश रावत के लिये आसानी से मैदान खाली कर देंगे इसमें संशय है।

इनके अलावा हरीश रावत के पास कम विकल्प बचे हैं। माना जा रहा है कि अंत में वह लालकुआं से भी भाग्य आजमा सकते हैं लेकिन भाजपा भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने पहले से इस सीट पर अभी पत्ते साफ नहीं किये हैं। ऐसे में हरीश रावत के लिये एक तरफ कुआं तो दूसरी ओर खाई वाली स्थिति हो गयी है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में हरीश रावत दो-दो विधानसभाओं हरिद्वार ग्रामीण व किच्छा से एक साथ चुनाव लड़े थे लेकिन वह दोनों जगह से बुरी तरह से हार गये थे। इसीलिये वह इस बार फूंक-फूंक कर कदम उठा रहे हैं।

### गोवा में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पारसेकर एक वरिष्ठ नेता हैं और राज्य में पार्टी अध्यक्ष रह चुके हैं। वह पार्टी की अन्य समितियों में भी थे और इसलिए उन्हें पता था कि जीतना भी महत्वपूर्ण है।

उनका इस्तीफा महत्वपूर्ण है। उन्होंने पार्टी छोड़ दी है, हालांकि सभी को निर्णय लेने का अधिकार है, उन्होंने कहा कि उन्हें ( तनवड़े) भी एक बार पार्टी का टिकट नहीं दिया गया था लेकिन वह पार्टी के साथ बने रहे।

उन्होंने कहा, पारसेकर को पार्टी से लगभग सब कुछ मिला है। वह पार्टी अध्यक्ष, महासचिव और यहां तक कि मुख्यमंत्री भी रहे , फिर भी उन्हें लगता है कि विधायक होना अधिक महत्वपूर्ण है तो यह उनकी पसंद है।

# करोना के चलते न्यूजीलैंड की प्र.मंत्री ने अपनी शादी रद्द की

## प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने कहा कि, मैं देश से अलग नहीं हूं, अगर प्रतिबंध हैं तो वो मुझ पर भी लागू होंगे

वेलिंगटन, 23 जनवरी (वार्ता)। न्यूजीलैंड करोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया और इसकी वजह से प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डन ने रविवार को अपनी शादी रद्द कर दी।

द गार्जियन ने अखबार ने अर्डर्न के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ओमिक्रॉन ने न्यूजीलैंड में सीमाओं को तोड़ दिया है और समुदाय में फैलना शुरू कर दिया है और इसलिए पूरे देश को उच्चतम स्तर के प्रतिबंधों पर रखा जाएगा।

■ **प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने बताया कि, ऑकलैंड में ओमक्रॉन के 9 मामलों का पता चला है। देश की सुरक्षा के लिए शीघ्र कड़े प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है।**

■ **प्रधानमंत्री अर्डन की शादी क्लार्क गेफोर्ड के साथ होने वाली थी। यह शादी आने वाले हफ्तों में न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप के पूर्वी तट पर गिस्बोर्न में होने वाली थी।**

उन्होंने कहा, "मुझे पता है कि इस तरह के मामलों की संख्या सुनने से लोगों को काफी परेशानी होगी। हम प्रसार को धीमा करने और करोना के मामलों को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।"

उन्होंने बताया कि ऑकलैंड में ओमिक्रॉन के नौ मामलों का पता चला है। उन्होंने कहा कि रविवार की आधी रात को देश को "रेड" अलर्ट के तहत रखा जाएगा।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री अर्डन ने ओमिक्रॉन के प्रकोप के कारण क्लार्क गेफोर्ड के साथ होने वाली अपनी शादी को भी रद्द कर दिया। यह शादी आने वाले हफ्तों में उत्तरी द्वीप के पूर्वी तट पर गिस्बोर्न में होने वाली थी।

उन्होंने कहा, "ऐसा ही जीवन है। मैं कहने की हिम्मत नहीं कर पा रही हूं, न्यूजीलैंड के हजारों लोग, जिन्होंने महामारी के बहुत अधिक विनाशकारी प्रभाव महसूस किए हैं। इनमें से सबसे अधिक परेशानी किसी प्रियजन के साथ रहने में असमर्थता है, मैं गंभीर रूप से बीमार हूं। यह मेरे द्वारा अनुभव किए गए किसी भी दुख से कहीं और अधिक होगा।"

### 'केन्द्र सरकार के हालिया घटनाक्रम'

पणजी, 23 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो जहर बोया था उसे अब काट रही है और यह इसी तथ्य से स्पष्ट है कि इसके नेताओं ने पार्टी को छोड़ना शुरू कर दिया है।

चिदम्बरम ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार एकजुट हैं और पार्टी को राज्य में एक स्थिर सरकार बनाने के लिए बहुमत मिलने का भरोसा है। उन्होंने कहा, गोवा के पिछले इतिहास को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है।

■ **चिदम्बरम ने कहा कि, बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी से गांधी जी की प्रिय धुन को बदलने से देश की आत्मा को चोट पहुंची है।**

कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी और हमें उम्मीद है कि यहां की जनता हम पर विश्वास करेगी। बीटिंग रिट्रीट समारोह की धुनों की सूची से इस बार महात्मा गांधी के पसंदीदा ईसाई भजन 'अबाइड विद मी' को हटाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चिदंबरम ने कहा कि घटनाक्रम से देश के लोगों को चोट पहुंची है।

### श्रीलंका की नौसेना 105 भारतीय जहाज़ों की नीलामी करेगी

रामेश्वरम, 23 जनवरी (वार्ता)। श्रीलंकाई सरकार ने अपनी बंदरगाहों पर खड़े ज़ब्त किये गए भारतीय मछुआरों के 105 जहाज़ों को नीलाम करने का फैसला किया है। यह नीलामी सात से 11 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विकास विभाग के महानिदेशक एस.जे.कहवाट्टा के हवाले से आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां कहा, श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछली पकड़ने वाले इन जहाज़ों को विभिन्न अवसरों पर श्रीलंकाई जल में अवैध रूप से मछलियां पकड़ने के लिए जब्त कर लिया था। कहवट्टा ने कहा कि मत्स्य विभाग कानूनी कार्यवाही समाप्त होने के बाद अगले महीने एक सार्वजनिक नीलामी में करीब 105 भारतीय जहाज़ों का निपटान करेगा। कहवट्टा के अनुसार जब्त किये गई जहाज़ नीलाम करने का निर्णय लिया गया क्योंकि वो या तो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं या प्रयोग करने योग्य नहीं हैं। इसके अलावा ये जहाज़ वर्षों से नौसेना के घाटों में लंगर डाले हुए हैं ।

# चीन आर्मी ने भारतीय युवक के अपने पास होने की बात स्वीकारी

## चीन की आर्मी ने कहा है कि, हमने अरूणाचल प्रदेश से लापता हुए युवक को ढूंढ़ लिया है

नई दिल्ली, 23 जनवरी (वार्ता)। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) ने पुष्टि की है कि उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के लापता युवक को ढूंढ लिया है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

असम के तेजपुर स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पी.आर.ओ.) लेफ्टिनेंट कर्नल हर्षवर्धन पांडे ने रविवार को यह जानकारी दी।

लेफ्टिनेंट कर्नल पांडे ने बताया, युवक इसलिए चीनी सीमा में प्रवेश कर गया क्योंकि इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) की कोई आधिकारिक दीवार या सीमांकन नहीं है, वहां केवल जंगल है। इसके कारण पी.एल.ए. ने उसे हिरासत में लिया है और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार कागजी कार्रवाई की जा रही है। लापता युवक मिराम टारोन की वापसी से पहले की औपचारिकताओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना भी उसी प्रक्रिया का पालन करती है, जब चीनी पक्ष से कोई भारतीय पक्ष में आता है।इससे पहले, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिजियन झाओ ने बीजिंग में एक प्रेस वार्ता में कहा था, मुझे स्थिति की जानकारी नहीं है। चीनी पी.एल.ए. कानून के अनुसार सीमाओं को नियंत्रित करता है और अवैध प्रवेश और निकास गतिविधियों पर नकेल कसता है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद तपीर गाओ ने दावा किया था कि अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में भारतीय क्षेत्र के लुंगटा जोर इलाके से चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) द्वारा युवक का अपहरण किया गया और उसके ठिकाने का पता नहीं था। भारतीय सेना ने हॉटलाइन के माध्यम से चीनी पी.एल.ए. से संपर्क किया था और अपनी तरफ से युवक का पता लगाने और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार उसे वापस करने के लिए उसकी सहायता मांगी थी।

■ **चीन की आर्मी का कहना है कि, हम युवक की भारत वापसी के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही कर रहे हैं।**

सूत्रों ने यह भी कहा कि जब युवक शिकार करने और जड़ी-बूटी इकट्ठा करने के लिए इलाके में गया तो वह रास्ता भटक गया।घटना अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले के लुंगटा जोर इलाके की है। तापीर गाओ ने बताया, एक अन्य युवक जॉनी येइंग पी.एल.ए. के चंगुल से भाग निकला।

# 'मुझे मुस्लिम होने के कारण ब्रिटिश मंत्री पद से हटाया गया'

## ब्रिटेन की सांसद नुसरत गनी ने भेदभाव का आरोप लगाया

लंदन, 23 जनवरी (वार्ता)। ब्रिटेन की संसद की सदस्य नुसरत गनी ने रविवार को आरोप लगाया कि उन्हें मुस्लिम होने के कारण मंत्री पद से हटाया गया था हालांकि ब्रिटेन के मुख्य सचेतक मार्क स्पेंसर ने कंजर्वेटिव सांसद के इस आरोप का खंडन किया है। गनी को 2020 में एक फेरबदल में परिवहन मंत्री पद से हटा दिया गया था। द संडे टाइम्स के अनुसार नुसरत ने कहा कि उन्हें एक सचेतक द्वारा बताया गया था कि डाउनिंग स्ट्रीट की एक बैठक में उनकी मुस्लिम अस्मिता का मुद्दा उठाया गया था। साथ ही बैठक में यह भी कहा गया था कि मुस्लिम महिला का मंत्री होना सहयोगियों को असहज महसूस कराता था। गनी ने आगे कहा कि उन्होंने इस मामले को तब छोड़ दिया जब उन्हें बताया गया कि अगर वह इस मुद्दे को उठाती हैं तो उन्हें बहिष्कृत कर दिया जाएगा और उनका करियर और प्रतिष्ठा नष्ट हो जाएगी। बी.बी.सी. के अनुसार, कंजर्वेटिव चीफ व्हिप मार्क स्पेंसर ने खुद को वह व्यक्ति बताया है जिसके बारे में नुसरत गनी ने दावा किया है। यह आरोप पूरी तरह से असत्य हैं। स्पेंसर ने ट्विटर पर कहा, यह निराशाजनक है कि जब गनी के सामने इस मुद्दे को उठाया गया तो उन्होंने इस मामले को औपचारिक जांच के लिए कंजर्वेटिव पार्टी को भेजने से मना कर दिया।

■ **गौरतलब है कि, नुसरत गनी को 2020 में एक फेरबदल में परिवहन मंत्री पद से हटा दिया गया था।**

# नया सहयोगी मिलने के बाद असम में भाजपा और मजबूत हुई

गुवाहाटी, 23 जनवरी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि विपक्षी बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बी.पी.एफ.) अब से राज्य विधानसभा के भीतर सत्तारूढ़ भाजपा और उसके अन्य गठबंधन सहयोगियों का हिस्सा होगा।

बता दें कि बी.पी.एफ. और बीजेपी ने 2020 में बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बी.टी.सी.) के चुनाव के दौरान रास्ते अलग कर लिए थे। जबकि बीजेपी ने बी.टी.सी. में सत्ता में आने के लिए यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यू.पी.पी.एल.) के साथ हाथ मिलाया और 2021 के विधानसभा चुनावों में गठबंधन जारी रखा, वहीं बी.पी.एफ. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा बन गया। विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद बी.पी.एफ. ने खुद को कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग कर लिया था।

सरमा ने कहा, "मौजूदा राजनीतिक माहौल को ध्यान में रखते हुए और विधायिका में विधेयकों को सुचारू रूप से पारित करने के लिए उचित विचार-विमर्श के बाद हमने राज्य विधानसभा के अंदर एक मित्र पार्टी के रूप में बी.पी.एफ. का स्वागत करने का फैसला किया है।" सी.एम. सरमा ने कहा कि अब से बी.पी.एफ. विधायक विधानसभा में ट्रेजरी बेंच का हिस्सा होंगे। यह समझौता बी.पी.एफ. विधायक दल के साथ है और विधानसभा तक ही सीमित है और हम पार्टी के साथ किसी भी राजनीतिक समझौते पर नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि इस कदम से पहले यू.पी.पी.एल. की सहमति ली गई थी। इसके साथ ही 126 सदस्यीय राज्य विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन की ताकत बढ़कर 81 (बीजेपी-62, यू.पी.पी.एल.-7, असम गण परिषद-9 और बी.पी.एफ.-3) हो गई, जबकि विपक्ष की संख्या 44 हो गई। एक सीट खाली पड़ी है।

■ **बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने भाजपा के साथ हाथ मिलाया।**

सरमा ने प्रतिबंधित यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के बहिष्कार का आह्वान नहीं करने के कदम का स्वागत किया।

# कर्नाटक में एक ही दिन में करोना के 50 हजार नये मामले सामने आये

## पिछले दिनों गृह मंत्री की पदयात्रा में तैनात हुए 60 प्रतिशत पुलिसकर्मी कोविड पॉज़िटिव पाये गये हैं

नई दिल्ली, 23 जनवरी। देश में करोना संक्रमण के मामले पिछले तीन दिनों से लगातार कम हो रहे हैं। परंतु, अगर हम पिछले सात दिन की बात करें तो इस दौरान संक्रमण के मामले 33 प्रतिशत बढ़े हैं जबकि मौतों में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस दौरान दुनियाभर में संक्रमण के मामलों में आठ प्रतिशत और मौतों में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, रविवार शाम जारी हुए आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटों के अंदर करोना के 9,197 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 13,510 रिकवरी और 34 मौतें दर्ज की गईं हैं। दिल्ली में पाजिटिविटी रेट 13.32 और सक्रिय मामले 54,246 हैं।

कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के अंदर करोना के 50,210 नए मामले आए और 22, 842 मरीज ठीक हुए हैं। पिछले 24 घंटों में करोना से 19 लोगों की मृत्यु हुई है। राज्य में करोना के सक्रिय मामले 3 लाख 57 हजार 796 (3,57,796) और पाजिटिविटी दर 22.7 प्रतिशत है। कर्नाटक के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने राज्य में कोविड के प्रसार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए रविवार को आरोप लगाया कि मेकेदातु पदयात्रा में तैनात 60 प्रतिशत पुलिसकर्मी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं।

ज्ञानेंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि मेकेदातु पदयात्रा में तैनात किए गए 60 प्रतिशत पुलिसकर्मियों के कोविड संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उनके परिवार भी वायरस की चपेट में हैं। कोलार, तुमकुरु, मांड्या, रामनगर और हासन जिलों में हजारों लोग कोविड से संक्रमित हुए हैं। कांग्रेस की पदयात्रा राज्य में कोविड 'सुपर स्प्रेडर' साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कांग्रेस से लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पदयात्रा स्थगित करने का अनुरोध किया था, लेकिन उसने इसे आगे बढ़ा दिया, जिससे यह प्रतिष्ठा का मुद्दा बन गया और अब कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार आरोप लगा रहे हैं कि कोविड को अनुबंधित करने वाले 60 प्रतिशत पुलिसकर्मियों के आंकड़े फर्जी हैं।

उन्होंने कहा , शिवकुमार एक अनुभवी नेता हैं और पहले भी मंत्री रह चुके हैं। वह जानते हैं कि आंकड़े कैसे आते हैं। यह एक आदमी का काम नहीं है, बल्कि कई विशेषज्ञ और लोग इसमें शामिल होते हैं। अगर कांग्रेस नेता के पास कोई दस्तावेज है, तो उन्हें सरकार के सामने पेश करें। फिर हम इस पर गौर करेंगे।

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आज 2,550 नए कोविड मामले दर्ज किए गए और यहां सक्रिय मामले 19,808 हैं। गुजरात में पिछले 24 घंटों के अंदर 16,617 नए मामले सामने आए और 19 लोगों की मौत हुई। राज्य में सक्रिय मामले 1,34,000 के पार हो गए हैं।

जम्मू-कश्मीर में 6,253 नए कोविड मामले सामने आए। जम्मू में 1,754 और कश्मीर में 4,499 मामले दर्ज किए गए। केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 42,866 है। 22 जनवरी को बिहार में 2,768 नए कोविड मामले सामने आए और 2 मौतें दर्ज की गई; राज्य में सक्रिय मामले 17,848 हैं। आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों के अंदर करोना के 14,440 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान राज्य में 3,969 रिकवरी और 4 मौतें दर्ज की गई। राज्य में अब करोना के कुल सक्रिय मामले 83,610 हैं।





*हॉलीवुड के विख्यात अभिनेता लिओनार्डो डीकैप्रिओ लम्बे अर्से से पर्यावरण के लिए बहुत मुखर रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत काम किया है। वैज्ञानिकों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए गंभीर रूप से संकट ग्रस्त एक पादप (प्लांट) का नाम उनके नाम पर रखा है। यह इस वर्ष का पहला पौधा है जिसका वैज्ञानिकों ने नामकरण किया है। कैमरून के एबो फॉरैस्ट में पाया जाने वाला यह एक सदाबहार वृक्ष है और इसका नाम रखा गया है युवैरिऑप्सिस डीकैप्रिओ। चमकीली हरी-पीली पत्तियों वाला यह वृक्ष 13 फीट तक लम्बा हो जाता है। शोधकर्ताओं ने ट्रॉपिकल एबो फॉरैस्ट को बचाने का श्रेय डीकैप्रिओ को दिया। यू.के. के रॉयल बॉटैनिकल गार्डन, क्यू, के शोधकर्ताओं ने इस वृक्ष का अध्ययन किया तथा शोध लेखक मार्टिन चीक ने कहा कि "गत वर्ष एबो के संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान में लिओ ने हमारी जो सहायता की हम उसकी सराहना करते हैं इसलिए उनके सम्मान में हमने इस वृक्ष, जो सिर्फ इसी जंगल में मिलता है, का नामकरण उनके नाम पर किया है।"*

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908